

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 059 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 12 दिसम्बर 2022 http://samajjagran.in पेज:12 मूल्य 05 रुपया


## बीजेपी की अहम बैठक आज, निकाय चुनावों में जीत को लेकर बनेगी रणनीति




लखनऊ। उपचुनाव के बाद उत्तर प्रदेश में होने वाले नगर निकाय चुनाव 2022 को लेकर प्रदेश बीजेपी सक्रिय हो गई है, रविवार को राजधानी लखनऊ में बीजेपी की एक अहम बैठक होने वाली है, जहां निकाय चुनाव को लेकर मंथन किया जाएगा, साथ ही जीत की रणनीति बनेगी। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह समेत निकाय चुनाव के प्रभारी व पार्टी के अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बताया कि आज नगर निकाय चुनाव को लेकर बैठक हो रही है. पार्टी में राष्ट्रीय नेतृत्व से मिले निदेशों को हमेशा नीचे तक पहुंचाए जाने का काम किया जाता है. ऐसे में राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा जो निर्देश दिए गए हैं, उनको मंडलवार और जिलेवार पदाधिकारियों तक पहुंचाए जाने के संबंध में आज बैठक की जा रही है. साथ ही निकाय चुनाव को लेकर आगे के कार्यक्रमों की रणनीति भी तय की जाएगी.

### जीत की रणनीति पर होगा मंथन

मिल रही जानकारी के मुताबिक आज बीजेपी मुख्यालय होने वाले बैठक में निकाय चुनाव में प्रत्याशी चयन से लेकर जीत की रणनीति पर मंथन किया जाएगा. इसके साथ ही 17 नगर निकायों में मेयर पद के प्रत्याशियों को भी लेकर चर्चा होगी. इतना ही नहीं पार्टी कार्यकताओं से फीडबैक भी लिया जाएगा, ताकि निकाय चुनाव को मजबूती से लड़ा जा सके.

## शहीदों को नमन कर बागी बलिया की धरती से निकली 'भारत जोड़ो यात्रा'

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**

बलिया : राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा चलाए जाने के समर्थन में उत्तर प्रदेश में भी कई भागों में भारत जोड़ो यात्रा चलाई जा रही है। इसी क्रम में पूर्वी जोन अध्यक्ष



विधायक वीरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में 11 दिसंबर को बलिया भारत जोड़ो यात्रा आई सर्वप्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद मंगल पांडेय के मूर्ति पर माल्यार्पण कर जनसभा कर पद यात्रा की शुरूआत की गई।

पदयात्रा स्व. जगरनाथ चौधरी की मूर्ति, मंगल पांडेय, तारकेश्वर पांडेय की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी भवन पहुंची। यात्रा का आमजन ने जगह-जगह स्वागत किया। पूर्वी जोन के अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि हम भारत जोड़ो नफरत छोड़ो के नारे के साथ देश से जातिवाद भेदभाव मिटाने के लिए सामाजिक समरसता कायम करने के लिए सब को एक दूसरे से जोड़ने के लिए और बड़ी हुई महंगाई बेरोजगारी के खिलाफ सड़क पर संघर्ष कर रहे हैं ओमप्रकाश पांडेय जिला अध्यक्ष ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा अपने आप में एक इतिहास कायम करेगा और आने वाले समय में आताताई सरकार को उखाड़ फेंकने में मील का पत्थर साबित होगा प्रदेश महासचिव मनिंदर मिश्रा ने कहा कि आमजन के अलावा महिलाओं किसानों एवं नौजवानों बेरोजगारों का लगातार समर्थन बढ़ता जा रहा है देश की सरकार से जनता ऊब चुकी है वक्त आ गया है कि एक इतिहास कायम किया जाए यात्रा में लगभग 200 यात्री बस और छोटी बहनों के साथ सफर कर रहे हैं ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश की भी हालात काफी खराब है जनता सरकार के खिलाफ आक्रोश में है हम सिर्फ जोड़ने का काम करते हैं हम तोड़ने का और सौहार्द बिगाड़ने का कार्य नहीं करते आज के पदयात्रा में मुख्य रूप से कैलाश चौहान सचिव राजेंद्र चौधरी विनोद सिंह सच्चिदानंद तिवारी, बृजेश गाट, गीता गोयल , जनार्दन यादव उमाशंकर पाठक ,ओम प्रकाश तिवारी,ओमलता , मदन यादव, जैनेन्द्र कुमार पाण्डेय, रूपेश चौबे हृदयानंद पांडेय,अजीत धुसिया विशाल चौरसिया,बैजनाथ राम ,संतोष चौबे,फूल बदन तिवारी, मुन्ना उपाध्याय विकी सिंह ओम प्रकाश सिंह अंजनी चौबे, विवेक ओझा,अभिजीत सिंह,अनुभव गोलू विवेक तिवारी,राजा , संतोष गोयल मुखिया पांडेय, रामेश्वर तिवारी,हरिकेन्द्र सिंह, पी एन शुक्ला उषा सिंह ,सूर्यकांत यादव अतुल प्रकाश यादव ,रामधनी सिंह,रघुवीर आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन शॉपिंग से दुकानों पर पड़ा प्रभाव

### आनलाइन शापिंग से छोटे-मझोले कारोबार से जुड़े कारोबारियों पर रोजी रोजगार को लेकर सता रही चिंता

**एस.पी.तिवारी, दैनिक समाज जागरण**

सिंगाही-खीरी।अपनी जरूरत के सामान की ऑनलाइन खरीदारी के चलते दुकानदारों का व्यवसाय दिन प्रतिदिन धड़ाम होता जा रहा है। इससे छोटे-मझोले कारोबार से जुड़े



कारोबारियों पर उनकी रोजी रोजगार को लेकर चिंता सता रहा है।

ऑनलाइन शॉपिंग बाजार में मजबूती से अपना पांव जमाता जा रहा है। इससे एक जगह पर सीमित दुकानदारों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है वहीं खुदरा और असंगठित क्षेत्र में हजारों लोगों के रोजगार पर खतरा पैदा हो गया है। मुख्य त्यौहार में से कुछ के खत्म होने के बाद मांगलिक कार्य के सीजन शुरू हो चुके हैं। नामी गिरामी कंपनियां नए लोगों की भर्ती कर ऑनलाइन मार्केटिंग के जरिए उपभोक्ताओं को उनकी मांग के अनुसार उनकी जरूरत के सामान को पूरी करने में लग जाती हैं।खासकर मोबाइल, कपड़े, मशीनों से लेकर किराना स्टोर पर मिलने वाली रोजमर्रा की वस्तुएं तक शामिल होती हैं खुदरा व्यापारी दुकानों में बैठे ग्राहक के इंतजार में रह जाता है।

ऑनलाइन मार्केटिंग दिन प्रतिदिन बाजार में अपना पैर जमाता जा रहा है।एक जगह दुकान खोलकर अपना कारोबार करने वाले कारोबारियों पर इसका बुरा प्रभाव है। यह चिन्ता का विषय है।

**(दिनेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष नगर उद्योग व्यापार मंडल)**

मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के सामानों के बारे में तो पूछना नहीं है क्योंकि ऑनलाइन मार्केटिंग ने सबसे अधिक इसी को प्रभावित किया है। दिन प्रतिदिन इसकी दुकानदारी कम होती जा रही है। क्योंकि ग्राहक दुकानों पर आना कम करते जा रहे हैं। वह ऑनलाइन मार्केटिंग के जरिए अपने सामानों को मंगा ले रहे हैं।

**(रविकांत जायसवाल, मोबाइल व इलेक्ट्रानिक कारोबारी)**

जो बिक्री पहले के समय दुकान से होती थी अब वह नहीं रह गई है। व्यवसाय काफी हद तक मंदी के दौर से गुजर रहा है। किसी तरीके से पारिवारिक खर्चा चल जा रहा है।आने वाले समय में यही हाल रहा तो भुखमरी की स्थिति से गुजरना पड़ेगा।

**(जावेद अहमद,कपड़ा व्यवसायी)**

ऑनलाइन मार्केटिंग के चलते दिन प्रतिदिन इसका सीधा प्रतिकूल प्रभाव दुकानदारी पर है। क्योंकि किराना दुकान से मिलने वाले सामान भी ऑनलाइन मार्केटिंग के जरिए उपलब्ध होने लगा है। इसका प्रभाव दुकान खोलकर बैठे दुकानदारों पर पड़ेगा।

**(सौरभ गुप्ता-किराना व्यवसायी)**

## फार्मासिस्ट की फंसी गर्दन, लटक रही कार्रवाई की तलवार

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : रतनपुरा सीएचसी के स्टोर रूम पर पिछले चार माह से बंद ताले के मामले में फार्मासिस्ट की गर्दन फंसती नजर आ रही है। फार्मासिस्ट ने अपने स्थानांतरण के बाद भी स्टोर का चार्ज किसी को नहीं दिया था। रविवार को सीएमओ डा. नरेश अग्रवाल के निरीक्षण के दौरान जानकारी मिलने पर स्टोर का ताला तोड़वाया गया था। वहीं सीएचसी सूत्रों की मानें तो प्रभारी ने भी इसकी लिखित शिकायत कभी उच्चाधिकारियों से नहीं की थी। विभाग द्वारा फार्मासिस्ट धनंजय तिवारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। साथ ही कड़ी कार्रवाई के अन्य साक्ष्य जुटाए जा रहे है।

रतनपुरा सीएचसी पर तैनात फार्मासिस्ट वहां पर पिछले कई वर्षों से तैनात था। शासन के आदेश पर 30 जून को स्थानांतरण का आदेश जारी किया गया। आदेश जारी होने के लगभग एक माह बाद 25 जुलाई को फार्मासिस्ट को प्रतापगढ़ के लिए रिलीव किया गया। उस समय फार्मासिस्ट धनंजय तिवारी सीएचसी के स्टोर को इंचार्ज थे। सीएचसी सूत्रों का कहना है कि रतनपुरा सीएचसी पर तैनाती के दौरान फार्मासिस्ट की धमक गूंजती थी। प्रभारी भी फार्मासिस्ट के मामले में हस्तक्षेप से हिचकते थे। फार्मासिस्ट द्वारा बनाए जाने वाले दवाओं के इंडेंट पर बिना किसी पूछताछ के सीएचसी प्रभारी द्वारा हस्ताक्षर कर दिया जाता था। बाकी उन दवाओं का कहा और कितना प्रयोग है, इसका सिर्फ कागजी कोरम पूरा होता था। फार्मासिस्ट के धमक का प्रभाव ही था कि स्थानांतरण के चार माह बाद भी उसने स्टोर का चार्ज किसी को देना मुनासिब तक नहीं समझा और प्रभारी द्वारा भी कभी इस बारे में उच्चाधिकारियों को जानकारी नहीं दी गई। अब स्टोर रूम सहित अन्य चार कमरों का ताला तोड़ने के बाद सभी दवाओं का मिलान हो रहा है। हालांकि विभाग द्वारा फार्मासिस्ट के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है, लेकिन कड़ी कार्रवाई के लिए और भी साक्ष्य जुटाए जा रहे है।

स्टोर रूम सहित अन्य सभी कमरों की सभी दवाओं व उपकरण की सूची बनाकर जांच टीम को सौंप दिया गया है। कई माह से रखी दवाओं में कुछ एक्सपायर भी है, जबकि अन्य उपकरण भी खराब मिले है।

**- प्रतापगढ़ स्थानांतरण के बाद नहीं दिया था स्टोर का चार्ज**

**- सीएमओ के निरीक्षण में खुली थी पोल, साक्ष्य में जुटा महकमा**

**- डा. हंसराज सोनी, सीएचसी प्रभारी**

जांच की प्रक्रिया जारी है, मरीजों को दी जाने



वाली दवाओं तथा उपकरण के दुरुपयोग गंभीर मामला है। संबंधित के खिलाफ कार्रवाई तय है।

**- डा. नरेश अग्रवाल सीएमओ**

## दो दिवसीय विचार-मंथन सत्र भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण और सुधार में योगदान देगा

**लखनऊः 11 दिसम्बर, 2022**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी और केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ0 मनसुख मंडाविया ने आज वाराणसी में आयोजित स्वास्थ्य मंत्रियों के दो दिवसीय सम्मेलन के समापन समारोह को सम्बोधित किया। यह कॉन्क्लेव यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे-2022 के अवसर पर आयोजित किया गया था। इस आयोजन का विषय ह्यबिल्ड द वर्ल्ड वी वॉन्टः ए हेल्दी फ्यूचर फॉर ऑलह्ण रहा।




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी 11 दिसम्बर, 2022 को जनपद वाराणसी में यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज डे–2022 के अवसर पर आयोजित कॉन्क्लेव के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी भगवान शिव की नगरी है और शिव का अर्थ है-कल्याण। भगवान धनवन्तरि की जन्मभूमि एवं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की कर्मभूमि काशी कल्याण की नगरी है। आध्यात्मिक राजधानी काशी सांस्कृतिक भावभूमि के साथ हम सभी को अपनी पुरातन परम्परा के साथ जोड़ने की नगरी है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आज काशी स्मार्ट नगरी के रूप में विकसित हो रही है। काशी की संकरी गलियां 2-लेन एवं 4-लेन में बदल चुकी हैं। काशी की कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। आज काशी देश और दुनिया के सामने अपनी पुरातन काया को एक नए कलेवर में प्रस्तुत कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा उद्देश्य सदैव से ह्यसर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाह्ण का रहा है। जाति, मजहब, क्षेत्र, भाषा से इतर हमने सदैव सबके सुख और आरोग्यता की कामना की है। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस इसका एक उदाहरण है। भारत की योग परम्परा के लगभग 200 देश अनुगामी बने हैं। देश को हेल्थ एण्ड वेलनेस के क्षेत्र में असीम सम्भावनाओं के साथ दुनिया में देखा जा रहा है। इन सम्भावनाओं पर कार्य करने की आवश्यकता है। हेल्थ एण्ड वेलनेस के चार स्तम्भों में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर, आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शामिल हैं। इन चारों स्तम्भों में भारत के प्रत्येक नागरिक की आरोग्यता की कामना की गई है।

मुख्यमंत्री ने कोविड महामारी के प्रबन्धन में भारत की सफलता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत ने कोविड प्रबन्धन और टीकाकरण के लिए दुनिया को एक उत्कृष्ट मॉडल दिया है। उन्होंने कहा कि जब दुनिया भर में लोगों ने सरकारों द्वारा लगाए गए प्रतिबन्धों का विरोध किया, भारत में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में, 140 करोड़ लोगों द्वारा कोविड दिशा-निर्देशों और नियमों का उत्साहपूर्वक पालन किया गया। उन्होंने कहा कि भारत ने महामारी को अपने स्वास्थ्य ढांचे में तेज गति से सुधार करने के अवसर के रूप में लिया। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि भारत ने गुणवत्तापूर्ण टीके बनाए हैं, जिनकी प्रभावशीलता पूरी दुनिया में साबित हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विगत 08 वर्षों से आरोग्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। देश में स्वास्थ्य क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। 01 लाख से अधिक हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर पूरे देश में स्थापित किए गए हैं। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के अन्तिम व्यक्ति तक बिना भेदभाव के स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करायी जा रही हैं।

## थाना फेस 1 नोएडा पुलिस द्वारा अवैध रुप से सब्जी व फल विक्रेताओ से रंगदारी वसुली करते हुए फर्जी पत्रकार को मय परिचय पत्र के मौके से किया गया गिरफ्तार ।

थाना फेस 1 पुलिस द्वारा दिनांक 10.12.2022 को अवैध रुप से सब्जी व फल विक्रेताओं से रंगदारी वसुली करते हुए फर्जी पत्रकार आशय पोरवाल पुत्र जगदीश नारायण पोरवाल नि0 आर/सी987 वंदना एन्कलेव खोडा थाना खोडा जिला गाजियाबाद को मय परिचय पत्र के सै0 9 बिजलीघर के पास से गिरफ्तार किया गया है, जो सेक्टर 9 बिजलीघर के पास सडक किनारें सब्जी व फलों के ठेला व फड लगाने वाले व्यक्तियों से अवैध रुप से अपने को आज का सच न्यूज चैनल का पत्रकार बताकर प्रतिमाह रंगदारी वसूल रहा था, जिसको मय आज का सच के



पत्रकार के परिचय पत्र के साथ सेक्टर 9 बिजलीघर के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिसके सम्बन्ध मे थाना फेस 01 पर मु0अ0सं0 611/22 धारा 384 भादवि पजीकृंत किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -
अभि0 आशय पोरवाल पुत्र जगदीश नारायण पोरवाल नि0 आर/सी987 वंदना एन्कलेव खोडा थाना खोडा जिला गाजियाबाद उम्र 59 वर्ष

## आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेशों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर एवं जिलाधिकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग निरंतर एक्शन में।

अवैध शराब को लेकर आबकारी विभाग एवं पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में चलाया गया गहन सर्च अभियान। 45 टेट्रा पैक ट्विन टावर ब्रांड के बरामद होने पर सतीश पुत्र सोनपाल सिंह को गिरफ्तार कर भेजा जेल।

आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेशों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एवं जिला अधिकारी सुहास एल0वाई0 के नेतृत्व में जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं अवैध शराब के व्यापार के विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध

**बैठकी**

## "आतंकवाद से भी खतरनाक जातिवाद-18"

ए सरजी, आजादी के बाद हमारे देश के विकास को वो गति नहीं मिली जो हमें मिलना चाहिए था दुसरे शब्दों में विकास के उन सोपानों को हम नहीं प्राप्त कर पाये जिसे कब का हासिल हो जाना चाहिए था! तो इसके पिछे कौन से कारण रहे जिसमें सुधार की अपेक्षा करनी चाहिए! --- मास्टर साहब ने बैठते हीं मंशा प्रगट कर दी! अर्थात सार्थक बहस की अपेक्षा रखते हैं!


पढिये पेज नं-2 पर



मन की बात समाज जागरण के साथ

समाज जागरण NEWS

आप अपने मन की बात एक फोटो के साथ दें हम उसे प्रमुखता से समाज जागरण में प्रकाशित करेंगे

7489697916
vatankiawaz@gmail.com
ojha.jagran@gmail.com

रमन कुमार झा
संपादक

बैठकी

# "आतंकवाद से भी खतरनाक जातिवाद-19"

हर दिन की तरह मैं बैठकी के सदस्यों का इंतजार कर रहा था! सात बज गये लेकिन अभी तक कॉलबेल की आवाज नहीं.... अभी सोंच हीं रहा था कि घंटी घनघना उठी! जाकर दरवाजा खोला तो सदस्य गण खड़े थे! मैं एक ओर हट गया और सभी बैठकखाने में......!

ए सरजी, बड़ा जबरदस्त लगन चल रहा है! मैं कल पंडित रामलाल त्रिपाठीजी के लड़के के तिलक समारोह में आमंत्रित था! खाने के वक्त देखा कि क्या पंडित, क्या छोटी जाति के, सभी एक साथ भोजन कर रहे थे! बुफे सिस्टम था! एक हीं टेबल पर तथाकथित अछूत कही जाने वाली जाति के और सबर्ण, खाना खा रहे थे! मुझे तो वहाँ कहीं जाति- पाती का लफड़ा नहीं दिखाई पड़ा!
संयोग से आरजेडी का एक नेता मिल गया जो इलेक्शन के वक्त बड़ा जातिवाद की हवा दे रहा था!
मैं बोला- क्या नेताजी! मैंने देखा कि आप, जाति का दुसाध होकर पंडितों की पंगत में बैठे, खाना खा रहे थे! वहाँ आपको अछूत जानकर लोगों ने भगाया नहीं!! चुनाव के दौरान तो आप छूआछूत पर छोटी जातियों को सवर्णों के खिलाफ बड़ा घृणात्मक भाषणबाजी करते थे!! पहले तो मेरा प्रश्न सुनकर वो भटभटाया फिर धीरे से बोला--"ए मास्टर साहब, उ सब राजनीतिक बात है! चुनाव के वक्त वोट बैंक को मोटिवेट करने का तरीका है! वैसे सच तो यही है कि अब हमारे समाज में ये सब थोड़े हीं रह गया है!!"
उसकी बात सुनकर मैं किंकर्तव्यविमूढ़ हो गया! भला बताईये, ये नेता सब अपने सत्ता के स्वार्थ में समाज का अहित करने से भी नहीं चूकते!! --- साहब दुखी लगे!

मास्टर साहब, ऐसे नेताओं से जनता को सवाल करना चाहिए ! अभी भी अधिकांश लोग जातिगत भावनाओं से उपर नहीं उठे हैं और उसमें इमानदारी से देखा जाय तो सवर्णों के बाद की जातियाँ अधिक हैं! अब तथाकथित निची जातियाँ जातिवाद का समर्थन सामाजिक भेदभाव को लेकर नहीं करतीं बल्कि जाति के नाम पर प्राप्त होने वाले, अन्य सुवाधाओं की निरंतरता के लिए! --- सुरेन्द्र भाई अपनी बात बल देकर बोले!

**एकदम परफेक्ट बात बोलनिहां सुरेनदर चाचाजी! ---- मुखियाजी साथ दिये!**

तथाकथित छोटी जाति वाले सबर्णों को दोष देते हैं! मैं एक दिन मायावती की पार्टी- बहुजन समाज पार्टी के नेता से पुछा कि नेताजी, जाति-पाति कैसे खत्म होगा तो बोला- अंतजार्तीय विवाह से !तो मैं बोला- ए नेताजी, आप चमार जाति से हैं और मैं जानता हूँ कि आपकी लड़की व्याहने को है! चलिये एक धोबी का लड़का बीडीओ के पद पर है, मैं आपकी लड़की का व्याह वहाँ सेट करा देता हूँ! तो बोला कि इ कैसे होगा! हम धोबी से शादी नहीं कर सकते! तो हमने कहा कि- तो तुम




जातिवाद तोड़ने के लिए अंतजार्तीय विवाह नहीं करोगे लेकिन सबर्णों को शिक्षा दोगे! बस तुरंत मेरे सामने से हट गया! --- कहकर मास्टर साहब हंस दिये!

अच्छा, आपलोग बताईये!! --- जातिगत व्यवहार या छूआछूत आपने, होटलों या रेस्टोरेंट में देखा है!!, बस या ट्रेन में देखा है!!, हवाई जहाज में देखा है!!, राशन की दुकान पर देखा है!!, किसी विवाह समारोह में खाने के क्रम में देखा है!!, स्कूल, कॉलेज में देखा है!!, खेत, खलिहानों में देखा है!!, किसी दुकान पर देखा है!!, किसी बिजनेस, व्यापार में देखा है!!, प्राईवेट कल, कारखानों में देखा है!!, किसी चम्पाकल या कुंए पर देखा है!! पढ़ाई के किसी खास कोर्स में देखा है!! बाजार या मॉल में देखा है!!
नहीं देखा न!! लेकिन हमने देखा है---- हमारे देश के सर्वप्रभुता संपन्न लोकतांत्रिक गणराज्य की स्थापना की पवित्र पुस्तक- भारत के संविधान में, हमने देखा है- सरकारी नौकरियों में, हमने देखा है प्रदत्त सभी सरकारी सुविधाओं में, हमने देखा है- भारत के तकनीकी एक अन्य श्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थानों में, हमने देखा है, हमने देखा है- गरीबों के लिये प्रदत्त कल्याणकारी योजनाओं में, हमने देखा है-- सबर्णों को प्रताड़ित करने हेतु बनाये गये, एसटी/ एससी एक्ट में, हमने देखा है-- भारत के विभिन्न राजनीतिक दलों और नेताओं के मुख में, हमने देखा है----अभी डा. पिंटूजी बोलते तभी बीच में उनकी बातों को काटते हुए उमा काका, बोल पड़े ----"बस, बस, आपने जो भी कहा बिलकुल नंगा सच कह दिया है! लेकिन क्या कहा जाय, स्वार्थ में सभी अंधे हो गये हैं! अब उ सुधाकर चौबया को लिजिये -- पता चला कि अभाव में बेचारा फुस का मड़यी लगा कर और किसी तरह मजदूरी करके, अपनी विधवा बहु और नन्हें पोता का पोषण करता था! बिमार पड़ा और सही चिकित्सा के अभाव में मर गया! ब्राह्मण होने के चलते उसे किसी प्रकार की सरकारी सहायता नहीं मिली! न सरकारी आवास सुविधा न राशन सुविधा! न वृद्धापेंशन सुविधा, मुखिया, सरपंच भी पिछड़ी जाति के हैं सो ब्राह्मण होने का विष पीते रहे! ---- सुरेन्द्र भाई, द्रवित हो उठे!

छोड़िये न! ये जो एससी/एसटी एक्ट बना है उसके तहत जितने भी केस हुए हैं उसमें अधिकांश फर्जी पाये गये हैं! सच तो ये है कि यह एक्ट, सबर्णों को ब्लैक मेल करने का , एक हथियार साबित हो रहा है! देखा नहीं आप लोगों ने, जब भारत के चीफ जस्टिस आदरणीय दिपक मिश्रा ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान, इस एक्ट में प्रथम दृष्टया गिरफ्तारी पर रोक लगाने संबंधी संशोधन कर दिया था तो सारे विपक्षी पार्टियां दलित और जनजातीय वोट बैंक को अपनी ओर आकर्षित करने हेतु,2 अप्रैल 2018 को भारत बंद किया था जिसमें करीब 11-12 लोग मरे भी थे! जबकि इसके विरोध में सबर्ण भी 10 अप्रैल 2018 को भारत बंद, आंदोलन किया था! दलित और जनजाति के समर्थन में, विपक्षियों के एसटी/एससी एक्ट में संशोधन के विरुद्ध किये गये आंदोलन से भाजपा सरकार डर गयी और तुरंत लोकसभा और राज्यसभा से बिल पास कर, चीफ जस्टिस के संशोधन को निरस्त कर दिया! वोट की राजनीति के चलते हीं भाजपा,इस अन्याय पूर्ण एक्ट को पूर्वत रखने को मजबूर हुई! --- मैं भी बहस में सरीक हुआ!

ठीक कह रहे हैं सर, उसी समय राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ का एसेम्बली चुनाव आ गया! सबर्ण तो भाजपा से खार खाये हीं थे सो सबर्णों ने भाजपा को वोट न देकर नोटा का बटन दबाया! नतिजतन तीनों राज्यों में भाजपा हार गयी! अब 2019 में एमपी का इलेक्शन था इसलिए कहीं इसमें भी सबर्ण नोटा न चला दे इसलिये आनन- फानन में सबर्णों को खुश करने के उद्देश्य से * आर्थिक आधार पर गरीब सामान्य वर्ग के लिए 10% आरक्षण* का प्रवधान बनवायी! ----डा. पिंटूजी टेबल पर हाथ पटके!

देखिये इसमें भी भाजपा चालाकी चली! प्रचार करवायी कि सबर्णों को मोदी सरकार ने 10% आरक्षण दिया है जबकि ये सामान्य के लिए है सिर्फ सबर्णों के लिए हीं नहीं!! -- मैंने स्पष्ट किया!

खैर जो भी हो यहाँ सभी धर्म और जाति के सदस्य भारत के नागरिक हैं तो कानून के हिसाब से सभी को समान अवसर और सुविधा प्राप्त करने का अधिकार होना चाहिए! न कि किसी खास वर्ग को दुसरे को प्रताड़ित करने हेतु! अच्छा आज इतना हीं, अब चला जाय! कहकर उमाकाका उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!



**प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक ( समाजशास्त्री)**

# साास से दो कदम आगे एक बहू

ग्वालियर के सिंधिया घराने की बहू श्रीमती प्रियदर्शिनी राजे अचानक अपने महल से बाहर निकल कर नगर-वासियों के बीच पहुंची तो अखबारों और चैनलों की सुर्खी बन गईं।वे 28 साल पहले ग्वालियर में बहू बनकर आईं थीं।और अचानक उन्होंने अपने लिए शायद नयी भूमिका चुन ली है।
नई इसलिए क्योंकि जिस तरह से उन्होंने सार्वजनिक जीवन में ' एन्ट्री ' मारी है ,उस तरीके से सिंधिया परिवार की कोई और महिला सक्रिय नहीं हुई।
श्रीमती प्रियदर्शिनी राजे 1994 में सिंधिया परिवार में शामिल हुईं थीं।वे आज के केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पत्नी बनकर बड़ौदा से ग्वालियर आईं थीं। पिछले 28 साल से वे महल में ही सीमित हैं।जय विलास पैलेस म्यूजियम के अलावा महल के दीगर मामलों का प्रबंधन उनके हाथ में है। वे सिंधिया परिवार की पहली महिला हैं जो सवा लाख वर्ग फुट के महल को छोड़कर सुबह की सैर के लिए महल से एक किमी दूर स्थित कैंसर पहाड़ी पर गयीं।
पिछले पचास साल से मैं ग्वालियर में हूं लेकिन मुझे याद नहीं आता कि पूर्व ग्वालियर रियासत की अंतिम राजमाता श्रीमती विजया राजे सिंधिया से लेकर और कोई महिला महल छोड़ इस तरह बाहर निकली हो। प्रियदर्शिनी की इस पहल से ज्यादा चौंकाने वाली बात ये है कि उन्होंने ने ग्वालियर में प्रदेश के पहले कैंसर अस्पताल की वजह से कैंसर पहाड़ी कहे जाने वाले क्षेत्र का राय बदलने के लिए न केवल रायशुमारी कर डाली बल्कि एक - दो नये नाम भी सुझा दिए।
प्रियदर्शिनी राजे चाहती है कि कैंसर पहाड़ी का नाम या तो संजीवनी हिल हो या शीतला हिल।उनका सुझाव काबिले तारीफ है।इस बारे में पहाड़ी पर कैंसर अस्पताल बनवाने वाले पूर्व मंत्री शीतला सहाय के परिजनों या किसी अन्य जनप्रतिनिधि ने भी नहीं सोचा था।
ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां श्रीमती माधवी राजे सिंधिया अपने पति माधवराव सिंधिया के रहते उनके राजनीतिक कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेती थी, लेकिन चुनाव समाप्त होने पर उनकी सक्रियता भी बंद हो जाती थी। माधवराव सिंधिया के आकस्मिक निधन के बाद श्रीमती माधवी राजे कभी सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आयीं। वे ग्वालियर भी जब तब आती हैं।
महल की एक और सदस्य श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया और उनकी मामी श्रीमती माया सिंह को भी किसी ने महल के बाहर सैर करते नहीं देखा।महल के अपने कायदे कानून हैं। इन्हें तोड़ना आसान नहीं होता। राजमाता श्रीमती विजया राजे सिंधिया अपने पति के रहते तात्कालिक परिस्थितियों के चलते राजनीति में सक्रिय हुईं थीं। लेकिन श्रीमती माधवी राजे ने अपनी सास की तरह राजनीति को नहीं चुना।
स्थानीय जन मानस में प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया को स्थानीय मीडिया ' महारानी ' की तरह प्रस्तुत कर रहा है। इसके लिए महल में बाकायदा विशेषज्ञ दल है।इसे देखते हुए कयास लगाए जा रहे हैं कि श्रीमती प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया आगे -पीछे राजनीति में सक्रिय हो सकती हैं। हालांकि महल की राजनीतिक विरासत के उम्मीदवार उनके इकलौते बेटे महा आर्यमान सिंधिया हैं।उनकी उम्र भी चुनाव लड़ने की हो गई है।माना जाता है कि भाजपा यदि सिंधिया परिवार पर मेहरबान रही तो 2024 में होने वाले आम चुनाव में महल को पहले की तरह दो सीटों से चुनाव मैदान में उतार सकती है।
सिंधिया परिवार में राजमाता विजया राजे सिंधिया के बाद उनकी दो बेटियां श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया, और श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया के अलावा ननद श्रीमती माया सिंह सक्रिय राजनीति में हैं। यदि श्रीमती प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया को भी उनके पति श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अनुमति दी तो वो पांचवी महिला होंगी जो राजपथ से लोकपथ पर खड़ी नजर आएंगी।

**@ राकेश अचल**

# मैथिलीशरण गुप्त

**मैथिलीशरण गुप्त** (जन्म- 3 अगस्त, 1886, झाँसी; मृत्यु- 12 दिसंबर, 1964, झाँसी) खड़ी बोली के प्रथम महत्वपूर्ण कवि थे। महावीर प्रसाद द्विवेदी की प्रेरणा से आपने खड़ी बोली को अपनी रचनाओं का माध्यम बनाया और अपनी कविता के द्वारा खड़ी बोली को एक काव्य-भाषा के रूप में निर्मित करने में अथक प्रयास किया। इस तरह ब्रजभाषा जैसी समृद्ध काव्य भाषा को छोड़कर समय और संदर्भों के अनुकूल होने के कारण नये कवियों ने इसे ही अपनी काव्य-अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया। हिन्दी कविता के इतिहास में गुप्त जी का यह सबसे बड़ा योगदान है।[1]

**जीवन परिचय**

मैथिलीशरण गुप्त जी का जन्म 3 अगस्त 1886 चिरगाँव, झाँसी, उत्तर प्रदेश में हुआ था। संभ्रांत वैश्य परिवार में जन्मे मैथिलीशरण गुप्त के पिता का नाम 'सेठ रामचरण' और माता का नाम 'श्रीमती काशीबाई' था। पिता रामचरण एक निष्ठावान्‌ प्रसिद्ध राम भक्त थे।[2] इनके पिता 'कनकलता' उप नाम से कविता किया करते थे और राम के विष्णुत्व में अटल आस्था रखते थे। गुप्त जी को कवित्व प्रतिभा और राम भक्ति पैतृक देन में मिली थी। वे बाल्यकाल में ही काव्य रचना करने लगे। पिता ने इनके एक छंद को पढ़कर आशीर्वाद दिया कि "तू आगे चलकर हमसे हजार गुनी अच्छी कविता करेगा" और यह आशीर्वाद अक्षरशः सत्य हुआ।[3] मुंशी अजमेरी के साहचर्य ने उनके काव्य-संस्कारों को विकसित किया। उनके व्यक्तित्व में प्राचीन संस्कारों तथा आधुनिक विचारधारा दोनों का समन्वय था। मैथिलीशरण गुप्त जी को साहित्य जगत में 'दद्दा' नाम से सम्बोधित किया जाता था।

**शिक्षा**

मैथिलीशरण गुप्त की प्रारम्भिक शिक्षा चिरगाँव, झाँसी के राजकीय विद्यालय में हुई। प्रारंभिक शिक्षा समाप्त करने के उपरान्त गुप्त जी झाँसी के मेकडॉनल हाईस्कूल में अंग्रेजी पढ़ने के लिए भेजे गए, पर वहाँ इनका मन न लगा और दो वर्ष पश्चात ही घर पर इनकी शिक्षा का प्रबंध किया। लेकिन पढ़ने की अपेक्षा इन्हें चकई फिराना और पतंग उड़ाना अधिक पसंद था। फिर भी इन्होंने घर पर ही संस्कृत, हिन्दी तथा बांग्ला साहित्य का व्यापक अध्ययन किया। इन्हें 'आल्हा' पढ़ने में भी बहुत आनंद आता था।

**काव्य प्रतिभा**

इसी बीच गुप्तजी मुंशी अजमेरी के संपर्क में आये और उनके प्रभाव से इनकी काव्य-प्रतिभा को प्रोत्साहन प्राप्त हुआ। अतः अब ये दोहे, छप्पयों में काव्य रचना करने लगे, जो कलकत्ता (वर्तमान कोलकाता) में प्रकाशित होने वाले 'वैश्योपकारक' पत्र में प्रकाशित हुई। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी जब झाँसी के रेलवे ऑफिस में चीफ क्लर्क थे, तब गुप्तजी अपने बड़े भाई के साथ उनसे मिलने गए और कालांतर में उन्हीं की छत्रछाया में मैथिलीशरण जी की काव्य प्रतिभा पल्लवित व पुष्पित हुई। वे द्विवेदी जी को अपना काव्य गुरु मानते थे और उन्हीं के बताये मार्ग पर चलते रहे तथा जीवन के अंत तक साहित्य साधना में रत रहे। उन्होंने राष्ट्रीय आंदलनों में भी भाग लिया और जेल यात्रा भी की।

**लोकसंग्रही कवि**

मैथिलीशरण गुप्त जी स्वभाव से ही लोकसंग्रही कवि थे और अपने युग की समस्याओं के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील रहे। उनका काव्य एक ओर वैष्णव भावना से परिपोषित था, तो साथ ही जागरण व सुधार युग की राष्ट्रीय नैतिक चेतना से अनुप्राणित भी था। लाला लाजपतराय, बाल गंगाधर तिलक, विपिनचंद्र पाल, गणेश शंकर विद्यार्थी और मदनमोहन मालवीय उनके आदर्श रहे। महात्मा गांधी के भारतीय राजनीतिक जीवन में आने से पूर्व ही गुप्त का युवा मन गरम दल और तत्कालीन क्रान्तिकारी विचारधारा से प्रभावित हो चुका था। 'अनघ' से पूर्व की रचनाओं में, विशेषकर जयद्रथ वध और भारत भारती में कवि का क्रान्तिकारी स्वर सुनाई पड़ता है। बाद में महात्मा गांधी, राजेन्द्र प्रसाद, जवाहर लाल नेहरू और विनोबा भावे के सम्पर्क में आने के कारण वह गांधीवाद के व्यावहारिक पक्ष और सुधारवादी आंदोलनों के समर्थक बने। 1936 में गांधी ने ही उन्हें मैथिली काव्यझमान ग्रन्थ भेंट करते हुए राष्ट्रकवि का सम्बोधन दिया। महावीर प्रसाद द्विवेदी के संसर्ग से गुप्तजी की काव्यझकला में निखार आया और उनकी रचनाएँ 'सरस्वती' में निरन्तर प्रकाशित होती रहीं। 1909 में उनका पहला काव्य जयद्रथ-वध आया। जयद्रथ-वध की लोकप्रियता ने उन्हें लेखन और प्रकाशन की प्रेरणा दी। 59 वर्षों में गुप्त जी ने गद्य, पद्य, नाटक, मौलिक तथा अनूदित सब मिलाकर, हिन्दी को लगभग 74 रचनाएँ प्रदान की हैं। जिनमें दो महाकाव्य, 20 खंड काव्य, 17 गीतिकाव्य, चार नाटक और गीतिनाट्य हैं।



**देश प्रेम**

काव्य के क्षेत्र में अपनी लेखनी से संपूर्ण देश में राष्ट्रभक्ति की भावना भर दी थी। राष्ट्रप्रेम की इस अजस्र धारा का प्रवाह बुंदेलखंड क्षेत्र के चिरगांव से कविता के माध्यम से हो रहा था। बाद में इस राष्ट्रप्रेम की इस धारा को देश भर में प्रवाहित किया था, राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने।

**मैथिलीशरण गुप्त**

जो भरा नहीं है भावों से जिसमें बहती रसधार नहीं।
वह हृदय नहीं है पत्थर है, जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं।

पिताजी के आशीर्वाद से वह राष्ट्रकवि के सोपान तक पदासीन हुए। महात्मा गांधी ने उन्हें राष्ट्रकवि कहे जाने का गौरव प्रदान किया। भारत सरकार ने उनकी सेवाओं को देखते हुए उन्हें दो बार राज्यसभा की सदस्यता प्रदान की। हिन्दी में मैथिलीशरण गुप्त की काव्य-साधना सदैव स्मरणीय रहेगी। बुंदेलखंड में जन्म लेने के कारण गुप्त जी बोलचाल में बुंदेलखंडी भाषा का ही प्रयोग करते थे। धोती और बंडी पहनकर माथे पर तिलक लगाकर संत के रूप में अपनी हवेली में बैठे रहा करते थे। उन्होंने अपनी साहित्यिक साधना से हिन्दी को समृद्ध किया। मैथिलीशरण गुप्त के जीवन में राष्ट्रीयता के भाव कूट-कूट कर भर गए थे। इसी कारण उनकी सभी रचनाएं राष्ट्रीय विचारधारा से ओत प्रोत है। वे भारतीय संस्कृति एवं इतिहास के परम भक्त थे। परन्तु अंधविश्वासों और थोथे आदर्शों में उनका विश्वास नहीं था। वे भारतीय संस्कृति की नवीनतम रूप की कामना करते थे।

**महाकाव्य**

मैथिलीशरण गुप्त को काव्य क्षेत्र का शिरोमणि कहा जाता है। मैथिलीशरण जी की प्रसिद्धि का मूलाधार भारतझ भारती है। भारतझभारती उन दिनों राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम का घोषणापत्र बन गई थी। साकेत और जयभारत, दोनों महाकाव्य हैं। साकेत रामकथा पर आधारित है, किन्तु इसके केन्द्र में लक्ष्मण की पत्नी उर्मिला है। साकेत में कवि ने उर्मिला और लक्ष्मण के दाम्पत्य जीवन के हृदयस्पर्शी प्रसंग तथा उर्मिला की विरह दशा का अत्यन्त मार्मिक चित्रण किया है, साथ ही कैकेयी के पश्चात्ताप को दर्शाकर उसके चरित्र का मनोवैज्ञानिक एवं उज्ज्वल पक्ष प्रस्तुत किया है। यशोधरा में गौतम बुद्ध की मानिनी पत्नी यशोधरा केन्द्र में है। यशोधरा की मनःस्थितियों का मार्मिक अंकन इस काव्य में हुआ है। विष्णुप्रिया में चैतन्य महाप्रभु की पत्नी केन्द्र में है। वस्तुतः गुप्त जी ने रवीन्द्रनाथ ठाकुर द्वारा बांग्ला भाषा में रचित 'काव्येर उपेक्षित नार्या' शीर्षक लेख से प्रेरणा प्राप्त कर अपने प्रबन्ध काव्यों में उपेक्षित, किन्तु महिमामयी नारियों की व्यथाझकथा को चित्रित किया और साथ ही उसमें आधुनिक चेतना के आयाम भी जोड़े।

विविध धर्मों, सम्प्रदायों, मतझमतांतरों और विभिन्न संस्कृतियों के प्रति सहिष्णुता व समन्वय की भावना गुप्त जी के काव्य का वैशिष्ट्य है। पंचवटी काव्य में सहज वन्यझजीवन के प्रति गहरा अनुराग और प्रकृति के मनोहारी चित्र हैं, तो नहुष पौराणिक कथा के आधार के माध्यम से कर्म और आशा का संदेश है। झंकार वैष्णव भावना से ओतप्रोत गीतिकाव्य है, तो गुरुकुल और काबाझकर्बला में कवि के उदार धर्मझदर्शन का प्रमाण मिलता है। खड़ी बोली के स्वरूप निर्धारण और विकास में गुप्त जी का अन्यतम योगदान रहा।

# पृथ्वी,जल, वायु और वनों के सरंक्षण में लापरवाही, मानव भविष्य के लिए विनाशकारी ।

वर्तमान में पृथ्वी तथा प्राकृतिक संसाधनों के विनाशकारी जलवायु परिवर्तन की गति तथा उसके प्रभाव में गति की तीव्रता तेजी से महसूस की जाती रही है। इसका और कोई कारण ना होकर मानव की अवांछित गतिविधियां ही हैं। जिनमें मूलतः वन का विनिष्टिकरण, जीवाश्म ईंधन का ताबड़तोड़ प्रयोग, नई कृषि नीति तथा पद्धति की तीव्रता से होते हुए उद्योगों की संरचना और कंक्रीट के जंगलों यानी शहरों का विस्तारीकरण बड़े कारण हैं। औद्योगिक क्रांति के बाद विज्ञान से उत्पादित औद्योगिकरण के विकास के साथ मनुष्य ने वायुमंडल के प्रक्रियागत प्रभाव में बदलाव लाना शुरू किया है, जिसके फलस्वरूप पृथ्वी में भूमंडलीय ऊष्मा का विस्तार ओजोन परत का क्षरण, असामयिक बाढ़,अकाल का आना अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा में वृद्धि से हरित गृह प्रभाव की घटना प्रभावित हुई है। ग्रीन हाउस इफेक्ट पृथ्वी की एक सामान्य प्रक्रिया है जिसके कारण पृथ्वी का निचला स्तर मंडल गर्म बना रहता है. तथा जीवन के अनुरूप वायुमंडल में वातावरण जीवन उपयोगी तथा जीवन के अनुकूल बना रहता है। किंतु ग्रीन हाउस इफेक्ट में बदलाव आने के साथ ही मनुष्य के सामने जलवायु परिवर्तन की बड़ी समस्या सामने आई है। इस तरह के परिवर्तन से ही पृथ्वी की परत को हमें बचाना होगा जिससे हम अति उष्णता, गर्म जलवायु और कम उत्पादन की विभीषिका से मानव को बचा सकते हैं।
विश्व में विकासशील देश दोहरी चुनौतियों से जूझ रहे हैं, पहली भुखमरी यानी कि गरीबी दूसरी जलवायु में तीव्र परिवर्तन और यह दोनों एक दूसरे से गहरे संबंधित हैं। विकासशील तथा गरीब राष्ट्र एक और गरीबी तथा भुखमरी से लड़ाई लड़ रहे हैं एवं गरीबी से छुटकारा पाकर गरिमामय जीवन जीना चाहते हैं ।इसके लिए वे अपने प्राकृतिक, वैज्ञानिक संसाधनों का दोहन करके विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं जिससे इनके सम्मुख कई चुनौतियां उत्पन्न हो जाती है। इनके पास पर्याप्त रूप से आर्थिक वित्तीय पूंजी की कमी साथ ही उन्नत तकनीक का अभाव भी है। ऐसे में यह विकासशील राष्ट्र के विकास हेतु परंपरागत विकास साधनों पर आश्रित हो जाते हैं, जैसे विद्युत उत्पादन के लिए कोयले का उपयोग करना, वाहनों में प्रयुक्त ईंधन की गुणवत्ता का निम्न होना, कारखानों की पुरानी मशीनों द्वारा कार्बन, सल्फर, नाइट्रोजन आदि तत्वों की बड़ी मात्रा में वायु को उत्सर्जित करना आदि आते हैं। इन सब के कारण ग्रीन हाउस गैसें निर्मित होने से ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन घटनाओं को तीव्रता प्राप्त होती है। जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक तापक्रम जैसे कारकों में बहुत तेजी से परिवर्तन होता आया है। इसके पश्चात वर्षा की अनिश्चितता तथा अनियमितता में वृद्धि हुई है साथ ही बाढ़ सूखा अकाल सुनामी हिमस्खलन भूस्खलन जैसी प्राकृत आपदाओं का कई देश हर वर्ष सामना करते आ रहे हैं। उनके सम्मुख बड़ी विकट स्थिति उत्पन्न होती आई है, और यही प्राकृतिक आपदाएं उन देशों को फिर से गरीबी के दलदल में ढकेल देती है जहां भुखमरी का बोलबाला होता है। विश्व में कुछ देश ऐसे हैं जिनमें जिंबाब्वे, सीरिया,लीबिया, सोमालिया तथा अधिकांश अफ्रीकी देश, दक्षिण एशियाई लैटिन अमेरिकी देशों में भोजन,रोटी के लिए लंबी-लंबी लाइन लगती देखी गई है। दूसरी तरफ विकसित और अमीर देशों में भी लाइन लगती है, लेकिन वहां पर विडंबना यह है कि यह लाइन रोटी के लिए नहीं बल्कि आ-ईफोन, स्मार्टफोनऔर गैजट्स के लिए लगाई जाती है।
अनेक गरीब देशों में सबसे बड़ा संकट विकास बनाम पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को लेकर सामने आया है। जहां यह देश विकास की इच्छा तो रखते हैं पर दूसरी और विकसित देश गरीब देशों को पर्यावरण संरक्षण की सीख दे कर इनके संसाधनों पर रोक लगाने का प्रयास करते हैं। जिससे इनके अस्तित्व तथा संप्रभुता पर गहरी चोट लगती है। यह एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आता है। विकासशील देशों को पर्यावरण संरक्षण जैसी बातें गरीबी के सामने एक चुनौती के रूप में दिखाई देती है। यदि ये देश भुखमरी, गरीबी, कुपोषण, बेरोजगारी जैसे समस्याएं को सुलझाना चाहते हैं तो दूसरी तरफ पर्यावरण संरक्षण के साथ संतुलन बिठाना कठिन हो जाता है। आज विकसित देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और अन्य अमीर यूरोपीय देश पर्यावरण संतुलन की बात तो करते हैं पर जहां तकनीकी मदद या संरक्षण की बात को तो यह अपना हाथ पीछे खींचने में भी नहीं चुकते हैं। गरीब तथा विकासशील देश जब भी विकास को प्राथमिकता देने का प्रयास करते हैं तो इसके परिणाम स्वरूप पर्यावरण को क्षति होना लाजमी होता है। इसके अलावा इन्हें वैश्विक महाशक्तियों के दबाव भी झेलने पड़ते हैं। गरीब देशों के उत्पादों को खरीदने में बड़े बाजार या यूं कहें कि विकसित राष्ट्र गुणवत्ता की कमी,तकनीकी कमी कहकर तिरस्कृत तथा वापस करने से नहीं चूकते हैं। इस मामले में विकसित राष्ट्र का विकासशील,गरीब राष्ट्र के बीच एक गहरी खाई बन चुकी है और संयुक्त राष्ट्र संघ मूकदर्शक बना इस मामले में हाथ में हाथ धरे बैठा रहता है। बड़ी जनसंख्या वाले देश जैसे भारत इंडोनेशिया एवं एशिया के अन्य देश विकसित राष्ट्रों के लिए एक बड़ा बाजार जरूर है, पर वहां पर भूखमरी और जलवायु परिवर्तन के मामले में ये सभी बड़े तथा विकसित राष्ट्र खामोश रहते हैं। विकासशील तथा निर्धन देशों में गरीबी, भुखमरी तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के कारण गृह संघर्ष, जातीय संघर्ष,मानव अधिकार उल्लंघन, शरणार्थी समस्या, उग्रवाद, आतंकवाद आदि गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं और और इनकी स्थितरता में बड़ी कमी आई है। पिछले विगत कुछ समय एक घटनाक्रमों से शरणार्थी संकट ग्रह संघर्ष के विस्थापन अकाल बाढ़ तथा आतंकवाद मैं चिंताजनक वृद्धि हुई है, और यह सब पूरे विश्व के लिए चुनौती बन गया है। यह अलग बात है कि विकासशील राष्ट्रों की कमजोर क्षमता के कारण यह चुनौती उन देशों को बड़ी विकराल लगती है क्योंकि इससे पूंजीगत संसाधनों में बड़ी क्षति होती है जिस का संतुलन करना वहां की सरकारों पर बहुत भारी पड़ जाता है। गरीबी रेखा के नीचे लोग ज्यादा जीवन यापन करने लगते हैं। वैश्विक स्थिति का अध्ययन करें तो गरीबी भूखमरी जलवायु परिवर्तन से लड़ना किसी एक देश के लिए संभव प्रतीत नहीं होता, क्योंकि यह वैश्विक समस्या है। इसे सम्मिलित रूप से ही प्रयास कर समाप्त किया जा सकता है। यह तो तय है कि विकासशील राष्ट्रों को उन्नत बनाने तथा विकसित करने में बड़े तथा सक्षम राष्ट्रों को इन छोटे तथा गरीब देशों की तकनीकी विज्ञान और पूंजीगत सहायता प्रदान करनी चाहिए। अपने महंगी खचीर्ली परमाणु तथा अणु बम तथा मिसाइल बनाने की योजनाओं को एक तरफ रख विकासशील राष्ट्रों की खुलकर मदद करनी चाहिए। ऐसी परिस्थितियों में ही वैश्विक भुखमरी गरीबी एवं जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटा जा सकता है। भारतीय संदर्भ में यह जरूर कहा जा सकता है कि विगत 10 वर्षों में जलवायु परिवर्तन तथा गरीबी उन्मूलन पर बहुत ज्यादा प्रयास कर नई नई योजनाएं बनाई गई हैं। जैसे राष्ट्रीय हरित मिशन, राष्ट्रीय सतत पर्यावास मिशन, राष्ट्रीय ऊर्जा संवर्धन मिशन पर बहुत सारी योजनाये बनाकर कार्य किया गया है। भारत देश अपनी योजनाओं में छोटे विकासशील राष्ट्रों को भी शामिल किया है और उनकी खुलकर मदद कर रहा है, यह विकसित राष्ट्रों के लिए एक उदाहरण भी है कि उन्हें छोटे तथा गरीब राष्ट्रों को खुलकर मदद करनी चाहिए।



**संजीव ठाकुर, स्वतंत्र लेखक, चिंतक, रायपुर छत्तीसगढ़,**

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# सुदिष्ट बाबा के मेले में ब्रह्माकुमारी शाखा बैरिया के आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी शुरू

## नायब तहसीलदार बैरिया अजय सिंह ने फीता काटकर किया उद्घाटन

सत्यप्रकाश सिंह, दैनिक समाज जागरण

रानीगंज (बलिया) : जिले के बैरिया क्षेत्र में त्रिकालदर्शी परम पूज्य श्री श्री 1008 श्री सुदिष्ट बाबा के ऐतिहासिक धनुषयज्ञ मेले में शनिवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईष्वरीय विष्व विद्यालय शाखा बैरिया के आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। प्रदर्शनी का उद्घाटन अनुयायियों के बीच बैरिया के नायब तहसीलदार अजय सिंह ने फीता काटकर कर किया।

तत्पश्चात मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार के साथ विशिष्ठ अतिथि प्रधान प्रतिनिधि रौशन गुप्ता, कांग्रेस नेता सीबी मिश्रा, अधिकार सेना बैरिया विधानसभा अध्यक्ष, नित्यानन्द सिंह राजयोगी सुरेश भाई, राजयोगिनी बीके सुमन दीदी , राजयोगी अजय भाई, वरिष्ठ पत्रकार ओम प्रकाश सिंह, अनिल सिंह ने दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईष्वरीय विश्वविद्यालय शाखा बैरिया की प्रमुख संचालिका राजयोगिनी पुष्पा दीदी ने बताया कि यह आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी 12 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक चलेगा। जिसमे मेले में आए सभी मताएं व बहनों, भाइयों को फ्री में राजयोग मेडिटेशन सिखलाया जाएगा। इसके द्वारा मन की बुराइयों काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, को समाप्त करने की विधि बतलाई जाएगी। जिससे हमारा संस्कार परिवर्तन होगा और संस्कार से संसार परिवर्तन होगा। हर जगह शांति ही शांति होगी, हर घर स्वर्ग होगा। बैरिया की उप संचालिका राजयोगिनी बीके कविता दीदी ने सभी अतिथियों को आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी को विस्तार से बतलाते हुए राजयोग के माध्यम से आत्मा को परम-पिता परमात्मा से मिलने की आसान विधि बताया। बतलाते हुए कहा कि राजयोग से ही सभी मनुष्य शांति, स्वास्थ्य, सम्रद्धि को प्राप्त कर फिर से



भारत को आध्यात्मिक विश्वगुरु बनाएंगे। इसके बाद बी के पुष्पा दीदी ने आए हुए सभी अतिथियों के साथ बलिया से आए वरिष्ठ पत्रकार व दैनिक ओमकार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार ओम प्रकाश सिंह, व जिले से आए कई गणमान्यजन को ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया। इस दौरान बी के रामाधार भाई, बिपिन भाई, सुदर्शन भाई, बिरेन्द्र भाई, श्रीराम भाई, बीके रेनू बहन, बीके शैल कुमारी, डा0 अवध सिंह के साथ अनेकों भाई बहन मौजूद रहे। इस मौके पर आए सभी अतिथियों व भाई बहनों ने आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी की खूब सराहना किया।

## रेड क्रॉस सोसाइटी बलिया ने स्वयं सहायता समूहों में वितरित किया सेनेटरी पैड

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : रेड क्रास सोसायटी बलिया ने रविवार को विकास खण्ड बेलहरी में दुर्गा मंदिर पुरास पर ग्राम वरुणा, मठिया एवं पुरास के स्वयं सहायता समूह के सदस्यों में सेनेटरी पैड वितरित किया।

मंगलम बाबा महिला, हरिजन महिला, बसंत बाबा महिला, साक्षी महिला एवं हरिपाल बाबा महिला स्वयं सहायता समूह की 145 महिलाओं को इण्डियन रेड क्रास सोसायटी बलिया द्वारा सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। सेनेटरी पैड का वितरण मंगलम महिला स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष श्र रीना तिवारी, हरिपाल बाबा महिला स्वयं सहायता समूह की समूह सखी प्रियंका एवं साक्षी महिला स्वयं सहायता समूह की समूह सखी आरती देवी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के दौरान रेड क्रास सोसायटी से रविशंकर तिवारी ने उपस्थित महिलाओं को मलेरिया , हैजा, डेंगू, कोरोना इत्यादि संचारी रोगों के दुष्प्रभाव तथा इनसे बचने के उपाय बताते हुए कहा कि अपने घर के आस पास गंदे पानी इकट्ठा न होने दें तथा सफाई का विशेष ध्यान रखें। जन्म के 21 दिन के अंदर बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें, 21दिन के अंदर जन्म प्रमाण पत्र निःशुल्क बनेगा। इस अवसर पर मनोज तिवारी, मंजू सिंह, सुमन तिवारी, देवंती देवी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## श्री सुदिष्ट बाबा धनुष यज्ञ मेला में दूसरे रविवार को भारी भीड़ उमड़ी पड़ी

नित्यानंद सिंह, दैनिक समाज जागरण

बैरिया (बलिया) : जनपद के पुर्वी छोर पर प्रसिद्ध ऐतिहासिक अगहन सुदी पंचमी से संत श्री सुदिष्ट बाबा धनुष यज्ञ मेला का शुभारंभ होता है।

श्री श्री 108 श्री संत शिरोमणि सुदिष्ट बाबा का मेला ग्राम पंचायत कोटवां स्थित मंदिर के पास लगभग 200 वर्ष पहले से इस वर्ष अगहन सुदी पंचमी 28 नवंबर से 20 मेला चलने वाला धनुष यज्ञ मेला में दूसरे रविवार को भारी भीड़ उमड़ी पड़ी। वहीं मिठाइयों की दुकानों पर लोग जलेबी के साथ सब्जी का मजा लेते खूब नजर आए।

चाट व समोसा की दुकानों पर भी लोगों की खचा-खच भीड़ है। फलस्वरूप मेले के दूसरे रविवार को धनुष यज्ञ मेले में उमड़ती भीड़ को देख दुकानदारों के चेहरे खिल उठे है। दुकानदारों का कहना है कि धनुष यज्ञ मेला में आरम्भिक दिनों में लोगों की आमद कम होती है, किंतु अब मेला में भीड़ उमड़ रही है। मेले मे खास आकर्षण बरेली व दूर दराज जनपदों से आई फर्नीचर की दुकानें, बक्सा, आलमारी, बर्तन, ऊनी कपड़े व बर्तन आदि है, जहां ग्राहकों की आमद बढ गई है। बच्चों के लिए चर्खी, झूला, ब्रेक डांस, मिक्की माउस आदि आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। संत सुदिष्ट बाबा का मेला धनुष यज्ञ मेला अब पूरे शबाब पर है।

## चोरी के सामान और तमंचा के साथ दो चोर गिरफ्तार

अनूप राय, दैनिक समाज जागरण

खेजुरी (बलिया) : पुलिस ने चोरी की एक अदद मोटर मय पंखा और तमंचा कारतूस के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

खेजुरी पुलिस टीम के उ0नि0 पन्नालाल मय फोर्स द्वारा खड़ासरी चट्टी पर संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी। सूचना मिली कि दो व्यक्ति पटपुर पुलिया के किसी घटना को अंजाम देने हेतु बैठे हुए है।

इस सूचना पर तत्काल खेजुरी पुलिस टीम द्वारा पटपुर पुलिया के पास से दोनों व्यक्तियो को हिरासत में लिया गया। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों की जामातलाशी ली गई तो उनके पास से एक अदद देशी तमंचा मय कारतूस बरामद हुआ। कड़ाई से पूछताछ करने पर बताए कि हम लोग एक पानी खींचने वाली मोटर को बेचने हेतु जा रहे थे किपकड़ लिया गया। अभियुक्तों




की निशान देही पर एक अदद चोरी की मोटर मय पंखा बरामद किया गया । थाना खेजुरी द्वारा सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्तगणों को न्यायालय के सिपुर्द किया गया।

## सांसद निधि से की जाए भजन कीर्तन की व्यवस्था : वीरेंद्र सिंह मस्त

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त का कहना है कि नगर पालिका क्षेत्र के सभी छोटे बड़े मंदिरों का सर्वे कराया जाए और वहां पर भजन-कीर्तन और वाद्य यंत्रों की व्यवस्था कराई जाए।



कहा व्यवस्था करने में किसी प्रकार की कठिनाई आती है तो सांसद निधि से धन लेकर उसकी व्यवस्था कराई जाए। साथ ही सांसद ने यह भी कहा कि परसिया महर्षि भृगु की तपोभूमि रही है। अतः वहां तक महर्षि भृगु करिडोर अवश्य बनाया जाए। उन्होंने कहा कि भृगु आश्रम कारिडोर बन जाने से लोगों को काफी सहूलियत होगी।

## एक बच्चे की मां प्रेमी के साथ हुई फुर्र

विवेक राय, दैनिक समाज जागरण

नरहीं (बलिया) : थाना क्षेत्र के चौरा गांव में एक बच्चे की मां प्रेमी के साथ फुर्र हो गई है पति ने इसकी तहरीर थाने में दिया है।

बताया जाता है कि चौरा गांव निवासी जयशंकर की पत्नी अपने साढ़े तीन साल के मासूम बच्चे को छोड़ कर अपने पड़ोसी लड़के के साथ तीन दिन पहले फरार हो गई वह शौच करने के लिए घर से बाहर गई थी और लौट कर नहीं आई। पति ने काफी खोजबीन किया लेकिन पत्नी का पता नहीं चलने पर उसने शनिवार को नरहीं थाने में तहरीर दिया। पति ने तहरीर में 15 हजार नगद तथा जेवर भी ले जाने की बात कही है। पति मासूम लड़के को लेकर परेशान हैं जबकि पुलिस ने प्रेमी को भी पता लगाने में अभी तक नाकामयाब रही है।

## जूनियर इंजीनियर्स संगठन चुनाव में जितेन्द्र कुमार बने जिलाध्यक्ष, बंटी मिठाई

जुनेद अहमद, दैनिक समाज जागरण

रतसर (बलिया) : राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन,उत्तर-प्रदेश शाखा बलिया के वर्ष 2022 संगठन कार्यकारिणी में ई०जितेन्द्र कुमार को सर्व सम्मति से जिलाध्यक्ष मनोनित किया गया। उनके जिलाध्यक्ष मनोनित की सूचना मिलते ही स्थानीय विद्युत उपकेन्द्र पर शनिवार को विद्युत कर्मियों



ने मिठाई वितरित कर जश्न मनाया।

बताते चले कि इसके पूर्व जिलाध्यक्ष पद पर ई० श्याम अवध यादव को निर्वाचित किया गया था। लेकिन उनके पूर्वांचल विद्युत वितरण खण्ड में पदाधिकारी बनने के बाद जिलाध्यक्ष का पद रिक्त चल रहा था। इस मौके पर टीजीटू विवेक कुमार,श्री ब्रजेश तिवारी (मानबाबा ),राजेन्द्र कुमार,जलील अहमद, धर्मेन्द्र कुमार,अजय कुमार,जितेन्द्र कुमार, आकाश मौर्या,राजेश कुमार यादव,बच्चा लालू, जिशान खान,मोतीलाल, रविन्द्र आदि मौजूद रहे।

## 14 सीट वाले सामुदायिक शौचालय का हुआ उद्घाटन

ऋतुराज तिवारी बिन्दु, दैनिक समाज जागरण

रेवती (बलिया) : स्थानीय बाजार से लगे थाना के समीप महिला पुरुषों के उपयोग के लिए नगर पंचायत द्वारा नव निर्मित चौदह सीट के सामुदायिक शौचालय का उद्घाटन रविवार को अपराह्न के समय किया गया। इस शौचालय की मांग नगर के व्यापारियों के संगठन द्वारा किया जाता रहा था।

शौचालय के अभाव में बाजार आने वाले दूर दराज के लोगों विशेष रूप से



महिलाओं को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था।अब बाजार के पास शौचालय सुलभ हो जाने से महिला पुरुषों को लघु शंका आदि सम्बन्धित समस्याओं से छुटकारा मिल जाएगा।शौचालय का उद्घाटन नगर के विशिष्ट व्यवसाई तथा व्यापारी नेता शिवजी प्रसाद केसरी द्वारा किया गया। उद्घाटन के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय शंकर पाण्डेय कनक ने कहा बीते चुनाव में जीत के बाद व्यवसायी बन्धुओं द्वारा बाजार के आस पास सामुदायिक शौचालय बनवाने की आवश्यकता की बात उठाई गई थी।मैंने इसे बनवाने का आश्वासन भी दिया था। क्योंकि ऐसा शौचालय अत्यन्त आवश्यक था।जमीन की तलाश की जा रही थी कि इसी बीच कोरोना महामारी ने पांव पसार दिया।जिसके चलते बजट नहीं मिल पाया यही कारण रहा कि शौचालय बनने में विलम्ब हुआ।इस अवसर पर केसरवानी कल्याण समीति के नगर अध्यक्ष सुनील केसरी,नन्दलाल केसरी,डा एसबी यादव,राजेश गुप्ता,शम्भू कान्त तिवारी,पप्पू केसरी,हैप्पी पाण्डेय,सतीश गुप्ता,नसीम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।संचालन अनिल केसरी ने किया।

# फूलों की नगरी की टाउन एरिया क्यारी को संजय भाई के हाथों संवारेंगे सुभासपा अध्यक्ष

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : गुलाबों की खेती होने के कारण सिकंदरपुर फूलों की नगरी के नाम से विख्यात है। इस फूलों की नगरी की एक क्यारी टाउन एरिया को संवारने वाले माली को चुनने का समय आ गया है। राजनीतिक क्यारी को किन हाथों में देना है इसका चयन करने में राजनीतिक दल लगे हैं। सुभासपा के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने संजय भाई के नाम से विख्यात शेख अहमद अली को अपना माली नामित किया है। सुभासपा इन्हीं हाथों से नगर पंचायत को सहेजने का कार्य करेगी।

शासन ने यहां की सीट महिलाओं के लिए आरक्षित कर दिया है। संवारे भले कोई पर यह दर्ज तो किसी महिला के नाम ही होगा। सुभासपा भी संवारना तो संजय भाई के नाम से चाहती है पर नाम तो सायरा बानो का ही आएगा। सायरा उम्मीदवार घोषित भी हो गईं हैं।

बात शेख अहमद अली संजय भाई की करें तो यह लंबे समय से जनता की सेवा करते चले आ रहे हैं। क ई राजनीतिक दलों के साथ सफर किया भी पर कभी मंजिल



राजनीतिक पद नहीं रहा। क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही मंशा रहा। बच्चों का भविष्य बेहतर हो इसके लिए स्कूल के रुप में भी सेवा दिया। अब ओमप्रकाश रखजभर ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है। अब नगर पंचायत को संवारने के लिए माली बनने की भी जंग का सामना करना है।

# नगर पंचायत सिकंदरपुरः भाजपा और सपा को सोचकर उतारना होगा अपना उम्मीदवार

**-संजय भाई की पत्नी सायरा बानो के सुभासपा उम्मीदवार होने से लड़ाई आयी नई धार में**

**-सुभासपा, भाजपा और सपा के मध्य मजबूत त्रिकोणीय लड़ाई की तैयार हुई पृष्ठभूमि**

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : निकाय चुनाव में इसबार सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और समाजवादी पार्टी (सपा) को मजबूत टक्कर देने वाली है। नगर पंचायत सिकंदरपुर में सुभासपा द्वारा उम्मीदवार घोषणा से इसका आगाज हो भी चुका है। शेख अहमद अली संजय भाई की पत्नी सायरा बानो को उम्मीदवार घोषित कर अध्यक्ष ओमप्रकाश राभर ने भाजपा और समाजवादी पार्टी को यह सोचने पर मजबूर किया है कि वह उम्मीदवार किसे बनाएं।

संजय भाई सिकंदरपुर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय नेता हैं। सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश रखजभर ने उन्हें सिकंदरपुर नगर पंचायत चेयरमैन पद के लिए मैदान में उतारा था। महिला सीट हो जाने के कारण उम्मीदवार संजय भाई की बेगम सायरा बानो बनी हैं। अब




समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी को उम्मीदवार घोषणा से पहले सामने संजय भाई को सोच विचार करना होगा। सिकंदरपुर में पूर्व विधायक संजय यादव की लोकप्रियता सभी जानते हैं। विधानसभा चुनाव में मो. रिजवी को मिली जीत ने समाजवादी पार्टी को भी मजबूत कर ही दिया है। ऐसे में अब पूर्व विधायक संजय यादव और विधायक मो. रिजवी को इस चुनाव में सफलता के लिए अपनी प्रतिष्ठा फसांनी होगी। संजय भाई की उम्मीदवारी के बाद नगर पंचायत सिकंदरपुर का चुनाव बहुत रोचक और मजबूत हो गया है।

## सपा विधायक संग्राम सिंह यादव ने चौपाल लगाकर सुनी लोगों की समस्याएं

जुनेद अहमद, दैनिक समाज जागरण

रतसर (बलिया) : फेफना विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक संग्राम सिंह यादव ने रविवार को बहादुरपुर कारी गांव के



मौजा खेदूरा में चौपाल लगाकर अपने क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं। साथ ही लोगों को आश्वस्त दिया,कि उनकी समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारित कराने का पूरी तरह से प्रयास किया जाएगा। क्षेत्र की जनता के लिए वह सदैव तत्पर रहेंगे। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की जनता के लिए हमेशा काम करेंगे, क्योंकि जनता ने उन पर भरोसा जताकर उन्हें विधायक बनाया है, इसलिए जनता के हित में जो भी कार्य है,वह करने का पूरा प्रयास करेंगे। विधायक ने कहा कि भले ही हमारी सरकार प्रदेश में नहीं है लेकिन हम विपक्ष में बैठकर अपने क्षेत्र के लोगों के मुद्दे को विधानसभा में उठाएंगे। इस अवसर पर ग्राम प्रधान युगुल किशोर यादव, पूर्व प्रधान नईम खां, हरि नारायन पासवान, सपा नेता राम अशीष गौतम, रामेश्वर चौधरी ऊर्फ प्रभु जी, रामदरश यादव अनिल गुप्ता, हरिंदर यादव, अखिलेश यादव, रविन्द्र यादव, आदि मौजूद रहे।

# पक्षी महोत्सव के दूसरे दिन पर्यटकों से गुलजार रहा सुरहा ताल

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलियाः सुरहाताल पक्षी विहार महोत्सव के दूसरे दिन पर्यटकों की भीड़ से सुरहा ताल गुलजार रहा। लोगों ने खूब नौकायन का आनंद लिया। बच्चों ने भी झूले और अन्य मनोरंजन के साधनों के जरिए खूब मस्ती की। वहीं युवाओं के बीच सेल्फी लेने की होड़ देखने को मिली।

पक्षी महोत्सव के दूसरे दिन भी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि सुरहा ताल को पर्यटन स्थल बनाने की दिशा में प्रयास काफी सराहनीय





है। प्रवासी पक्षियों के लिए यहां शुद्ध और उनके अनुकूल वातावरण है। प्रवासी पक्षी यहां की सुंदरता में एक हैं। दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पर्यावरण संरक्षक पर भाषण पोस्टर व रंगोली प्रतियोगिता

सुरहा ताल पक्षी महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रभारी डॉ इफ़्तेखार खान के निर्देशन में भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर कला प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता हुई। सभी प्रतियोगिताएं प्राकृतिक वनस्पति, जीव जंतुओं और पर्यावरण पर आधारित रही। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। तीनों प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

### प्राथमिक विद्यालय के बच्चों का नाटक रहा सबसे खास

पक्षी महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उच्च प्राथमिक विद्यालय, शेरवा कलां के छात्र-छात्राओं का नाटक सबसे खास रहा। सीमित संसाधनों में रहने वाले छात्र-छात्राओं के पर्यावरण संरक्षण पर आधारित नाटक में इनकी शानदार प्रतिभा देखने को मिली। प्रधानाध्यापक शंकर रावत के नेतृत्व में सीख रहे इन बच्चों के नाटक की सराहना हर किसी ने की। नाटक के बाद प्रस्तुत करने वाले बच्चों के साथ लोगों ने खूब सेल्फी ली।

### नौकायन के लिए दिखी लम्बी लाइन

सुरहा ताल पक्षी महोत्सव के दूसरे दिन लोगों ने नौकायन का खूब आनंद लिया। दिन में नौकायन करने वालों की भीड़ इतनी बढ़ गई कि लोगों को काफी देर तक इंतजार भी



करना पड़ा। वही इस भीड़ से नाविकों के चेहरे भी गुलजार दिखे। सुरहा ताल के बीच लाइफ जैकेट पहनकर नौकायन करने वालों की भीड़ इस महोत्सव की सुंदरता में चार चांद लगा रही थी।

# जीएसटी टीम ने की छापेमारी, दुकानदारों में हड़कंप

संतोष कुमार द्विवेदी, दैनिक समाज जागरण

नगरा (बलिया) : जिले के अन्य क्षेत्रों में जीएसटी टीम द्वारा दुकानों पर की जा रही छापेमारी से व्यापारियों में हडकंप मचा हुआ है । नगरा में टीम आने की अफवाह भी शनिवार से दुकानदारों के होश उडा रही है। रविवार को जीएसटी टीम द्वारा छापेमारी की अफवाह से बाजार में हडकंप मच गया।

दुकानदार अपनी-अपनी दुकानें बंद कर गायब हो गए। बाद में कुछ दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानें खोली, वही बड़े कारोबारी दुकाने दिन भर बन्द रखी । जनपद में जीएसटी विभाग की टीम दुकानों पर छापेमारी करते हुए जीएसटी से संबंधित कागजातों की जांच व दुकानदारों से पूछताछ कर रही है जिससे व्यापारियों में हडकंप मचा हुआ है। कई बार तो बाजारों में टीम के आने की अफवाह भी उडने से व्यापारियों में दहशत का माहौल साफ नजर आ रहा है। रविवार को भी ऐसा ही हुआ, बाजार में सुबह ही अफवाह फैल गयी कि जीएसटी की टीम दुकानों पर छापेमारी कर रही है, फिर क्या था, दुकानदार अपनी-अपनी दुकानें बंद कर गायब हो गए। मुख्यरूप से बाजार में कपड़े, रेडीमेड,कापी किताब दुकानों पर ताले लटके रहे। दुकानदार दिन भर अपने दुकानों का शटर गिरा कर गायब रहे।

# कार्यकर्ता सम्मान समारोह आयोजित, मंत्री ने की सहभागिता

रजनीश श्रीवास्तव, दैनिक समाज जागरण

सिकन्दरपुर (बलिया) : स्थानीय बीबी मैरेज हाल के प्रांगण ने भाजपा के तत्वधान में कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी रहे।

अपने संबोधन श्री अंसारी ने कहा की भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो गरीबों, मजदूरों का ख्याल रखती है। भाजपा सरकार में सभी योजनाओं का लाभ डायरेक्ट लोगों के बीच में पहुंचा है। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनाव में पार्टी दमदारी के साथ चुनाव लड़ेगी और जीतेगी भी। उन्होंने कहा की मुस्लिम भाइयों भाजपा सरकार ने आपके कौम के बेटा को मंत्री बनाकर दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। हमे भी यह सोचना चाहिए की उन्हें भी हम गले लगा लें।और भाजपा प्रत्याशियों को जिताये। कहा की हम सभी को मिलकर तरक्की के रास्ते पर चलना है। यह तभी



सम्भव होगा जब फूलों की नगरी सिकन्दरपुर से भाजपा प्रत्याशी को जिताएंगे।कहा की नरेंद्र मोदी जी और योगी जी की सरकार में मुश्लिम बन्धुओं को भी हर योजनाओं का लाभ मिला है। उन्होंने सभी वर्गों के लोगों से भाजपा प्रत्याशियों को जिताने का अपील की। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ रविंदर वर्मा,डा उमेश चंद सोनी,प्रयाग चौहान,सन्तोष पाठक,विनोद शंकर गुप्ता,गणेश सोनी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे

# मजबूत संगठन के बिना कर्मचारी हित की लड़ाई अधूरी

- उत्तर प्रदेश शिक्षणेत्तर एसोसिएशन की बैठक अदरी में संपन्न
- संजय उपाध्याय जिलाध्यक्ष, भूपेन्द्र सिंह जिलामंत्री निर्वाचित

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : उत्तर प्रदेश शिक्षणेत्तर एसोसिएशन की एक आवश्यक बैठक अशोक राय की अध्यक्षता में व प्रांतीय पर्यवेक्षक जनार्दन यादव, लल्लन सिंह की देखरेख में



नेशनल इंटर कालेज अदरी इंदारा में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए चुनाव पर्यवेक्षक ने कहा कि सरकार कर्मचारी विरोधी है। हमें अपनी लड़ाई स्वयं लड़नी है किसके लिए एक मजबूत संगठन की आवश्यकता है। जब तक मजबूत संगठन नहीं होगा सरकारें हमारी मांगों को अनसुना करती रहेंगे। इसके लिए हर जिले में मजबूत संगठन बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इसी क्रम में शिक्षणेत्तर एशोसिएशन जनपद कार्यकारिणी का भी विस्तार किया गया। सैकड़ों कर्मचारियों की उपस्थित के बीच दर्जनों ने कार्यकारिणी हेतू नामांकन किया, सभी वैध पाए गए। पदाधिकारी के नामों की घोषणा पर्यवेक्षक द्वारा की गई। इसमें संजय कुमार उपाध्याय को जिलाध्यक्ष, महामंत्री के पद पर भूपेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष के लिए कपूर चंद पांडेय, उत्कर्ष राय, राकेश सिंह, रमावती देवी, कृष्णपाल, कोपाध्यक्ष बृजभूषण यादव, संयुक्त मंत्री जमशेद अंसारी, इमामुद्दीन, प्रमोद राय, अज्ञातशत्रु, संगठन मंत्री संदीप सिंह, इरफान अहमद, अरविंद सिंह, प्रचार मंत्री संदीप मिश्र व अजीत यादव, संपेक्षण अखिलेश सिंह व संतोष तथा मीडिया प्रभारी राजीव राय व प्रवीण सिंह निर्वाचित किए गए। नई कार्यकारिणी ने सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि कर्मचारियों के हित के लिए हर स्तर पर लड़ाई लड़ने को तैयार है। संगठन हमेशा अपने कर्मचारियों के हितों के लिए तत्पर रहेगा। इस अवसर पर कमल नारायण सिंह, मुस्ताक अहमद, बलवंत पांडेय, राजीव द्विवेदी, राकेश सिंह, रविशंकर आदि थे।

# क्रास कंट्री प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बिखेरा जलवा

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

- प्रदेश के विभिन्न जनपद की टीमों ने लिया हिस्सा
- सीडीओ ने फीता काटकर किया प्रतियोगिता का शुभारंभ

मऊ : डा. भीमराव आंबेडकर स्टेडियम में रविवार को 56वीं राज्य वार्षिक क्रास कंट्री चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के जनपद के विभिन्न टीमों ने प्रतिभाग किया। दस किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता के



महिला वर्ग में प्रयागराज की नीतू कुमारी ने प्रथम, जबकि दूसरे स्थान पर वाराणसी की रूबी पाल रही। तीसरा स्थान गाजीपुर के शिल्पी यादव को मिला। पुरुष वर्ग में चंदौली के राहुल कुमार राजभर प्रथम, मुजफ्फर नगर के फारूख चौधरी दूसरे और प्रदेश पुलिस के नरेश कुमार को मिला। आठ किलोमीटर की पुरुष दौड़ में चंदौली के पंकज कुमार को पहला,आगरा के दिव्यांशु को दूसरा, जबकि चंदौली के आशीष पाल को तीसरा स्थान मिला।

छह किलो मीटर की महिला दौड़ में चंदौली की ममता पाल को पहला, गोरखपुर की रंजना राजपूत को दूसरा और पूजा वर्मा को तीसरा स्थान मिला। पुरुष वर्ग में अमेठी के अमरदीप पाल को पहला, मैनपुरी के आशुतोष सिंह को दूसरा, जबकि सोनभद्र के प्रमोद कुमार को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

चार किलोमीटर की दौड़ में लखनऊ की सुनीता देवी को प्रथम, मऊ की सोनाली पटेल को दूसरा और चंदौली की प्रतिमा वर्मा तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। वही दो किलोमीटर की महिला दौड़ में अलीगढ़ की अंशु को पहला, आगरा की शिवानी को दूसरा तथा लखनऊ की प्रवृत्ति यादव को तीसरा स्थान मिला। वही पुरुष वर्ग में हाथरस के अनिल कुमार पहला, आगरा के रिंकू सिंह को दूसरा और चंदौली के विकास कुमार को तीसरा स्थान मिला। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर डा. एससी तिवारी, मुकेश सब्बरवाल, पारसनाथ सिंह, विनोद कुमार तिवारी आदि लोग थे।

# आपूर्ति निरीक्षक के पद पर आलोक का चयन

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : कुशमौर गांव के निवासी आलोक कुमार सिंह का चयन आपूर्ति निरीक्षक के पद पर चयन होने पर रविवार का आवास पर बधाई देने वालों का तात लगा रहा।



आलोक ने अपनी सफलता का श्रेय पिता विजय बहादुर सिंह एवं माता शीला सिंह को दिया। आलोक ने हाई स्कूल श्री वनदेवी इंटर कालेज कहिनौर व इंटर राजकीय इंटर कालेज प्रयागराज व स्नातक की पढ़ाई बीटेक अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा से की। बधाई देने वालों में विजय नारायण शर्मा, डा. एचएन सिंह, जलज सिंह, आदित्य सिंह, संजय सिंह सहित अनेकों लोग थे।

# नेत्र जांच परीक्षण शिविर का आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

अंधता निवारण समिति के सौजन्य से रविवार को माता महाकाली मंदिर परिसर में नेत्र जांच परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें सैकड़ों मरीजों ने अपने नेत्र का परीक्षण कराया। जांच में 30 मोतियाबिंद के मरीज



पाए गए और उनका सफल ऑपरेशन करने का कार्य किया गया। इस शिविर में वरिष्ठ सर्जन डॉ एके राय,मुहम्मदाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नेत्र चिकित्सक डॉक्टर अभिनेष कुमार, प्रमुख समाजसेवी श्रीमती मीरा राय उपस्थित रहीं।अंत में महाकाली मंदिर के पुजारी सत्य प्रकाश उर्फ मुकेश ने सब के प्रति आभार व्यक्त किया

# फरियादियों की समस्याओं का पुरी गंम्भीरता से तत्काल निस्तारण करें- एस पी ओंमबीर सिंह

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह शनिवार को करीमुद्दीनपुर थाना पर आयोजित समाधान दिवस में पर पहुंचे। उन्होंने फरियादियों की फरियाद सुनने के साथ ही थानाध्यक्ष विश्वनाथ यादव को आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक थाना मुख्यालय पहुंचने के बाद सीधे कार्यालय पहुंचे और उन्होंने कार्यालय की व्यवस्था जानकारी लेने के साथ ही भूमि विवाद रजिस्टर, हत्या बलवा रोकथाम रजिस्टर, समाधान दिवस रजिस्टर का अवलोकन करने के पश्चात थाना लंबित विवेचना ओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक के द्वारा सी सी टी एन एस, महिला डेस्क,कार्यालय,मेस,बैरक तथा थाने पर हो रहे निर्माण कार्यों और उनकी गुणवत्ता की चेकिंग की



गई। उन्होंने उपस्थित फरियादियों की समस्याएं सुनी अधिकारियों को क्षेत्र में व्यवस्था दुरुस्त रखने व आमजन से मित्रावत्र व्यवहार रखने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में मौजूदा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस का व्यवहार लोगों से मित्रवत हो, जिससे आमजन में उनका विश्वास बने पीड़ित की शिकायत तत्काल सुनी जाए उसे चक्कर ना कटवाए जाएं महिला हेल्पडेस्क पर आने वाले माहिलाओ को कोई दिक्कत न हो इसके लिए उन्होंने वहां की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को कहा इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी श्याम बहादुर सिंह व थानाध्यक्ष विश्वनाथ यादव ,चौकी प्रभारी असावर सहित अन्य उपनिरीक्षक एवं पुलिसकर्मियों के अलावा ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अजीत कुमार सिंह पहुंचे लट्ठूडीह जताया शोक

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के प्रमुख समाजसेवी अरविन्द राय अभियंता की मां शारदा देवी के निधन पर उनके पैतृक गांव लट्ठूडीह में शोक संवेदना प्रकट करने वालों का तांता लगा है। शनिवार को लोगों ने पहुंच कर शारदा देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि



दी। लोगों ने राजेश राय पप्पू से मिल कर उनकी मां शारदा देवी के निधन पर शोक संवेदना प्रकट किया। शनिवार को अजीत कुमार सिंह ने लट्ठूडीह पहुंच कर शारदा देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने राजेश राय पप्पू, अरविन्द राय, नरेन्द्र नाथ राय से मिल कर शोक संवेदना प्रकट किया। शनिवार को पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह,झाबर सिंह ज़िला पंचायत सदस्य

रामसगर यादव,अमित ठाकुर,श्यमनारायण यादव प्रधान,विवेक राय प्रधान नगसर,मनोज राय अवथहि,विनोद राय सोनवानी,राजेश राय पिंटू,बब्लू राय,राजेश राय

देवराज सिंह ठाकुर,संजय सिंह, डाक्टर विरेन्द्र यादव बिधायक जंगीपुर, रविन्द्र यादव, रामधारी यादव पूर्व चेयरमैन जिला सहकारी बैंक गाजीपुर, विनोद राय गुड्डू, पूर्व एम एल सी विजय यादव, रामधारी सिंह यादव पूर्व सपा जिलाध्यक्ष गाजीपुर,दीपक सिंह प्रधान,जवाहिर राय,हीरा यादव प्रमुख सैदपुर,बिनोद राय गुड्डू, ब्रजभूषण राय चुन्ना,श्याम बहादुर राय, कमलेश राय शर्मा धीरेन्द्र राय, सन्तोष राय,नन्हे राय समेत अन्य लोगों ने पहुंच कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर परिजनों से मिल कर शोक संवेदना प्रकट किया। अरविन्द राय अभियंता ने बताया की श्राद्ध भोज एवं श्रद्धांजली का कार्यक्रम सरजू राय मेमोरियल पी जी कालेज गांधीनगर में 15 दिसम्बर गुरूवार को आयोजित होगा। कार्यक्रम के लिए कालेज पर तैयारी चल रही है। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए हर्ष राय, हिमांशु,राय, पौरूष राय एवं अन्य सहयोगी लगे हैं।

# पुलिस मुठभेड़ में इनामिया घायल, हुआ गिरफ्तार

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर। चेकिंग के दौरान पुलिस पर फायर करने वाला अभियुक्त पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग में घायल हो गया जिसके बाद पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के मुताबिक पुलिस को अपराध के रोकथाम में मिली बड़ी सफलता लूट व चोरी की



विभिन्न घटनाओं में शामिल व 25000 का इनामिया वांछित अपराधी पुलिस मुठभेड़ में घायल व गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराध व अपराधियों व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग हेतु दिए गए आदेशों निदेर्शों के क्रम में जनपद में विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की जा रही थी इसी क्रम में आज थाना नगसर पुलिस के द्वारा भी, नगसर रेलवे क्रॉसिंग के पास बैरिकेटिंग लगाकर चेकिंग की जा रही थी, की समय करीब 10.30 बजे रात्रि एक अज्ञात बाइक सवार बदमाश तेज गति से आ रहा था, जिसे चेकिंग हेतु रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश के द्वारा रफ्तार बढ़ाकर पुलिस को गाली देते हुए जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर कर दिलदारनगर की तरफ भागने लगा ,घटना पर प्रतिक्रिया दिखाते हुए इसकी सूचना थानाध्यक्ष नगसर द्वारा कंट्रोल रूम को देते हुए बदमाशों का पीछा किया गया, कन्ट्रोल रूम की सूचना पर, दिलदारनगर थाना क्षेत्र में भ्रमणशील स्वाट टीम व थाना दिलदारनगर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से रकसहा मोड़ पर बदमाश की घेराबंदी की गयी अपने को घिरा हुआ देखकर बदमाश के द्वारा पुलिस टीम पर पुनः फायर कर दिया। बदमाश की फायरिंग के जवाब में पुलिस टीम द्वारा की गई फायरिंग से उक्त बदमाश जिसका नाम जितेंद्र कुमार है, को पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर गया। घायल बदमाश को सदर अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया है। प्राथमिक पूछताछ से अभियुक्त का नाम जितेंद्र कुमार पुत्र शिवपूजन निवासी ग्राम गरथहां थाना सिंधौरा जनपद वाराणसी ज्ञात हुआ जो की थाना दिलदारनगर के मुअसं, 144/22 अंतर्गत धारा 411/ 413/414/420 IPC में वांछित तथा 25000 रुपए का इनामशुदा अपराधी है। बदमाश अभियुक्त के आपराधिक इतिहास के संबंध में जांच व अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामदगी 01 अदद तमंचा 315 बोर मय 03 अदद खोखा कारतूस 315 बोर, 01 अदद बाइक स्पेलण्डर बरामद हुआ।

# रिफरेनसियल स्टडी नेट प्रशिक्षण संस्थान का मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा सम्पन्न

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के बाराचवर ब्लाक क्षेत्र के पहराजपुर स्थित कृष्णा कोचिंग सेन्टर पर रविवार को रिफरेनसियल स्टडी नेट प्रशिक्षण संस्थान का मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा सम्पन्न किया गया। परीक्षा संचालक राजेश कुशवाहा ने बताया की परीक्षा में कक्षा 9 से 12 तक के कुल 97 छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा अपने निर्धारित समय 12 बजे से 2 बजे के मध्य समाप्त हुआ।इस परीक्षा का परिणाम 1 अप्रैल 2023 को प्रशिक्षण संस्थान पटना द्वारा घोषित होगा। जिसमें सफल प्रतिभागियों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 11000 रुपए 5000 रूपए 4000 रूपए 3000 हजार रूपए 2000 और 1000 रूपए प्रदान किया जाता है। परीक्षा को सम्पन्न कराने में बलिया से प्रश्न पत्र



का पैकेट लेकर आये विनीत कुमार,के के सिंह तथा आशीष कुशवाहा के प्रति परीक्षा संचालक के द्वारा आभार ब्यक्त किया गया।

# डालिम्स सनबीम स्कूल, गांधीनगर मे पी0टी0एम0 का आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के प्रतिष्ठित सीबीएसई द्वारा मान्यता प्राप्त डालिम्स सनबीम स्कूल, गांधीनगर मे पी0टी0एम0 (शिक्षक अभिभावक मीटिंग) का आयोजन रविवार को सम्पन्न हुआ`इसके सम्बन्ध में डायरेक्टर हर्ष राय ने बताया की पी0टी0एम0 का उद्देश्य बच्चों की



प्रोग्रेस से सभी अभिभावकों को अवगत कराना एवं वळ-3 के नंबरों से उनको अवगत कराना है` अपने नंबरों को जानने का उत्साह बच्चों के चेहरे पर साफ देखा जा सकता था` कक्षा मे स्थान पाने वाले बच्चों को कक्षा में क्लास टीचर के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।इस मौके पर सभी छात्र छात्राओं के अभिभावक उपस्थित रहे।

# चेयरमैन पद के भावी उम्मीदवार सरफराज अंसारी को जनता दे रही है खुलकर समर्थन

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा बिजनौर**

नगीना । नगर पालिका अध्यक्ष पद के भावी उम्मीदवार व सना ग्रुप के चेयरमैन हाजी सरफराज अंसारी को मिल रहा है जनता का भरपूर समर्थन नगीना नगर में एक सभा को संबोधित करते हुए सरफराज अंसारी ने कहा कि नगर का विकास कराना और आपसी भाई चारा कायम रखना ही उनका मकसद होगा।जो विकास कार्य पिछले एक दशक से रुके हुए है,



उनको पूरा करने का काम करूंगा। शिक्षा,स्वास्थ्य,विद्युत, सड़क, सफाई व्यवस्था को सुधारा जाएगा, नगर के विकास के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। यदि नगर की जनता ने मुझे चेयरमैन बनाया, तो मैं नगीना में चौमुखी विकास कराऊंगा तथा साथ-साथ लड़कियों के लिए स्कूल, लाइब्रेरी व बारात घर आदि बनवाने का कार्य करूंगा चैयरमेन पद के भावी उम्मीदवार हाजी सरफराज अंसारी हमदर्द मौजूदा लोग शामिल रहे बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे सभी ने आने वाले नगर पालिका परिषद चुनाव में हाजी सरफराज अंसारी को भारी मतों से जिताने का संकल्प लिया।

# ऑल इंडिया मुशायरे का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा बिजनौर**

नगीना- शनिवार की रात्रि एम एम इंटर कालेज के खेल के मैदान में चेयरपर्सन ताहिरा बेगम व उनके पुत्र शाहनवाज खलील की ओर से एक ऑल इंडिया मुशायरे का आयोजन मरहूम पूर्व चेयरमैन खलीलुर्रहमान की याद में आयोजित किया गया। मुशायरे की शुरूआत पूर्व चेयरमैन मरहूम शेख खलीलुर्रहमान के जीवन पर बनी व्रत चित्र फिल्म से शुरूआत की गई। मुशायरे का उद्घाटन बसपा सांसद गिरीशचंद, एसडीएम नगीना शैलेंद्र कुमार, कैसर खालिद आईपीएस डीजीपी महाराष्ट्र रेलवे व शाहनवाज खलील आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया जबकि कुंवर रुचि वीरा ने दीप प्रज्वलित किया। मुशायरे का आगाज अमरोहा सांसद कुंवर दानिश ने शमा रोशन किया गया। वसीम बरेलवी की अध्यक्षता व अथर शकील के संचालन में आयोजित इस मुशायरे में (शायरा तरन्नुम कानपुरी ने मुशायरे का आगाज करते हुए बारगाह रिसालत में नात ए पाक का हदीया पेश किया। (गजल लियात के दौर में-- शरफ नांनपारवीं ने कहा मौहब्बत का कानों में रस घोलते हैं। यह उर्दू जुबां है जो हम बोलते हैं।( अंसार सिद्दीकी कैराना ने कहां सच्चाई की राह पर चलना भूल गए हम झूठों को झूठा कहना भूल गए हम।-(अली बराबंकीं ने कहा दर्द का चांद ढलता रहा रात भर सिसकियां कोई भरता रहा रात भर। (मीसम गोपालपुरी ने कहा गुलशन ए हिंद को सीचा है लहू से हमने। बीज नफरत का नहीं हम होने देंगे।( सरदार चरण सिंह बसर ने कहा चिरागों के सफर में दबदबा है आंधियों का फिर अंजाम जुल्मत के सिवा कुछ भी नहीं है।( तरन्नुम कानपुरी ने कहा रोशन चिराग है मगर उनमें जिया नहीं। आवाज ए तो बहुत है पर उनकी सदा नहीं। मुशायरे में भाग लेने आए।

फिल्मी कलाकार अली खान, नगमा,डॉ०अंजुम रहबर, वसीम बरेलवी,जौहर कानपुरी,कैसर खालिद (आई०पी०एस०),लता हयात,डॉ०नवाज



देवबन्दी,हसन काजमी,खुर्शीद हैदर,कलीम समर,,तरन्नुम कानपुरी,अमीर अकबराबादी,डॉ०ऐजाज अली बाराबंकी,जमील खैराबादी, सरदार चरन सिंह बशर,शरफ नानपारवी,शम्स देवबन्दी,मुमताज नईम शायर व फिरोज खान जो अर्जुन का रौल अदा करते हैं आदि मौजूद रहें।

ऑल इंडिया मुशायरा के मुख्य अतिथि कुंवर दानिश अली बसपा सांसद अमरोहा, बसपा सांसद गिरीशचंद्र नगीना, पूर्व सांसद रुचि वीरा, एसडीएम नगीना शैलेंद्र कुमार,बसपा पूर्व विधायक मौ०गाजी। मुशायरे का लुत्फ लेने पहुंचे नगर के गणमान्य चेयरपर्सन श्रीमती ताहिरा बेगम, पूर्व सभासद कुसुम लता विश्नोई, श्री मती अंजू विश्नोई, जुल्फिकार आलम सलीम मुल्तानी, काजी अरशद मसूद, कमाल अहमद शेरकोट,रईस कुरैशी इश्तियाक उर्फ बाबू, यामीन उर्फ मिन्ना,सैय्यद आसिफ अली,अब्दुल समद, असलम कुरैशी कोतवाली देहात, आलोक जाट,नईम अहमद एडवोकेट, शाकिर अहमद एड०मौ०जाकिर पूर्व सभासद, मकसूद उस्मानी, यामीन उस्मानी,दीपक कुमार, डाक्टर मौहम्मद फय्याज अंसारी, जुबैर अहमद,शददन,सिराज खलील, शारूख खलील व नगर के हजारों संख्या में लोगों ने मुशायरे का सारी रात लूत्फ लेते रहे। मुशायरे को शांति पूर्वक कराने के लिए थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा भारी पुलिस फोर्स के साथ तैनात थे।

बाहर से आए शायरों को मुशायरे का लुत्फ लेने पहुंचे भारी संख्या में लोगों ने जमकर दांद देते हुए उनका हौसला अफजाई की। बाहर से आए शायरों ने नगीना के ऑल इंडिया मुशायरे में भारी भीड़ को देखकर गदगद हो गए और मुशायरे के आयोजक शेख शाहनवाज खलील द्वारा कराए गए।अच्छे इंतेजाम को देखकर। उन्होंने शाहनवाज खलील की जमकर तारीफ की। मुशायरा आज सुबह लगभग 4 बजे समाप्त हुआ। मुशायरे की डेकोरेशन कराने में एवंन टैन्ट हाउस के स्वामी अनीस अहमद, नफीस अहमद, रईस अहमद का भर पूर्व योगदान रहा।

# बाइक सवार सर्राफ को बदमाशों ने लूट के इरादे से मारी गोली

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा बिजनौर**

कोतवाली देहात। क्षेत्र के गांव शादीपुर के निकट अपने घर लौट रहे बाइक सवार सर्राफ को बदमाशों ने लूट के इरादे से गोली मार दी। घायल सर्राफ को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों द्वारा क्षेत्र में सरेआम लूट के इरादे से गोली मारने की घटना से सनसनी फैल गई।



ग्राम शादीपुर निवासी भोलेनाथ वर्मा बरूकी में सरार्फा का काम करते हैं। रोजाना की भांति वह शाम 5:00 बजे अपनी दुकान बंद कर अपने घर बाइक से जा रहा था। जैसे ही वह शादीपुर नहर से पहले विक्रम सिंह केन क्रेशर के पास पहुंचा तो पीछे से आए अपाचे बाइक सवार बदमाशों ने उसे ओवरटेक कर रोक लिया,तथा बाइक से चाबी निकालने का प्रयास किया। भोलेनाथ वर्मा के विरोध करने पर उनमें से एक बदमाश ने तमंचे से उसे गोली मार दी जो कि उसकी जांघ पर जाकर लगी। राहगीरों के शोर मचाने पर बदमाश कोतवाली की तरफ भाग खड़े हुए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया परंतु वह हाथ नहीं आए। घटनास्थल पर कोतवाली देहात थाना प्रभारी सुनील कुमार व बरुकी चौकी प्रभारी योगेश कुमार ने मौके पर पहुंच घटनास्थल का जायजा लिया। कोतवाली प्रभारी ने कहा कि बदमाशों की तलाश में कांबिंग की जा रही है। जल्द ही बदमाशों को पकड़ लिया जायेगा।

# ऐजाजी तकरीब प्रोग्राम का किया गया एहतेमाम

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद के ग्राम में स्तिथ हर्ष वाड़ा मदरसा इस्लामिया शमशुल उलूम प्राइमरी स्कूल में एक एजाजी तकरीब प्रोग्राम का आगाज किया गया! जिसमें दिल्ली आए खुसूसी मेहमान मौलाना नजाकत अली कासमी दिल्ली हाई कोर्ट शेरशाह सूरी मस्जिद के इमाम और उनकी उलेमा टीम ने आकर प्रोग्राम में चार चांद लगाए! प्रोग्राम का आगाज मदारिस के बच्चों ने नात और कारी महबूब ने कुरान पाक की तिलावत से किया! अभी हाल ही में नजीबाबाद के एक होनहार हाफिज मोहम्मद सुहैब ने कुरानी मुसाबका के मुकाबले में फर्स्ट पोजिशन लाकर जिले का नाम रोशन किया था, जिसके चलते बच्चे की हौसला अफजाई के लिए एजाजी प्रोग्राम का एतमाद किया गया! जिसमें मौलाना नजाकत अली ने कुरान और हदीस पर रोशनी डालते हुए कहा कि कुरान पढ़ना मुस्लिम समाज के लिए बेहद जरूरी और फर्ज.है लेकिन कुरान को पढ़ना ही नहीं बल्कि कुरान को समझना और उसके मुताबिक जिंदगी जीना ही इस्लाम है! उन्होंने कुरानी मुसाबका में अव्वल आए हाफिज मोहम्मद सुहैब की जमकर तारीफ की और हौसला अफजाई कर हाफि ज सुहैब और और उसके वालीदैन और उस्ताद को मुबारकबाद पेश की! प्रोग्राम में पहुंचे सियासी शख्सियत मौज्जम इंजीनियर ने कहा कि इस बच्चे ने पूरे हिंदुस्तान में कुरान की तिलावत में फर्स्ट पोजीशन लाकर नजीबाबाद के साथ-साथ जिले का नाम भी रोशन कर दिया है जो कि हमारे लिए बड़े फक्र की बात है! उन्होंने कहा कि दीनी तालीम हासिल करने के बाद हाफिज मो, सुहैब जो भी दुनियावी तालीम हासिल करेंगे उसके लिए जो भी मदद होगी मैं उसके लिए तैयार रहूंगा! दूसरी बड़ी शहर की शख्सियत और शहर के जिम्मेदार और पुर्व चेयरमैन मौज्जम खां एडवोकेट ने कहा कि हमारे लिए पहले दीनी तालीम मायने रखती है कुरान को समझना ही असल जिंदगी है और कुरान के मुताबिक ही अपनी आखिरत और दुनिया सवारनी चाहिए! चेयरमैन साहब ने बच्चे और उसके वालीदैन और उस्ताद कारी सनव्वर को दिली मुबारकबाद पेश की! उन्होंने आगे कहा कि मैं इस बच्चे और मदरसे के लिए किसी भी मदद के लिए हमेशा तैयार रहूंगा! मौलाना इब्ने हसन ने अपने लफ्जो में कहा कि आज यह बच्चा जिस मुकाम पर है उसके लिए इसके उस्ताद कारी सनव्वर और बच्चे के मां बाप की मेहनत और लगन है, जिसकी बदौलत आज बच्चे ने कुरानी तिलावत मुकाबले में फर्स्ट पोजीशन हासिल की है! इस नेक काम के लिए उलेमाओं के जरिए बच्चे और उस्ताद और मदारिस के जिम्मेदार मौलाना इसरार साहब को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया! प्रोग्राम के आखिर में मौलाना असलम साहब ने मुल्क की खुशी के लिए अमनो अमान की और उस्ताद और तालीबे इल्म के मुस्तकबिल के लिए दुआएं भी की! प्रोग्राम की निजामत मौलाना इंतजार और सदारत मौलाना असलम साहब ने की! प्रोग्राम में मुफ्ती स-रफराज, कारी शादाब, कारी सनव्वर, कारी अकरम, कारी साजिद, इमरान अंसारी रॉयल फर्नीचर प्वाइंट, डा इलियास, डॉ इकराम, मुफ्ती सज्जाद, मदरसा सदर हाजी याहिया, नायब सदर हाजी रियाज, मोहम्मद जुबेर, शूरा मेंबर तनवीर और शहर के तमाम उलेमा और जिम्मेदार लोग मौजूद रहे!



# नया सवेरा योजना के अंतर्गत लोगो को बाल श्रम और बाल विवाह पर नुक्कड़ नाटक द्वार किया गया जागरूक

**ओंकार नाथ चौधरी दैनिक समाज जागरण**

जनपद श्रावस्ती मे श्रम विभाग और युनिसेफ के सहयोग से बाल मजदूरी व बाल विवाह उन्मुलन पर चलाई जा रही जन जागरुकता अभियान के आज 16 वे दिन विकास खंड इकौना के ग्राम पंचायत बिशुनापुर मे संस्कार संस्था के सदस्यों के द्वारा लोगो को जागरूक किया गया संस्था के सदस्यों ने लोगो को उनके घर जा कर बाल श्रम और बाल विवाह प्रति लोगो को जागरूक करने के अलावा विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा योजनाओ के विषय मे जानकारी दी।

ग्राम प्रधान प्रितिनिधि श्री हारुन जी ने लोगो से अपील किया कि वो अपने बच्चो को प्रति दिन विद्यालय भेजे और लोगो से यह भी कहा की अपने बच्चो की कम उम्र में शादी न करें इससे बच्चो का शारीरिक और बौध्दिक विकास नही होता है और उसकी आनेवाली पीढ़ी भी कमजोर होती है

रविवार का दिन होने के बावजूद भी विद्यालय के बच्चे काफी संख्या में उपस्थित थे गाँव के एक सम्मानित व प्रभावशाली व्यक्ति रामवचन यादव ने भी लोगो से कहा कि बिना शिक्षा मनुष्य पशु के समान है इसलिए सभी माता पिता को अपने बच्चो को पढ़ने का पुरा अवसर प्रदान करना चाहिए एवं लड़की हो या लड़का उसकी शादी सही उम्र पर करना चाहिए इसी प्रकार एक्शन ऐड



से स्नेह लता ने भी लोगो को बाल विवाह पर जागरूक किया। संस्था के सदस्यों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर बाल श्रम और बाल विवाह पर जागरूक किया।

अभियान मे ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक , प्रभावशाली व्यक्ति , अंगनवारी, आशा बहू, सफाई कर्मी ग्राम पंचायत के

# योजनाओं का लाभ लेकर महिलाएं आर्थिक रूप से स्वावलंबी बने

**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद बलरामपुर ग्रामो उन्नति संस्थान महोबा के 16 दिवसीय कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन कर महिलाओं



एवं बालिकाओं को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा सुरक्षा संबंधी जागरूकता कार्यक्रम किया गया जिसमें सखी वन स्टॉप सेंटर बलरामपुर से केन्द्र प्रबंधक श्रीमति कविता पाल द्वारा वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली एवं को महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला हेल्पलाइन 181,1090,112,1098आदि की जानकारी दी साथ ही महिला कल्याण विभाग की ओर से संचालित योजनाएं निराश्रित पेंशन ,वृद्धा, विकलांग पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला ,मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, इत्यादि योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ लेकर महिलाएं आर्थिक रूप से स्वावलंबी बने ' कार्यक्रम में यूनिसेफ से जुड़ी श्रीमति बबली जैसवाल , कुमारी सना स्टाफ नर्स , श्रीमती मधु वर्मा सामाजिक कार्यकर्ता श्रीदत्तगंज ब्लॉक पर 5 ग्राम पंचायतों से उपस्थित महिला एवं बालिका उपस्थित रहे

## रफ़्तार का कहर : अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई ! कार चालक की मौत

# रकेहटी निवासी अनुज पांडे की मौके पर हुई दर्दनाक मौत! लखीमपुर शारदा नगर मार्ग पर हुआ दर्दनाक एक्सीडेंट!

एस.पी.तिवारी, दैनिक समाज जागरण निघासन-खीरी।निघासन इलाके के एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई, यह घटना देर रात की बताई जा रही है, युवक अपनी कार में सवार होकर अकेले ही अपने गांव रकेहटी से लखीमपुर की तरफ जा रहा था, कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई, टक्कर इतनी भयंकर थी कि कार लगभग पेड़ में 10 फिट ऊंचे जाकर टकराई, जिसमे कार ड्राइवर सुबह तक फंसा रहा, सुबह होने पर ग्रामीणों को दुर्घटना की जानकारी हुई, और फूलबेहड़ पुलिस को सूचना दी, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कड़ी मशक्कत के बाद कार से बाहर निकाला, और ड्राइविंग लाइसेंस और आधार के जरिए शव की शिनाख्त कराई, जिससे युवक की शिनाख्त रकेहटी निवासी अनुज पांडे के रूप में हुई जिसकी सूचना परिजनों को दी गई,सूचना मिलते ही घर में कोहराम और चीख पुकार मच गया और परिजन घटना स्थल की ओर रवाना हो गए।

बताते चलें कि निघासन कोतवाली क्षेत्र के कस्बा निघासन निवासी अनुज पांडे जो पेशे से ड्राइवर थे जो देर रात अपने मालिक दीपू सक्सेना की स्विफ्ट डिजायर कार संख्या वढ16अइ1660 से रकेहटी से लखीमपुर जा रहे थे, तेज रफ्तार कार फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के ग्राम तेतारपुर के पास अनियंत्रित होकर सड़क के बाएं तरफ लगे एक पेड़ से टकरा गई, टक्कर इतनी



जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और अनुज की कार में ही दबकर दर्दनाक मौत हो गई।अनुज रात भर कार में ही दबे पड़े रहे,सुबह होने पर तेतारपुर के ग्रामीणों के जगने के बाद घटना की जानकारी हुई। मौजूद ग्रामीणों ने घटना की सूचना पड़ोस में ही फूलबेहड़ के खैंय्या पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कड़ी मशक्कत के बाद कार से बाहर निकाला और शव की शिनाख्त करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।वहीं अनुज की मौत के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# बच्चों को शिक्षित बनाए उनके हाथों में काम नहीं, कलम और किताबें दें "ग्राम प्रधान भदैया"

**ओंकार नाथ चौधरी दैनिक समाज जागरण**

जनपद गोंडा में ब्लॉक कटरा बाजार के ग्राम पंचायत भदैया में श्रम विभाग द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से संचालित नया सवेरा योजना के अन्तर्गत बाल श्रम, बाल विवाह, बाल तस्करी, बाल हिंसा, बाल शोषण के उन्मूलन हेतु जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन संस्कार संस्था कानपुर द्वारा कार्यक्रम सपनो की उड़ान के अन्तर्गत किया गया। कार्यक्रम में संस्था के द्वारा ग्राम हातापुरवा पर आउट ऑफ स्कूल बच्चों का डोर टू डोर सर्वे किया गया। सर्वे में आगनवाड़ी कार्यकत्री कौशल्या देवी, पुष्पा आशा नीलम देवी,सुशीला देवी का सहयोग लिया गया। सर्वेक्षण में टीआरपी ने बच्चों के परिवारों के साथ समन्वय करते हुए उनको बच्चों को रोज स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में विश्राम जी ग्राम प्रधान भदैया ने कहा अपने बच्चों को सभी लोग नियमित रूप से विद्यालय पढ़ने के लिए भेजे। उन्होंने बताया की नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हम लोगों ने जाना है बाल श्रम और बाल विवाह से बच्चों और उनके परिवार पर क्या नुकसान हो सीखता है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि हम अपनी ग्राम पंचायत को बाल श्रम और बाल विवाह मुक्त बनाने का प्रयास करेंगे। उनके द्वारा नुक्कड़ नाटक टीम, श्रम विभाग व यूनिसेफ को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से काम न करवाने की और उनको शिक्षा देने की अपील की।

संध्या मौर्य बीट कांस्टेबल थाना कटरा बाजार ने बाल से काम न करवाने, कम उम्र में शादी करवाने के लिए लोगों को



अधिकार दिए जाए। लड़कियों की काम उम्र में शादी नही करनी चाहिए। इनको भी बेहतर शिक्षा देनी चाहिए। यदि कोई व्यक्ति किसी भी लड़की की 18 वर्ष से कम उम्र में शादी करता है तो उसको जुमार्ना व जेल दोनो हो सकती है।

हाफिज फैयाज अली साहब ने बच्चों को स्कूल भेजने पर जोर दिया। उन्होंने कहा अगर बच्चों को पढ़ाएंगे तभी वो अच्छे मुकाम पर पहुंचेंगे, अगर बच्चों इल्म हासिल करेंगे तभी वो डॉक्टर, फौजी, मास्टर, इंजीनियर, हाफिज, अधिकारी बन पाएंगे इसलिए हम बच्चों से काम उम्र में काम नहीं करवाए उनको इल्म के लिए स्कूल भेजे, मदरसे भेजे।

जीशान अंसारी टीआरपी नया सवेरा ने बाल श्रम अधिनियम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों से काम करवाने वाले लोगों को 20000 से 50000 रुपए तक का जुमार्ना हो सकता है। 18 वर्ष से काम आयु के बच्चों से खतरनाक प्रक्रिया में काम करवाना प्रतिबंधित है। साथ ही उन्होंने श्रम विभाग ने श्रमिक पंजीयन, नवीनीकरण की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना, पुत्री विवाह योजना, मृत्यु विकलांगता एवं दुर्घटना सहायता योजना, मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना, बाल श्रमिक विद्या योजना की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आप अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए श्रम विभाग की संत रविदास योजना का लाभ ले सकते है।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल श्रम उन्मूलन व बाल विवाह उन्मूलन पर प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमे समुदाय के लोगों को बाल विवाह, बाल श्रम व उससे होने वाले दुष्प्रभाव, स्कूल चलो के बारे के विस्तार से जानकारी दी गई। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर नूर जहां ने बालिकाओं की शिक्षा, उनके साथ किसी भी प्रकार का भेद भाव न किया जाए इस पर अपने विचार रखे। अंत में टीआरपी नया सवेरा ने ग्राम प्रधान, बीडीसी, आशा, आंगनवाड़ी, समुदाय के लोगों, नुक्कड़ नाटक की टीम को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर श्रम विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज्य विभाग, स्वास्थ विभाग और बाल विकास पुष्टाहार विभाग के कर्मचारी गण उपस्थिति रहे।

# कंपोजिट विद्यालय भेलाई कला में भारतीय भाषा उत्सव धूमधाम से मनाया गया

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

कंपोजिट विद्यालय भेलाई कला तिलोई- अमेठी में भारतीय भाषा उत्सव एवं चिन्नास्वामी सुब्रमण्यम भारती जी का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। धीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रधानाध्यापक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष/ जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद- अमेठी ने बच्चों को अनेक भाषाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी उन्होंने बताया भारती जी एक सुप्रसिद्ध भारतीय लेखक कवि और पत्रकार भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और तमिलनाडु के समाज सुधारक थे महाकवि भारती के रूप में लोकप्रिय थे वह आधुनिक तमिल कविता के अग्रदूत थे और उन्हें अब तक के सबसे महान तमिल साहित्यकारों में से जाना व माना जाता है उनकी कई रचनाएं भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान देशभक्ति और राष्ट्रवाद को जगाने वाले ज्वलंत गीत थे सन 1882 ई० में तिरुनेलवेली जिले वर्तमान धूधूकुड़ी के रायपुरम में जन्मे भारती जी की प्रारंभिक शिक्षा तिरुनेलवेली और वाराणसी में हुई थी उन्होंने कई समाचार पत्रों में पत्रकार के रूप में काम किया उनमें से स्वदेसमित्रन और भारत उल्लेखनीय समाचार पत्र थे इस अवसर पर विद्यलय की शिक्षिकाएं अमिता जायसवाल शशि कुमारी सिंह पल्लवी श्रीवास्तव एवं सुचित्रा सती ने संयुक्त रूप से बच्चों से चित्रकला प्रतियोगिता क्विज प्रतियोगिता सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। बच्चों की खेल कूद प्रतियोगिता संपन्न कराई गई प्रधानाध्यापक धीरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आए बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया

इस अवसर पर रजिया बानो सरिता सिंह प्राची श्रीवास्तव एवं प्रभा वती- अनुचर उपस्थित रहीं।




# पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**समाज जागरण**
**मनोज यादव जिला ब्यूरो अमेठी**

बाजार शुक्ल अमेठी।थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूरे लाला मजरे बूबूपुर में सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में गमछे के फंदे से लटकता हुआ मिला सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से नीचे उतरवाया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई पूरे लाला बूबूपुर मैं घर के पूरब की तरफ स्थित बाग मैं सुबह लगभग 8:30 संदिग्ध परिस्थितियों में गमछे के सहारे पेड़ से गांव के समर बहादुर पाल पुत्र गंगा प्रसाद पाल उम्र करीब 35 वर्ष का शव लटकता हुआ पाया गया शौच व टहलने निकले ग्रामीणों ने लटकते शव की जानकारी होने पर उसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई।



**तहरीर मिलने पर होगी कार्रवाई**

थाना प्रभारी अरुण कुमार पटेल ने बताया की शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पीएम रिपोर्ट और तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# हाथियों का उत्पात : हाथियों के झुण्ड ने उत्पात मचाते हुए बकरी चराने गए दो बुजुर्गो किया घायल

**महेशपुर रेंजर नरेशपाल सिंह,डिप्टी रेंजर राम नरेश वर्मा,सुरेंद्र पाल गौतम,वन दरोगा जगदीश वर्मा,शिव कुमार कश्यप, वनरक्षक अशोक वर्मा,नरेंद्र वर्मा,माया प्रकाश वर्मा सहित वनकर्मी कर रहे गश्त!**

**एस.पी.तिवारी, दैनिक समाज जागरण**

गोला-खीरी।महेशपुर वन रेंज में आज फिर हाथियों ने उत्पात मचाते हुए नहर पर बकरी चराने गए दो बुजुर्गों को रौद दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें परिवारीजन व वन विभाग के कर्मचारीगणो ने सीएससी गोला लेकर आये जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बता दें थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम नयागांव निवासी इमामुद्दीन पुत्र बरकतउल्ला (55) निजामुद्दीन पुत्र जहूर (60) वर्ष दोनों बुजुर्ग कठिना नदी के किनारे बकरी चरा रहे थे। उसी समय जंगली हाथियों ने उन पर हमला कर दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने दोनों व्यक्तियों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला लेकर आए जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। महेशपुर रेंजर नरेशपाल सिंह,डिप्टी रेंजर राम नरेश वर्मा,सुरेंद्र पाल गौतम,वन दरोगा जगदीश वर्मा,शिव कुमार कश्यप, वनरक्षक अशोक वर्मा,नरेंद्र वर्मा,माया प्रकाश वर्मा सहित वन विभाग की टीम मौके पर गश्त कर रही हैं वही हाथियों को खदेड़ने के लिए ग्रामीणों के साथ वन विभाग की टीम बराबर प्रयास कर रही है।



# 55 लीटर शराब बरामद की गई

**ओंकार नाथ चौधरी समाज जागरण**

श्रावस्ती, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के आदेशानुसार जनपद में अवैध मद्य निष्कर्षण एवं अवैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत रविवार को प्रातः आबकारी निरीक्षक अरविन्द कुमार सिंह, उमाशंकर चौधरी की संयुक्त टीम द्वारा थाना भिनगा के भयापुरवा में दबिश दी गई। दबिश के दौरान 55 लीटर शराब बरामद की गई और` छिपाकर रखी गई 150 किलो ग्राम लहन मौके पर नष्ट किया गया तथा आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 2 अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गई। उक्त जानकारी जिला आबकारी अधिकारी पी0के0 गिरी ने



# राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन

**ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती**, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर नोडल प्रधानाचार्य आई0टी0आई0 भिनगा ने बताया है कि कौशलाथॉन राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता (कौशलाथॉन) का आयोजन जनपद स्तर पर 16 दिसम्बर, 2022 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भिनगा में किया जायेगा। प्रतियोगिता में पंजीकरण के लिए` ६६६.४स्त्र२र्ी.ङ्ग५.ल्ल एवं आई0टी0ओ0टी0 लखनऊ तथा एस०सी०वी०टी० की वेबसाइट पर कौशलाथॉन के उपलब्ध लिंक के माध्यम से पूर्ण कर अधिकाधिक संख्या में प्रतियोगिता में भाग ले सकते है। पंजीकरण की अन्तिम तिथि 14 दिसम्बर, 2022 है।

## ईमानदारी की मिसाल :

# खमरिया चौकी प्रभारी ने पेश की इमानदारी की मिसाल! बढ़ाया खीरी पुलिस का मान! सड़क हादसे में मृतक रामू नाग की बाइक से बरामद 2 लाख 3 हजार 4 सौ रुपये मृतक की पत्नी को सौंपे!

***बहुत कम लोग है शिवाजी दुबे जैसे ईमानदार पुलिसकर्मियों की! मृतक की पत्नी को सुपुर्द किए 2,03,400 (दो लाख तीन हजार चार सौ रुपए!***

**एस.पी.तिवारी, दैनिक समाज जागरण**

खमरिया-खीरी।पुलिस का नाम आते ही आम आदमी के जेहन में अलग अलग तरह की तस्वीर उभरती है लेकिन पुलिस में अभी भी कुछ ऐसे लोग हैं जो ईमानदार वह कर्तव्यनिष्ठ हैं। ऐसी ही एक मिसाल खमरिया पुलिस चौकी इंचार्ज ने कायम की है।

अगर आज के दौरे में किसी को लाखों रुपयों से भरा बैग मिल जाए तो वह उसे झट से लकप लेगा! लेकिन आज भी शिवाजी दुबे जैसे ईमानदार व कर्तव्यनिष्ठ पुलिसकर्मियों की कमी नहीं है जहां पुलिस की कार्यशैली को लेकर अक्सर पुलिसकर्मियों पर आरोप प्रत्यारोप लगते रहे हैं वही कुछ पुलिस अधिकारी ऐसे भी हैं जिन्होंने अपनी ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा से मिसाल कायम की है। जी हां हम बात कर रहे हैं वर्तमान समय में जनपद लखीमपुर खीरी में तैनात पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सुमन व थाना ईसानगर की रिपोर्टिंग पुलिस चौकी खमरिया में तैनात चौकी प्रभारी शिवाजी दुबे की जिन्होंने अपनी ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा से क्षेत्र व जनपद में नहीं बल्कि यूपी में पुलिस का हमेशा गौरव बढ़ाया है। ईमानदार पुलिस अधीक्षक खीरी संजीव कुमार सुमन के कुशल निर्देशन में हमेशा ईमानदारी से कार्य करने वाले खमरिया चौकी प्रभारी ने 8 दिसंबर 2022 को पीलीभीत बस्ती हाईवे पर खनीपुर के निकट हुए सड़क हादसे में मृतक रामू नाग की बाइक की डिग्गी से बरामद हुए 2,03,400 (दो लाख तीन हजार चार सौ) रुपये जब मृतक की पत्नी को बुलाकर सौंपे तो वहां पर मौजूद लोग आश्चर्यचकित हो गए और खमरिया पुलिस चौकी प्रभारी शिवाजी दुबे व उनकी पुलिस टीम की जमकर सराहना करने लगे और क्षेत्र में ईमानदारी की चर्चाएं होनी लगी।

बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक खीरी संजीव कुमार सुमन व खमरिया पुलिस चौकी प्रभारी शिवाजी दुबे की कार्यशैली से जहां अपराधियों में खौफ है वही इमानदारी की लोग मिसाल दे रहे हैं।



(फोटो ) 2 लाख 3 हजार 4 सौ रुपये मृतक की पत्नी को सौंपते हुए!

# नाजायज असलहा सहित युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**एसपी तिवारी, दैनिक समाज जागरण**

लखीमपुर-खीरी।पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शस्त्र के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी धौरहरा कुशल मार्गदर्शन एवं थानाध्यक्ष ईसानगर के नेतृत्व में रविवार को थाना ईसानगर पुलिस टीम उ0 नि0 शिवाजी दूबे,हे0 का0 अरूण कुमार,जय कुमार,गौरव मिश्रा,मनोज कुमार,म0का0 अर्चना द्वारा गस्त व चेकिंग के दौरान 01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस बरामद करके अभियुक्त नौशाद उर्फ बाबा पुत्र छेदू नि0 ग्राम चिकवनपुरवा थाना ईसानगर जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना ईसानगर पर मु0अ0सं0 628/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत करके अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय भेजा गया है।अभियुक्त के लिए विभिन्न धाराओं में पूर्व में अभियोग पंजीकृत हैं वहीं अभियुक्त को गिरफ्तार कार्यवाही की जा रही है।



# असम में, अनुसूचित जाति मोर्चा को 3200 ग्राम संबंध संचालन करने थे, जिनमें से 3308 किए गए :मून स्वर्णकार।

## राष्ट्रीय स्मारक न बनाकर कांग्रेस ने अंबेडकर का अपमान किया : लाल सिंह आर्य

**असम करीमगंज संवाददाता सचिन्द्र शर्मा दैनिक समाज जागरण :**

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर देश भर में जाति मोर्चा की ओर से 75वें आजादी का महोत्सव मनाने के लिए पूरे असम के हर गांवों को जोड़ने का काम दिया गया भारतीय जनता पार्टी असम प्रदेश के निदेर्शानुसार. इसके मुताबिक असम के 3200 गांवों को जोड़ने के लिए 9 नवंबर को धेमाजी जिले से गांव जोड़ने का अभियान शुरू हुआ. संबंध अभियान छोटकोना गांव में धूमधाम से अभियान को समाप्त किया गया। भारत के 75वें आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी असम के निर्देश पर भाजपा के अनुशुचित जाति मोर्चा के तहत पिछले 30 दिनों से गांव संबंध अभियान का आयोजन किया गया। भारतीय जनता पार्टी अनु-शुचित जाति मोर्चा असम प्रदेश ने राताबाड़ी के चुटाकोना में ग्राम संबंध अभियान के समापन के लिए रथ यात्रा का आयोजन किया। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति मोर्चा के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रमा स्वर्णकार, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष लालसिंह आर्य, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जयंत दास, भाजपा करीमगंज जिलाध्यक्ष सुब्रत भट्टाचार्य, पाथारकान्दी विधायक कृष्णेंदु पाल व राताबाड़ी विधायक विजय मालाकार सहित अन्य नेता मौजूद रहे. भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष मून स्वर्णकार ने भाजपा के नेतृत्व



वाली सरकार के अथक प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार समाज के पिछड़े लोगों के विकास के लिए दृढ़ संकल्प के साथ काम कर रही है। उन्होंने राज्य की भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार की विभिन्न विकास परियोजनाओं पर प्रकाश डाला और कहा कि भाजपा सरकार लोगों के विकास की सरकार है।आप 2014 से पहले के भारत के विकास और आज के भारत के विकास के बीच अंतर देख सकते हैं। खासकर नरेंद्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से पूरे देश के विकास के साथ-साथ अनुसूचित जाति के लिए कई विकास परियोजनाएं शुरू की गई हैं। आज केंद्र और राज्य सरकारें नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास को ग्रामीण संबंध अभियानों के माध्यम से लागू करने का काम कर रही हैं। दिल्ली दिसपुर में न बैठे भारत के हर अनुसूचित जाति बसे गांव में संपर्क अभियान चला रहे हैं. अखिल भारतीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने अपने भाषण में कहा कि कांग्रेस ने डॉ. बीआर अंबेडकर को भारत रत्न सम्मान नहीं दिया. क्यों नहीं बनाया. क्या यह एक संविधान निमार्ता का अपमान नहीं है। लेकिन आज भी अंबेडकर के सपने को पूरा करने के उद्देश्य से भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्रों में समानता हासिल करने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। आज भारत में संसद में 12 अनुसूचित राज्य मंत्री और 3 राज्यपाल हैं। कांग्रेस ने आजादी के बाद इतने लंबे साल नहीं किए जो आज नरेंद्र मोदी सरकार संविधान के नियमों के अनुसार कर रही है।

आज असम की भाजपा सरकार अनुसूचित राष्ट्र के विकास के लिए बहुत काम कर रही है और आगे भी करेगी। दिन के कार्यक्रम के अंत में शनबिल क्षेत्र के कई वरिष्ठ भाजपा कार्यकताओं का अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा स्वागत किया गया.

## असम के शैव गुरु सुदीप नाथजी ने मध्यमग्राम, कोलकाता में शिव मंत्र से (36) लोगो को दीक्षा दिया गया।

**असम करीमगंज संवाददाता सचिंद्र शर्मा दैनिक समाज जागरण :**

प्रताप देव नाथ के आवास मध्यमग्राम, कोलकाता में आज शिव मंत्र दीक्षा का समारोह आयोजित किया गया। सुबह में, शिव की पूजा एक गंभीर वातावरण में की जाती है। असम करीमगंज जिले के शैव गुरु सुदीप नाथजी दीक्षागुरु के रूप में उपस्थित थे। बाद में महामृत्युंजय यज्ञ का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता शैव गुरु सुदीप नाथजी ने की, प्रख्यात पुजारी विश्वनाथ भट्टाचार्य, प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता तपन देबनाथ, प्रख्यात पुजारी स्वपन दलाल, बाद में शैव नाथ ने ब्राह्मण संस्कृति पर चर्चा की। भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन से कहा मे शिव की पूजा नहीं करता, तो कोई भी मेरी पूजा नहीं करता। इसके



अलावा, गुरुजी ने संस्कृत शिक्षा पर महत्व दिया। इसके अलावा प्रमुख समाजसेवी तपन देबनाथ, पुजारी स्वपन दलाल, पुजारी विश्वनाथ भट्टाचार्य, विख्यात शिव मंत्र दीक्षित (36) लोग हैं। बाद में वैदिक शांति पाठ से कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम के अंत में दीक्षागुरु सुदीप नाथजी ने कोलकाता से असम करीमगंज संवाददाता सचिंद्र शर्मा को इस बात की जानकारी दी।

## मारपीट और मुलाइजा की जांच रिपोर्ट मेडलेपर साफ्टवेयर पर आनलाईन करने दिया गया प्रशिक्षण

**समाज जागरण/जिला ब्यूरो**

बालाघाट।(12दिसंबर)मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज पाण्डेय के निर्देशन एंव सिविल सर्जन डॉ दिनेश मेश्राम के मार्गदर्शन में शहीद भगत सिंह जिला चिकित्सालय के ए.आर.टी.सेन्टर में समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी और चिकित्सालय के डाक्टरों को मिडलेपर मेडिको लीगल परिक्षण एंव पोटमार्टम रिर्पोट सिस्टम साप्टवेयर का प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पंकज महाजन एंव जिला क्षय अधिकारी डॉ प्रियांश सोनकर द्वारा समस्त चिकित्सको को दिया गया।



साप्टवेयर के संबंध में जानकारी देते हुये डॉ पंकज महाजन ने बताया कि मारपीट एवं पीएम की रिर्पोट अब साप्टवेयर के माध्यम से किये जाने हेतु चिकित्सकों की आई डी कैसे बनाना है। उन्होंने इसकी रिर्पोटिंग के संबध में जानकारी दी और बताया कि समस्त कार्य आनलाईन होने से समय पर रिर्पोटिंग के लिए परेशान नही होना पडेगा । साफ्टवेयर में चिकित्सक के माध्यम से मरीज की रिर्पोट भर दी जायेगी एंव संबधित विभाग को आगे की कार्यवाही के लिए आनलाईन ही भेज दी जा सकेगी और संबधित रिर्पोट का रिर्काड भी साप्टवेयर में संधारित हो सकेगा जिससे की जरूरत पड़ने पर प्रस्तूत किया जा सकेगा। इसके लिए संबंधित विभाग से समस्त चिकित्सको की आई डी समय पर बनाकर देने के लिए विभाग को जानकारी प्रेषित की जा चुकी है। सभी चिकित्सक की युजर आई डी प्राप्त होते ही साप्टवेयर में कार्य किया जा सकेंगा।

## बाबा गुरु घासीदास का उपदेश "मनखे मनखे एक समान" को चरितार्थ करने के लिए सामाजिक एकता जरूरी - डॉ प्रेमचन्द जायसी

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर ।मिनीमाता गुरुद्वारा प्रबंधन समिति पचपेड़ी के प्रांगण में समाज की अतिआवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसमें राजमहन्त,जिला महंत,छड़ीदार,भण्डारी, बुद्धजीवी गण,समाज के वरिष्ठ अधिकारी,कर्मचारीगण, व्यापारीगण,नवयुवक साथीगण उपस्थित हुये ।सभी गुणीजनों की मंशा अनुरूप समाज को मजबूती प्रदान करने के लिये पूर्व के मनोनीत/चयनित सामाजिक संगठन प्रमुखों एवं मिनीमाता गुरूद्वारा प्रबंधन समिति पचपेड़ी के पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने पदों से स्वस्फूर्त होकर इस्तीफा दिया गया। जिसका समाज के द्वारा स्वागत किया गया। समाज अंतर्गत सभी संगठनों के लोगो ने समाज के बिखराव एवं आपसी मतभेदों को दूर करने के लिये विभिन्न संगठनों को एक करते हुये मिनीमाता गुरूद्वारा प्रबंधन समिति पचपेड़ी का नये सिरे से अध्यक्ष सहित नये पदाधिकारियों का चयन करने का निर्णय लिया गया। सभी उपस्थित जनमान्य सदस्यों की उपस्थिति में आपस में सभी मिलकर,एकजुट होकर पचपेड़ी में एक साथ परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा की जयंती मनाने का संकल्प लिया गया। अतः समाज के एकता एवं मजबूती के लिये कल के बैठक में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग करने वाले आप सभी महानुभावों का हम हृदय की अनंत गहराइयों से बहुत बहुत आभार व्यक्त करते है। आशा है नही अपितु पूर्ण विश्वास है कि बाबा गुरूघासीदास जी के बताये मार्ग पर चलकर एवं आप सभी प्रबुद्धजनों के सहयोग एवं आशीर्वाद से भविष्य में भी हमारी सामाजिक एकता एवं ताकत सदैव बरकरार रहेगी।

## किसानों के लिए पाँच दिवसीय क्षमता निर्माण का प्रशिक्षण सम्पन्न

**समाज जागरण/जिला ब्यूरो**

बालाघाट।(12दिसंबर)भारत सरकार द्वारा देशवासियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अपने विभिन्न मंत्रालयों के माध्यम से कृषि क्षेत्र में रोजगारोन्मूखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में वस्त्र मंत्रालय के केन्द्रीय रेशम बोर्ड की बालाघाट इकाई बुनियादी बीज प्रगुणन एवं प्रशिक्षण केन्द्र, बालाघाट द्वारा केपासिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत ह्नक्षमता निर्माणह्न के लिए पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।



इस अवसर पर केन्द्र प्रमुख डॉ॰ बावस्कर दत्ता मदन, वैज्ञानिक-सी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को तसर रेशम कृषि की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें मुख्यतः तसर गुणवत्तायुक्त रेशम उत्पादन, बीजोत्पादन, पीडक तथा रोग नियंत्रण के उपाय एवं कम लागत में वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन के विषय शामिल रहे। इस अवसर पर डॉ आर एल राऊत, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, राणा हनुमान सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र, बालाघाट द्वारा किसानो को खेतीबाड़ी में छोटी छोटी तकनीकों का उपयोग कर कम लागत मे कैसे ज्यादा उत्पादन लिया जा सकता है इसपर मार्गदर्शन दिया गया।

डॉ॰ सोमनाथ सरवादे , सहायक प्राध्यापक, कृषि महाविद्यालय, मुरझड़ द्वारा वनों में पाए जाने वाले साजा एवं अर्जुन पौधों की देखभाल तथा उनपर होने वाले रोग के नियंत्रण से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। श्री विजय नंदनवार, प्रक्षेत्र अधिकारी, कोसा बीज केन्द्र, वारासिवनी द्वारा मल्बेरी(शहतूत) रेशम उत्पादन तथा उससे होने वाले लाभ के बारे में एवं राज्य शासन से मिलने वाली सुविधाओं पर विस्तार से व्याख्यान दिया गया साथ ही श्री के0एल0 घोरमारे, रेशम निरीक्षक द्वारा कीटपालन के दौरान कीटों की विभिन्न अवस्थाओं में होने वाले रोग एवं उनके रोकथाम से संबंधित जानकारी दी गई। श्री विनायक टी मार्को, सहायक संचालक, हथकरघा, वारासिवनी, द्वारा रोजगार सृजन में हथकरघा की भूमिका पर प्रशिक्षण दिया गया। श्री अजय बैस, , बालाघाट द्वारा तसर रेशम उत्पादन के लिए विज्ञापन और प्रचार की भूमिकाह्न पर मार्गदर्शन दिया गया।

प्रक्षेत्र सहायक ने कीटपालन प्रक्षेत्र एवं बीजागार के रख-रखाव, नर्सरी तैयार कर उन्हें रोपित करना, कोसा एवं बीजोत्पादन संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों में हर्ष एवं उत्साह देखा गया तथा उन्होंने अपने अनुभव के बारे में बताया कि यह कार्यक्रम हमारे भविष्य के रोजगार के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। अंत में प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया ।

## मुख्यमंत्री बघेल ने कुम्हारी ओवर ब्रिज हादसे पर गहरा दुख प्रकट किया

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

रायपुर । मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कुम्हारी में निमार्णाधीन ओवर ब्रिज से एक बाइक गिरने से दम्पत्ति की मृत्यु की घटना पर गहरा दुख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए जिला प्रशासन को इस दुर्घटना में घायल बच्ची को बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने इस घटना के जिम्मेदारों के विरुद्ध तत्काल दण्डात्मक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं।

## छापों के स्वागत में बंद बाजार

-राजेश बैरागी-

उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले में आज बहुत सी दुकानें बंद थीं ।ऐसी बंद दुकानों के स्वामियों के यहां कोई सुख ब्याह शादी या दुख किसी निकट संबंधी की क्षति जैसा होने की जानकारी नहीं मिली। परचून से लेकर टायर पंचर लगाने वाले तक बहुत से दुकानदार अभूतपूर्व छुट्टी पर थे। और तो और प्रधानमंत्री जन औषधि बेचने वाला दुकानदार भी शटर बढ़ाकर गायब था ।जो दुकान खोलकर बैठे थे उनकी दृष्टि ग्राहक पर कम और सड़क पर आने जाने वालों पर अधिक थी। उनके चेहरों का नूर गायब था और जबान सूखी थी। यदि किसी दुकान के आगे कोई साधारण सी कार आकर रुक जाए और कुछ देर तक उसमें से कोई न उतरे तो समझो कि दुकानदार को हार्ट अटैक जैसा अनुभव होने लगे। बाजारों में हल्ला मच रहा है कि जीएसटी वाले छापा डाल रहे हैं। उनके साथ दूसरे विभागों के अलावा पुलिस भी है। व्यापारियों के खरीद बिक्री, लेनदेन को जांचा जा रहा है। चूंकि एक भी व्यापारी उनकी जांच या विभागीय मानकों पर खरा नहीं उतर सकता, इसलिए लदना तय है। तो फिर छोटे और औसत दर्जे के व्यापारी क्या करें? सबसे अच्छा तो यही है कि जब तक छापों की गर्मी है, दुकान ठंडी रखी जाए। झड़ और झगड़े सदा नहीं रहते, ऐसा बुजुर्गों से सुनते आए हैं। राज्य के 75 में से 71 जिलों में एक साथ छापों की कार्रवाई चल रही है। निशाने पर छोटे,मोटे और औसत दर्जे के व्यापारी हैं। अभी तक कर चोरी की बरामदगी भी बहुत नहीं है। ऐसा पहले कभी हुआ नहीं है लिहाजा इस का-र्रवाई का मतलब समझ नहीं आ रहा। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने व्यापारियों से बिना डरे दुकान खोलने का आह्वान किया है। उन्होंने कोई हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है। सरकार की कार्रवाई और सत्तारूढ़ पार्टी के विधायक का यह आह्वान समूचे माहौल को और रहस्यमय बना रहा है। एक बड़े परचूनिये ने दुकान खोल रखी थी। मैंने पूछा,-तुमने दुकान बंद नहीं की। उसने फीकी हंसी के साथ कहा,- डर कर घर बैठने से ही क्या होगा।' (साभार नेक दृष्टि हिंदी साप्ताहिक नौएडा)

## ऋषभ हत्याकांड के सटीक खुलासे से कानपुर में प्रमाणित हुई आईपीएस विजय की कर्तव्य के प्रति निष्ठा ,चार को जेल

**- अब तक पत्नी और प्रेमी समेत चार को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल**

**- संपत्ति के लालच में पत्नी ने ही हत्या के लिए प्रेमी को दी थी तीन लाख की सुपारी**

**- पुलिस का दावा : .ऋषभ से नहीं ,सपना ने की थी उसकी संपत्ति से शादी**





**सुनील बाजपेई कानपुर**। यहां कल्याणपुर थाना क्षेत्र में हुए बहुचर्चित ऋषभ हत्याकांड का सट-ीक खुलासा करते हुए पत्नी और प्रेमी समेत चार लोगों को जेल का रास्ता दिखाने के बाद पुलिस की गहन विवेचना लगातार जारी है।

इस चर्चित हत्याकांड में पुलिस की जारी छानबीन के दौरान दौरान व्हाट्सएप चैट के माध्यम से जो चौंकाने वाला तथ्य प्रकाश में आया, उसके मुताबिक ऋषभ तिवारी की पत्नी सपना पांडेय ने उसकी हत्या के लिए अपने नरवल निवासी प्रेमी राज कपूर उर्फ राजू को ड्ड3 लाख की सुपारी भी दी थी।

इस बीच पुलिस ने हासिल की गई जानकारी और बयानों के आधार पर यह भी दावा किया है कि सपना ने डिस्टर्ब से नहीं बल्कि उसकी संपत्ति से शादी की थी इसीलिए उसने प्रेमी के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से उसकी हत्या कर दी ।

इसमें कल्याणपुर खुर्द के मेडिकल स्टोर संचालक सुरेंद्र सिंह यादव ने भी मदद की थी। जिसकी वजह से बीते तीन दिसंबर को उसकी मौत हो गई थी। जिसके बाद इस घटना के सटीक खुलासे के लिए पश्चिमी पुलिस कठोर परिश्रम के साथ लगातार जुटी हुई थी।

अवगत कराते चलें कि इस बहुचर्चित ऋषभ हत्याकांड में उसकी पत्नी सपना पांडे प्रेमी राज कपूर राजू और मेडिकल स्टोर संचालक सोनू यादव समेत चार लोगों को जेल भेजने के रूप में इस घटना का सटीक खुलासा करने वाली पश्चिमी पुलिस की कमान आजकल अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की तत्काल सहायता के लिए भी चर्चित देश प्रदेश के कर्तव्यनिष्ठ और इमानदार आईपीएस अधिकारियों में से एक तेजतर्रार, व्यवहार कुशल और कठोर परिश्रमी जुझारू आईपीएस विजय ढुल के हाथ में है। उनकी कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा पीड़ितों की हर संभव सहायता के साथ ही नौकरी के अब तक के कार्यकाल में अनेक शातिरों सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है।

घटना की गहराई से छानबीन से निकले निष्कर्ष के आधार पर सचेंडी थाना क्षेत्र के इस बहुचर्चित हत्याकांड का सटीक खुलासा करवाने में पूर्ण रूप से सफल रहने वाले निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के जुझारू आई पी एस डी सीपी पश्चिम विजय ढुल की जहां तक डीसीपी पश्चिम के रूप में चुनौतीपूर्ण नियुक्ति का सवाल है, उसे उनकी कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ और पीड़ितों के हित में अपने कर्तव्य का पालन सदैव निष्ठा और ईमानदारी के साथ करना ही माना जा रहा है। यही नहीं यूपी की पुलिस सेवा में आने के बाद उनके अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा वाले सरल और शालीन स्वभाव के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले लोकहित में अपनी धुन के पक्के जुझारू आई पी एस विजय दुल ने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया। फिलहाल घटना में पत्नी सपना और उसके प्रेमी राजू समेत चार लोगों को जेल भेजने के बाद पुलिस की गहन विवेचना लगातार जारी है।

## विजय संकल्प यात्रा का जोरदार स्वागत

पटौदी/सुरेश कोहली : आम आदमी पार्टी द्वारा समस्त हरियाणा प्रदेश में निकाली गई विजय संकल्प यात्रा का नेतृत्व जिला गुरुग्राम में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता ने किया। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सुखबीर तंवर द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर पंकज गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी के शिक्षा और स्वास्थ्य मॉडल की प्रशंसा दिल्ली ही नहीं पूरे देश में हो रही है। समस्त राष्ट्र अरविंद केजरीवाल के काम की राजनीति को पसंद कर रहा है।

यात्रा का स्वागत करते हुये सुखबीर तंवर ने कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा दिल्ली नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी के 15 साल के शासन को समाप्त करने के पश्चात गुजरात विधानसभा चुनाव में वांछित मत प्रतिशत प्राप्त करके मात्र 10 साल में राष्ट्रीय दल की मान्यता प्राप्त करना भारतीय लोकतंत्र की ऐतिहासिक जीत है। आम आदमी



पार्टी का उद्देश्य राष्ट्र का सर्वांगीण विकास करके भारत को विश्व का प्रथम राष्ट्र बनाना है। पंजाब में ऐतिहासिक राजनीतिक सफलता के पश्चात "मेक इंडिया नंबर वन" मुहिम तेजी से राष्ट्र में जोर पकड़ रही है। राष्ट्र में आम आदमी पार्टी बुद्धजीवी वर्ग की पहली पसंद बन कर उभर रही है उन्होंने नारा दिया "दिल्ली हुई हमारी - अब हरियाणा की बारी"

यात्रा में डॉ॰ पंकज बेनीवाल, डॉ॰ सारिका वर्मा, सुशीला कटारिया, महाबीर वर्मा, राजीव यादव, दीपक कटारिया, पवन यादव, संदीप सिंह, सविता चावला, अंजलि राही, पारस जुनेजा, नितिन कुमार, सुनील गहलोत, निकेत अरोड़ा, शत्रुंजय, रेणु गोयल, सुनील शर्मा, निधी राणा, मनीष मक्कड़, डॉ॰ कुलबीर सिंह, हरीश मल्होत्रा, मंजीत जेलदार, डॉ॰ केके राव, डॉ॰ अश्वनी बंसल, प्रियदर्शिनी सिंह, आनंद, प्रताप कदम, नरेश चौहान, सतबीर यादव, डॉ॰ अशोक कुमार कोहली, सुरेंद्र सिंह शेरपुर, करतार सिंह नैनवा, पंकज तंवर सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मानव अधिकार दिवस पर उकवा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में कार्यशाला का किया गया आयोजन

**समाज जागरण/जिला ब्यूरो**

बालाघाट।(12दिसंबर) संपूर्ण विश्व में लोगो को उनके हक अधिकार और दायित्व के प्रति जागरुकता पैदा करने और हर आम जन तक इस-के महत्व और उपयोगिता को पहुंचाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मानव अधिकार दिवस मनाया जाता है। इसी तारतम्य में इस वर्ष कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल उकवा में ग्रामीण अंचलों में निवासरत बेटियों को उनके हक और अधिकारो के प्रति सचेत करने के मकसद से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन अंतराष्ट्रीय राष्ट्रीय संस्थान युनोस्को की इग्जीकेटिव मेंबर श्रीमती फिरोजा खान के मुख्य आथित्य एवं उकवा चौकी प्रभारी सुश्री दीपिका सिंगौर, सामाजसेवी एवं सर्व धर्म सेवा समिति के अध्यक्ष जेम्स बारीक, सेवा निवृत प्राचार्य श्री मोहसिन हबीब खान आईटीआई बालाघाट, की प्रमुख उपस्थिति एवं संस्था प्राचार्य श्रीमती सुनीता बोरकर की अध्यक्षता में किया गया ,जहां सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर बेटियों द्वारा सभी के सम्मान में एक खूबसूरत स्वागत गीत के साथ किया गया ।जहां अतिथि वक्तव्य के पूर्व बेटियों द्वारा भी मानव अधिकार पर बारी बारी से अपने विचार प्रस्तुत कर अपने अंदर के अनेक प्रश्नों को रखा और करीब से अपने अधिकारों को जाना की वर्तमान में बेटियों को और कितनी अधिक संविधान में शक्तियां प्रदान की गई है।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि फिरोजा खान ने कहा कि मानव जब इस धरती में जन्म लेता है,तो उसे जन्म के साथ ही इस धरती में अनेक अधिकार प्राप्त हो जाते है, जो बिना किसी जाति भेद, बिना किसी लिंग और ऊंच नीच के हर एक के सामान रूप से प्राप्त होते है, पर कई बार हम खुद इन अधिकारो से अनभिज्ञ रहने के कारण अपने जन्म सिद्ध अधिकारो का लाभ नहीं ले पाते हैं और ग्रामीण बेटियो को उनके अनेक अधिका-रो की जानकारी प्रदान की गई, चौकी प्रभारी उकवा दीपिका सिंगौर और समाजसेवी जेम्स बारीक ने भी बच्चो को अनेक प्रकार से जानकारी प्रदान कर विशेष कर ग्रामीण बच्चो को शिक्षा हेतु प्रोत्साहित किया,क्योंकी जब तक आप शिक्षित नहीं होंगे तो आप न स्वयं न दूसरो के अधिकारो को जान पाएंगे। कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य सुनीता बोरकर ने भी खान मेम का इस अद्भुत आयोजन को उकवा जैसे छोटे से ग्राम में करने हेतु आभार व्यक्त कर भविष्य में भी समय समय पर ग्रामीन बच्चो के मध्य पहुंच मार्गदर्शन हेतु आग्रह किया, ताकि किसी का शोषण न हो, कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक मदन गेडाम द्वारा किया गया

# अमेड़ा में हुआ विधिक सहायता शिविर का आयोजन

समाज जागरण/जिला ब्यूरो

बालाघाट ।राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निदेर्शानुसार एवं दिनेश चंद्र थपलियाल, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बालाघाट के मार्गदर्शन में महिलाओं के विरूद्ध हिंसा एवं भेदभाव को समाप्त किये जाने के उद्देश्य से एवं अंतर्राष्ट्रिय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर विशेष जागरूकता अभियान अंतर्गत ग्राम अमेड़ा में विधिक जागरूकता शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

ग्राम अमेड़ा की सरपंच श्रीमती टिकेश्वरी लिल्हारे द्वारा उक्त शिविर के आयोजन के लिए सहयोग किया गया तथा शिविर में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। उक्त शिविर के मुख्य अतिथि श्रीमान दिनेश चंद्र थपलियाल, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि मानव के द्वारा जन्म लेते ही प्र-कृति द्वारा व्यक्ति को अधिकार मिल जाते है। व्यक्ति जन्म से एक जैसा होता है, उसे अच्छे संस्कार द्वारा ही अच्छा व्यक्ति बनाया जा सकता है।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा व्यक्त किया गया कि बच्चों को शिक्षा लेना बहुत आवश्यक है बगैर शिक्षा के व्यक्ति अपने अधिकारों को जान नहीं पाता एवं उसे शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता। उक्त शिविर में विशेष अतिथित श्री आसिफ अब्दुल्लाह, जिला न्यायाधीश/सचिव द्वारा जिला प्राधिकरण की योजनाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। शिविर में श्री दिनेश कुमार प्रजापति, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य के बारे में बताया गया।



अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर ही वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक सुश्री रचना चौधरी द्वारा महिलाओं के अधिकार एवं उनके संरक्षण के लिए शासन की योजनाओं के संबंध में बताया। सुश्री रचना चौधरी द्वारा वन स्टॉप सेंटर के महत्व को बताते हुए उपस्थित महिलाओं को बताया गया कि महिलाएं चाहे वह किसी भी उम्र की हो या किसी भी स्थिति में वह यदि किसी भी प्र-कार से पीड़ित है, चाहे वह घरेलू हिंसा हो, चाहे वह किसी भी प्रकार की उत्पीड़न से ग्रसित हो, वन स्टॉप सेंटर में आकर अपनी समस्याएं बता सकती है, जिसका त्वरित निराकरण किया जावेगा।

इस शिविर में आयुष विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर दवाईयों का वितरण किया गया एवं स्वास्थ्य से संबंधी पीड़ित व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जॉच की गई ।शिविर में मंच संचालन करते हुए जिला विधिक सहायता अधिका-री श्री सोमनाथ राय द्वारा बताया गया कि उनका पद विधिक सहायता देने के लिए ही है। सोमनाथ राय द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य प्राधिकरण, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं को विस्तार से बताया गया तथा विधिक सेवाओं के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट में पहुंचकर अपनी समस्याओं से अवगत कराने का अनुरोध किया गया। इस शिविर में लगभग 585 लोग लाभांवित हु-ए ।उक्त शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कमचारींगण,वनस्टाप के कर्मचारीगण,आयुष विभाग के कर्मचारीगण एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा।

## ममता इंस्टीच्यूट ऑफ एजुकेशन के शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण**

सीवान/सारण। दरौंदा प्रखंड के चिंतामणपुर में रविवार को ममता इंस्टिट्यूट एजुकेशन शैक्षणिक संस्थान का शुभारंभ हुआ.बिहार राज्य में स्वास्थ्य शिक्षा के लिए बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था ममता इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन द्वारा चितामणपुर में किया जा रहा है। जहां नर्सिंग एवं फामेर्सी की व्यवस्था की गई है। संस्थान के द्वारा संचालित प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ अम्बेडकर ग्रूप ऑफ इंस्टिच्यूशन के अध्यक्ष डा कौशल कुमार गिरि, मुख्य अतिथि विधायक कर्णजीत सिंह, एसडीओ व एसडीपीओ आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ उद्घाटन किया। जिसके उपरांत संस्थान के द्वारा अतिथियों के सम्मान में स्वागत गान प्रियंका कुमारी, शालिनी प्रिया एवं जेनिफर ने प्रस्तुत किया। वहीं संस्थान की छात्राओं ने इस अवसर पर मोहक नृत्य की प्रस्तुति की। छात्र-छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम से दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कर्णजीत सिंह ने कहा कि संस्थान दशकों पूर्व से नर्सिंग एवं पारामेडिकल पाट्यक्रम की संचालन कर रहा है। जिससे राज्य के गरीब युवा-युवती भी अपने ही राज्य में उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।



राज्य में स्वास्थ्य सेवा के विकास में नर्सिंग एवं फामेर्सी प्रशिक्षण का विशेष महत्व है।

इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए श्री शर्मा, प्राचार्य अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन पटना ने कहा कि बेहतर नर्सिंग एवं फार्मेसिस्ट की उपलब्धता राज्य के मानवता की सेवा के साथ ही विकास के लिए भी आवश्यक है। आज उनकी मांग राष्ट्र के साथ अन्तराष्ट्रीय स्तर पर भी है। जिसे बिहार के युवा-युवती बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त कर पूरा कर सकते है। साथ ही उन्होंने संस्थान के छात्र-छात्राओं के बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में आये हुए प्रमुख अतिथियों के सम्मान में मोमेन्टो भेंट करते हुए अम्बेडकर ग्रूप ऑफ इंस्टीच्यूशन के अध्यक्ष कौशल कुमार ने सबका स्वागत करने के साथ ही छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नर्सिंग एवं फामेर्सी में प्रवेश करने के साथ ही छात्र-छात्राओं पर मानवता की सेवा एवं समाज की सहायता की जिम्मेदारी आ जाती है। नर्सिंग तथा फामेर्सी प्रशिक्षण छात्र-छात्राओं को नर्सिंग एवं फामेर्सी प्रशिक्षण में रोजगार प्रदान करने के साथ ही जिम्मेदारी निर्वाहन के योग्य बना देता है। इस अवसर पर जिला के बाहर से आये हुए विभिन्न चिकित्सक एवं शिक्षाविदों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में विभन्न नर्सिंग, फामेर्सी पारामेडिकल संस्थानों के प्रधानाचार्य व प्रोफेसर आदि संख्या में उपस्थित थे।

## साहित्य सृजन संस्थान के तत्वावधान में मानवाधिकार विमर्श संगोष्ठी का आयोजन

**पुष्पेन्द्र सिंह रैकवार, दैनिक समाज जागरण**

बिसवां (सीतापुर)। सामाजिक शैक्षिक साहित्यिक सरोकारों को समर्पित अखिल भारतीय संस्था "साहित्य सृजन संस्थान" के तत्वावधान में बिसवां नगर में स्थापित "सृजन पुस्तकालय" में मानवाधिकार दिवस की पूर्व संध्या पर एक विमर्श संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम अध्यक्ष रामपाल त्रिपाठी ने कहा कि भारत में मानवाधिकारों की चुनौतियों का समाधान तत्काल करने की आवश्यकता है।

मुख्य अतिथि सहदेव तिवारी ने कहा कि मीडिया और नागरिक समाज संगठनों को भी मानवाधिकारों के उल्लंघन के मामलों को सामने लाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए।

साहित्यकार संदीप मिश्र सरस ने कहा कि हम दुनिया में सबसे बड़ा लोकतंत्र स्थापित करने में सफल रहे हैं। लेकिन अभी तक अपने नागरिकों के अधिकारों की रक्षा नहीं कर पाए हैं, जो हमारे लोकतंत्र के लिए आवश्यक पूवार्पेक्षाएं हैं।

विचारक वृंदारकनाथ मिश्र ने कहा कि जब तक मौलिक मानवाधिकारों का सम्मान शासन का आधार नहीं



बनता, तब तक समाज की वास्तविक अर्थों में कोई प्रगति संभव नहीं।

शिक्षाविद राकेश शुक्ला ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना और मानवाधिकारों को बढ़ावा देना एक सभ्य समाज के अस्तित्व की सबसे बुनियादी आवश्यकताएं हैं।

द्वितीय चरण में समायोजित काव्य गोष्ठी में राम कुमार रसिक ने कहा :- सच कहता तेरी यादों में खो जाता हूं मैं। थोड़ा थोड़ा तब से पागल हो जाता हूं मैं।

विजय रस्तोगी ने कहा कि काहे को तू बौराए ऐ मनवा! काहे को तू बौराए।

आमोद मिश्र ने कहा कि ध्यान सबको रहे दीप के मान का। नाश हो जग से तम और अज्ञान का।।

धर्मेंद्र त्रिपाठी धवल ने कहा कि कभी कभी मैं, कुछ शब्दों को जोड़ लेता हूं। कभी कभी मैं कुछ भावों को मोड़ लेता हूं।

रोहित तिवारी ने कहा कि यातायात के नियमों का करें हम सभी पालन। अपने और अपनों के लिए करें त्वरित नियमों का पालन ।।

संदीप यादव सरल ने कहा कि नेहे को ईंटे गारा लगो प्रेम से। तू इमारते नहीं घर बनो प्रेमे से।

कार्यक्रम का संचालन युवा कवि आमोद शुभम मिश्र ने किया और आभार प्रदर्शन इकाई प्रभारी रामकुमार रसिक ने किया।

कार्यक्रम में अधिवक्ता मनोज गुप्त, ज्ञानेंद्र कश्यप, रविन्द्र वर्मा, शिवांशु पाण्डेय, हीरालाल यादव, कुलदीप यादव आदि साहित्यानुरागी उपस्थित रहे।

## दाउदपुर के शिक्षिका पुत्र व रेलकर्मी की पटना में सड़क हादसे में मौत

**दैनिक समाज जागरण**

मांझी (सारण)। दाउदपुर थाना क्षेत्र के नसीरा गांव में भीषण आग लगने से दो लोगों की सम्पति को काफी क्षति पहुंची है। वहीं आग बुझाने के क्रम में एक युवक झुलस कर गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को दोपहर बाद गौतम महतो के दालान में अचानक आग लग गई। देखते हीं देखते आग तेजी से फैल गई और बगल में रखे खोंप व रूपन महतो के धान के बोझे में पकड़ लिया। आस-पास मौजूद लोगों के द्वारा शोर मचाने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुटकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। आग की लपटें इतनी तेज थी कि लोगों के लिए आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। दर्जनों ग्रामीणों के काफी मशक्कत के बाद पम्पिंग सेट की सहायता से आग पर काबू



पाया जा सका। तब तक अनाज रुपये मूल्य के अनाज, कपड़े समेत अनेक सामान जलकर राख हो चुके थे। वहीं आग बुझाने के प्रयास में गौतम महतो का पुत्र सुनील महतो झुलसकर गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे ग्रामीणों के सहयोग से कोहड़ा बाजार स्थित एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया। आगलगी की इस भीषण घटना में गौतम महतो के दालान में रखे करीब 3 क्विंटल चावल, कपड़े, चौकी, खोंप में रखे भूसे समेत करीब 10 क्विंटल गेंहूँ व रूपन महतो के धान के 200 बोझे जलकर बर्बाद होने की बात बतायी जा रही है।वही विजय शर्मा के दो आम का पेड़ जलने की बात भी बताई जा रही है।

## होली होम स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

◆ **विजेताओं को जिला पार्षद ने किया सम्मानित**

**दैनिक समाज जागरण**

तरैया (सारण)। प्रखंड के शाहनेवाजपुर गांव स्थित होली होम स्कूल में रविवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मढ़ौरा डीएसपी इंद्रजीत बैठा ने किया। इस बीच स्कूली बच्चों ने आगंतुक अतिथियों का झांकी के साथ स्वागत किया। स्कूल के निदेशक दीपक कुमार गुप्ता ने बताया कि बच्चों के बीच रिले रेस, 100 मीटर रेस, बैडमिंटन, हाई जंप, लॉन्ग जंप, जलेबी रेस, ऑरेंज रेस, रस्सी कूद एवं कबड्डी का प्रतियोगिता रखा गया था। जिसमें लॉन्ग जंप एवं हाई जंप में रेड हाउस के अंशु कुमार सर्वोच्च स्थान प्राप्त किए। वही कबड्डी में बालक वर्ग से कप्तान रूपेश सिंह, विशाल कुमार, आरिफ,



अंशु, मदरसी राजा, अभिजीत एवं शिवम कुमार को विजेता घोषित किया गया। बालिका वर्ग के कबड्डी में कप्तान नंदिनी गुप्ता, अंजली कुमारी, शबाना, काजल, लक्ष्मी, खुशी कुमारी चयनित की गई। रस्सी कूद प्रतियोगिता में आशिका राय, बैडमिंटन बालक वर्ग में आदित्य गुप्ता व बैडमिंटन बालिका वर्ग में निधि कुमारी सर्वोच्च स्थान प्राप्त की। सभी विजेता प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार का वितरण तरैया जिला पार्षद आशा गुप्ता, राजीव कुमार गुप्ता व कमल प्रसाद सोनी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर मढ़ौरा डीएसपी इंद्रजीत बैठा, तरैया थानाध्यक्ष मोहम्मद शोएब आलम, तरैया जिला पार्षद आशा गुप्ता, उप प्रमुख प्रतिनिधि विनोद राय, होली होम विद्यालय के निदेशक दीपक कुमार गुप्ता, राजीव कुमार गुप्ता, शिक्षक बलिराम सर, नवल किशोर यादव, राजीव रंजन सिंह, मनोज सर, बबन सर, दीपू सर, आसिफ इकबाल, फारूक अहमद, जुम्मादिन सर, राजू विवेक, शत्रुघ्न सर समेत अन्य गणमान्य लोग तथा स्कूल के सैकड़ों बच्चे उपस्थित थे।

## किराना दुकान में लगी आग, ग्रामीणों के प्रयास से आग पर पाया गया काबू

**दैनिक समाज जागरण**

मशरक (सारण)। मशरक मेला बाजार स्थित एस के किराना दुकान में रविवार की सुबह लगभग 4: बजे आग लग गया था। आग लगने की जानकारी जैसे ही पड़ोसियों को हुई, जोर-जोर से चिल्लाने की आवाज शुरू हो गई, काफी संख्या में लोग उस दुकान के समीप जुट कर आग को बुझाने का प्रयास किया और आग पर काबू पा लिया गया। संजोग ऐसा था कि दुकान संचालक दुकान के अंदर ही सोए हुए थे, दुकान की फाटक को तोड़कर दुकान संचालक को बचाया गया। अगर पड़ोसियों के द्वारा आग पर काबू नहीं पाया जाता तो एक बड़ी हादसा हो सकता था। इस मामले में दुकान संचालक पूरब टोला निवासी श्रीकांत सिंह ने बताया कि लगभग 4:00 बजे सुबह में लोगों के जोर-जोर से चिल्लाने की आवाज शुरू हुई। मैं दुकान से बाहर निकलना चाहा तो देखा कि दुकान के मुख्य गेट पर आग लगा हुआ है। लोगों के द्वारा मेरी दुकान की फाटक को तोड़कर मुझे दुकान से बाहर निकाला गया। लोगों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। जब मैं दुकान के बाहर देखा तो दुकान की बाहर का सभी समान जलकर राख हो गया है। दुकान के चारों तरफ किरासन तेल छींटा पाया गया। इस संदर्भ में दुकान संचालक के द्वारा अज्ञात पर जानबूझकर आग लगाने की बात कही गई और यह भी कहा गया कि मेरे दुश्मनों के द्वारा मुझे जलाकर मार देने का साजिश रचा गया था। दुकान संचालक के द्वारा इस संदर्भ में मशरक थाना को आवेदन देने की बात बताई गई।

## 9वीं जिला स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा हुई आयोजित

**दैनिक समाज जागरण**

छपरा (सारण)। सारण 9वीं जिला स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा रविवार को आयोजित हुई। जिले भर से लगभग 5000 से अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं सारण जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा में शामिल हुए। आयोजन समिति के सचिव शशि कान्त ने बताया कि इस बार परीक्षा जिला के 7 केंद्रों पर आयोजित की गई थी। जिसमें उच्च विद्यालय अमनौर, उच्च विद्यालय परसा, श्रीधर बाबा दरोगा प्रसाद राय इंटर कॉलेज भेल्दी, बिशेश्वर सेमिनरी छपरा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय पचहौड़, उच्च विद्यालय मढ़ौरा तथा उच्च विद्यालय मकेर को परीक्षा केंद्र बनाया गया था।

इस बार ग्रुप ए, बी, सी, डी और ई पांच ग्रुप में परीक्षा आयोजित किया गया। ग्रुप ए में जहां दशम वर्ग के विद्यार्थी शामिल हुए। वहीं ग्रुप बी में नवम वर्ग के विद्यार्थी, ग्रुप सी में 8 क्लास के विद्यार्थी, ग्रुप डी में 7 क्लास के विद्यार्थी तथा ग्रुप ई में 4, 5 तथा 6 के विद्यार्थी शामिल हुए। 7, 8, 9 तथा 10 वर्ग का प्रश्न सिलेबस पर आधारित था। जिसमें विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, हिंदी व अंग्रेजी के प्रश्न पूछे गए। साथ ही कुछ जीके के भी प्रश्न थे। वहीं ग्रुप ई का प्रश्न नवोदय और सैनिक विद्यालय के प्रश्नों के पैटर्न पर आधारित था। आयोजन समिति के सचिव शशिकांत ने बताया कि इस परीक्षा को कराने में लगभग



लगभग तीन तक महीना कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। तब जाकर यह आयोजन संभव हो पाता है।

लिखित परीक्षा 22 जनवरी 2023 को भेल्दी कॉलेज में समारोह आयोजित कर के जितने भी प्रतिभागी सफल होंगे। उन सभी को पुरस्कृत किया जाएगा।इस परीक्षा को आयोजित कराने में सभी शिक्षक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है तभी जाकर यह परीक्षा संभव हो पाता है। सभी का सहयोग रहता है। सबसे बड़ी बात है कि यह परीक्षा पूरी तरह से पारदर्शी होती है। जिससे बच्चों एवं शिक्षकों में काफी रूचि और उत्साह रहता है। यह प्रतियोगिता लगातार सफलता की शिखर की ओर बढ़ रहा है।

आयोजन में मुख्य रूप से राजीव रंजन सिंह, कुंदन तिवारी, पप्पू कुमार सिंह, नवीन पुरी, अर्जुन सिंह, संतोष कुमार, ई. विजय राज, राजन सिंह, अनीश कुमार, चंद्र प्रकाश, जितेंद्र सिंह, रामप्रवेश पंडित तथा वीक्षण कार्य में विनोद कुमार, प्रियांशु कुमार, अभिषेक तिवारी रोहित कुमार, दामोदर साह, दीपू तिवारी, चंद्र श्याम सिंह, दीपक श्रीवास्तव, आलोक कुमार, सरफराज जी, धीरज शर्मा, उदय तिवारी, रजनीश मिश्रा, वीरेंद्र राम, मनोरंजन सिंह, दिलीप जी, धीरज सिंह, सोनी भारती, प्रियंका सिंह, संजय शर्मा, छोटेलाल चौरसिया, सोनू गुप्ता, साहिल सिंह, संतोष कुमार, संजय कुमार, रंजन कुमार, हरीश गुप्ता, खुर्शीद आलम, शंकर शर्मा, अश्वनी तिवारी, मुन्ना प्रसाद, चंदन कुमार, विकी कुमार, पिंकी कुमारी, शिक्षकों ने सहयोग किया।

## पत्रकार हितों के लिए मीडिया निर्वाचन क्षेत्र का गठन जरूरी: अनुराग एम सारथी

## जीशान कदीर को मिली ऐप्जा- सीतापुर के जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी

**दैनिक समाज जागरण**

सीतापुर (यूपी)। सीतापुर जनपद में ऑल इण्डिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (ऐप्जा) के चेयरमैन रवीन्द्र मिश्रा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में 22 वर्षों से पत्रकार बंधुओं के लिए मीडिया निर्वाचन क्षेत्र व जनहित के लिए गारंटेड अधिकार आयोग का गठन कराने के लिए संघर्षरत हैं।

ऐप्जा के चीफ को-आर्डिनेटर-अनुराग एम. सारथी ने लोकतन्त्र की मजबूती एवं पत्रकार हितों के लिए ह्यह्यमीडिया निर्वाचन क्षेत्रह्लह्ल के गठन को बेहद जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि इसके लिए ऐप्जा उत्तर प्रदेश के कई जनपदों के पत्रकार साथियों के साथ मिलकर लगातार संघर्षरत है। जिला मुख्यालय सीतापुर के नेहरू हाल (जिला पंचायत सभागार) में ऐप्जा के चीफ को-आर्डिनेटर एवं ऐक्शन पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव-अनुराग एम. सारथी ने कमेटी के गठन के लिए जिले भर से आए पत्रकारों की एक आम मीटिंग को सम्बोधित करते हुए उपरोक्त उद्गार व्यक्त किए।

श्री सारथी ने कहा कि ऐप्जा ह्यह्यसमस्याओं को उभारने के साथ सुधारने की मंशाह्लह्ल से कई वर्षों से पत्रकार हितों के लिए ह्यह्यमीडिया निर्वाचन क्षेत्रह्लह्ल एवं जनहित के लिए ह्यह्यगारण्टेड अधिकार आयोगह्लह्ल का गठन कराने के लिए लगातार संघर्षरत हैं। ऐप्जा ने प्रदेश भर में जन जागरण कर इसके लिए कई बार प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री को दिल्ली जाकर ज्ञापन दिया है। कई बार दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना दिया है। किन्तु पत्रकार हितों के लिए उठायी गई उपरोक्त मांगों पर केन्द्र व राज्य



सरकारों द्वारा कोई कारगार कदम नहीं उठाया गया है। इसलिए हमें अभी और अधिक संघर्ष करने की जरूरत है। उन्होंने समस्त पत्रकार साथियों को संगठित रहने का आह्वान करते हुए स्थानीय वरिष्ठ पत्रकार जीशान कदीर को जनपद सीतापुर ऐप्जा के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपकर कई पदाधिकारियों को मनोनीत किया गया। जिसमें जिला संरक्षक-आर.के. श्रीवास्तव, जिला प्रभारी-आशीष शर्मा, जिला उपाध्यक्ष-मंगल बाजपेई, बाल गोविन्द गुप्ता, जिला महासचिव-देवी सहाय तिवारी, अनूप रस्तोगी, जिला महामंत्री-हिमांशु पुरी, जिला संगठन मंत्री-सनोज मिश्रा, सूरज तिवारी, जिला सचिव-नोमान खान, मो सिराज, वली चौधरी, इमरान मंसूरी के साथ तमाम तहसील पदाधिकारियों को भी मनोनीत किया। इस मीटिंग में जनपद के तमाम पत्रकारों के साथ जोनल को-आर्डिनेटर ऐप्जा-मुकेश पाण्डेय भी उपस्थित रहे। तमाम तहसील के पदाधिकारियों की घोषणा भी की गई। जिसमें तहसील अध्यक्ष सिधौली-अतुल तिवारी, तहसील महामंत्री-गुरूप्रीत सिंह, तहसील मिश्रिख-आलोक शुक्ला, तहसील उपाध्यक्ष-शैलेश त्रिपाठी, तहसील संगठन मंत्री- धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, तहसील महासचिव-गोपीनाथ गुप्ता, तहसील अध्यक्ष लहरपुर-विपिन अवस्थी, बिसवां तहसील उपाध्यक्ष-आदर्श श्रीवास्तव के साथ ब्लाक सकरन व सीतापुर नगर के तमाम पदाधिकारियो की नियुक्ति की गई। जिसके साथ तमाम पत्रकार साथियों ने सदस्यता भी ग्रहण की।

उधर ऐप्जा के जिला कमेटी, तहसील कमेटी और ब्लॉक कमेटी के पदाधिकारियों के मनोनीत होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए ऐप्जा-सीतापुर के पूर्व जिला महामंत्री कमल सिंह सेंगर, पत्रकार मोहम्मद रियाज सिद्दीकी, रियासत अली सिद्दीकी, बीएस बघेल, पत्रकार शेखर मिश्रा, जितेन्द्र मिश्रा, पुष्पेन्द्र सिंह रैकवार, संतोष कुमार राव, पंकज कश्यप, नैमिष गुप्ता, सूरज सिंह, संदीप कुमार आदि ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## संगीतमय श्रीराम कथा व हनुमान जयंती यज्ञ के पूर्व संध्या पर जागरूकता बैठक

**दैनिक समाज जागरण**

तरैया (सारण)। संगीतमय श्रीराम कथा महायज्ञ की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। महा यज्ञ के पूर्व संध्या में रविवार को एक जागरूकता बैठक की गई। यह बैठक रविवार को तरैया प्रखंड के विभिन्न पंचायत व विभिन्न गांव में बाजार हाट से होकर भगवा झंडा लगाकर के सभी सदस्य, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण जनता लोगों के बीच जागरूकता फैलाये तत्पश्चात संध्या समय जागरूकता बैठक हुई। सोमवार की सुबह विशाल कलश यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे जिसको लेकर विधि व्यवस्था पर चर्चा हुई। कलश यात्रा के बाद महायज्ञ का पूजन पाठ शुभारंभ होगा। दोपहर दो बजे से बनारस के सुप्रसिद्ध कथावाचक



मधुकर जी के द्वारा संगीतमय श्रीराम कथा शुभारंभ किया जाएगा जो सन्ध्या छह बजे तक चलेगा। उसके बाद रात्रि सात बजे से प्रत्येक दिन रासलीला की व्यवस्था है। यज्ञ में मनोरंजन के लिए झूला व अन्य खेल की व्यवस्था है। बैठक में मुख्य रूप से समिति के सभी सदस्य, सरपंच संघ के प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी सुनील कुमार तिवारी, नारायणपुर मुखिया अमित सिंह, मुखिया ओम प्रकाश राम, बिनोद सिंह, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि धनवीर कुमार सिंह विक्कू, संजीव कुमार चौबे, डॉ दिलीप सिंह, मिंटू सिंह, शेखर सिंह, अमर सिंह, अरुण सिंह, डॉ रंजन सिंह, अभिषेक कुमार, साजन कुमार तिवारी, दिलीप सिंह, डॉ रंजय सिंह, शिला नाथ सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## प्रखंड में तीन दिवसीय तरंग स्पोर्ट्स मेधा उत्सव संपन्न

### अंडर 17 में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक के प्रतिभागी ओवरऑल विजेता

**दैनिक समाज जागरण**

मशरक (सारण)। मशरक प्रखंड में आयोजित तीन दिवसीय तरंग स्पोर्ट्स मेधा उत्सव का समापन सह पारितोषिक वितरण रविवार को मशरक गोपालबारी स्कूल के खेल मैदान में हुआ। 17 वर्ष आयु वर्ग में बालक एवम बालिका में सबसे अधिक पदक लेकर राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक ओवर ऑल चैंपियन हुआ। अंतिम हुए एथलेटिक्स की प्रतियोगिता में 12 वर्ष, 14 वर्ष एवम 17 वर्ष के आयु वर्ग में बालक बालिकाओं का 100 मीटर, 800 मीटर , 60 मीटर, 300 मीटर ,बॉल थ्रो , गोला प्रक्षेपण , लंबी कूद एवम ऊंची कूद की प्रतियोगिता हुई । विजेता प्रतिभागियों को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डा वीणा कुमारी , तकनीकी संयोजक संजय कुमार सिंह सहित अन्य ने पुरस्कार वितरित किया। मौके पर शिक्षक रहमत अली मंसूरी, मोहन साह, राजकिशोर साह, रामाशंकर सहनी , बनसोहि, नगमा उमवि हनुमानगंज, प्रीति कन्या मध्य विद्यालय मशरक,



राजू सर , रितेश कुमार सिंह सहित अन्य थे।प्रतियोगिता का परिणाम .....

बालक 17 वर्ष 100 मीटर में प्रथम - मोहित कुमार उमावि छपिया, द्वितीय रूपेश कुमार, सूरज कुमार राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक 14 वर्ष 100 मीटर बालिका में अंशिका कुमारी कन्या मध्य विद्यालय मशरक, रिंपा कुमारी बनसोही, पलक कुमारी आदर्श मध्य विद्यालय, 12 वर्ष आयु बालिका 60 मीटर में अनुष्का पांडेय, गोला प्रक्षेप्न बालिका 17 वर्ष - प्रथम दूजा, द्वितीय शबो राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक, आकांक्षा प्लस टू अपग्रेड गंडामान, लंबी कूद - खुशी कुमारी राजकीय कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक, दीपशिखा , अंकांक्षा प्लस टू गंडाम्न, ऊंची कूद बालक सूरज कुमार राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक, मोहित कुमार , रवि पटेल छपिया शामिल है।

## चोरी की 13 बाईकें बरामद, दो अभियुक्त गिरफ्तार

**पुष्पेन्द्र सिंह रैकवार, दैनिक समाज जागरण**

बिसवां (सीतापुर)। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अपराधियों की धरपकड़ व अपर पुलिस अधीक्षक डॉ राजीव कुमार दीक्षित, प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, निरीक्षक विजय कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में बिसवां पुलिस टीम द्वारा 13 चोरी मोटरसाइकिल व दो अभियुक्तो को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है। कोतवाली परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता के



दौरान अपर पुलिस अधीक्षक डॉ राजीव कुमार दीक्षित ने बताया कि बिसवां कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी की गई 13 मोटरसाइकिल सहित दो अभियुक्त हिमांशु उर्फ निम्बूलाल निवासी ग्राम कौवा खेड़ा थाना बिसवां व विनोद कुमार उर्फ कालिया निवासी ग्राम भगौती पुर मजरा कौवा खेड़ा थाना कोतवाली बिसवां को उनके घर से दबिश के दौरान गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों ने चोरी की गई मोटरसाइकिल में संलिप्त होना स्वीकार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली बिसवां, सीतापुर, बाराबंकी में चोरी की वारदातों का अभियोग दर्ज है। इस सफलता में निरीक्षक विजय कुमार मिश्रा, कस्बा इंचार्ज कृष्ण कुमार, हेड कांस्टेबल राम प्रताप,हेड कॉन्स्टेबल दीपक वर्मा,हेड कॉन्स्टेबल राम तीरथ यादव, कान्सटेबल पीयूष सिंह, विनय चौधरी, गौरव परिहार का योगदान रहा।

## ट्रेन से कटकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

**दैनिक समाज जागरण** मांझी/एकमा (सारण)। छपरा-सिवान रेलखंड के दाउदपुर व एकमा स्टेशन के बीच स्थित लक्ष्मीपुर एवं माने रेलवे ढ़ाला के मध्य रविवार को एक अज्ञात व्यक्ति की अप रेल ट्रैक पर ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही देखने वालो की भीड़ उमड़ पड़ी। घटना की सूचना माने रेलवे ढ़ाला पर ड्यूटी पर तैनात गेटमैन ने एकमा स्टेशन मास्टर को दिया। जहां स्टेशन मास्टर ने घटना की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया। समाचार भेजे जाने तक मृत व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी थी।

## मशरक में आयोजित दो दिवसीय तरंग स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में छात्रों ने मचाया बवाल

**दैनिक समाज जागरण** मशरक (सारण)। मशरक प्रखंड के अरना पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय छपिया के खेल मैदान में आयोजित दो दिवसीय तरंग स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार की शाम प्रतियोगिता में शामिल छात्रों और अभिभावकों ने खेल में गलत निर्णय देने का जमकर विरोध किया। वहीं मौके पर छात्रों ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी



डॉ वीणा कुमारी को खेल प्रतियोगिता के मंच पर ही घेरकर विरोध प्रदर्शन किया। जिसका विडियो ग्रामीणों के द्वारा रविवार को मीडिया को देकर आरोप लगाया गया कि प्रतियोगिता में प्रतिनियुक्त शिक्षकों के द्वारा गलत तरीके से शामिल होकर अपने चहेते छात्रों को आगे कर दिया जा रहा है। वहीं जो सबसे अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उसे रिजेक्ट कर दिया जा रहा है। वहीं प्रतियोगिता आयोजित करने में जबरदस्त धांधली की जा रही है। जिससे छात्रों का मनोबल टूट रहा है। वहीं छात्रों के भारी बवाल और आक्रोश को देखते हुए प्रतियोगिता स्थगित कर दी गई।

## उप विकास आयुक्त ने मशरक में बीएलओ के साथ की बैठक

**दैनिक समाज जागरण** मशरक (सारण)। उप विकास आयुक्त सारण अमित कुमार ने रविवार को मशरक प्रखंड कार्यालय के मनरेगा सभागार में प्रखंड क्षेत्र के सभी बीएलओ के साथ बैठक आयोजित की। मौके पर बीडीओ मो आसिफ, जीपीएस अशोक कुमार, बीएलओ अरूण कुमार पाठक, रजनीकांत राम समेत अन्य बीएलओ उपस्थित रहे।

मौके पर उप विकास आयुक्त ने सभी बीएलओ के कार्यों की समीक्षा की। वहीं जिन बीएलओ का परफॉर्मेंस अच्छा नहीं था या प्रपत्र 6, 7, 8 ऑनलाइन या ऑफलाइन नहीं किए थे। उनको फटकार लगाई गयी। वहीं जो भी कार्य पेंडिंग हैं उसे 3 दिनों के अंदर पूरा करने का आदेश दिया। बैठक में जो भी बीएलओ अनुपस्थित पाए गए उनसे शो कॉज करने का निर्देश दिया।

## खैरा थाने में चौकीदार की कराई गई परेड, दिए गए दिशा-निर्देश

**दैनिक समाज जागरण** नगरा (सारण)। खैरा थाने में रविवार को क्षेत्र के चौकीदारों की परेड करायी गई। थानाध्यक्ष विजय कुमार चौधरी के दिशानिर्देश पर मौजूद एएसआई रामजतन प्रसाद ने सभी चौकीदार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। चौकीदारों को नसीहत देते हुए कहा की सभी लोग अपने अपने क्षेत्र में शराब तस्करी और




आपराधिक गतिविधियों पर नजर बनाए रखे ऐसा कुछ संदेह होने पर थाने को जरूर सूचना दें। वहीं उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसी प्रकार की लापरवाही की जाती है तो उनपर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कहा कि शराब व शराब तस्करी को रोकने में चौकीदार की भूमिका अहम है। क्योंकि, गांव स्तर पर उन्हें हर जानकारी रहती है।

इसलिए आप सभी सक्रिय हो जाय। अपने-अपने क्षेत्रों में शराब व तस्करी की सूचना हासिल करें। छापामारी कर गिरफ्तारी करावें। तभी शराब सहित अन्य अपराधिक मामलों पर अंकुश लग सकती है। इस परेड के मौके पर जावेद इकबाल, शत्रुधन प्रसाद यादव, धर्मेंद्र कुमार , अमित कुमार, टुन्ना,गीता देवी, बहादुर, अर्जुन मांझी सहित अन्य क्षेत्रों के चौकीदार मौजूद थे।

## बिहार विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी का तरैया में हुआ स्वागत

**दैनिक समाज जागरण** तरैया (सारण)। तरैया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत छपिया पंचायत भवन के समीप स्थित लाइन होटल पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी का राजद नेता मिथिलेश राय ने स्वागत किया।



तत्पश्चात तरैया विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य समेत अन्य पहलू पर चर्चा हुई। विधानसभा अध्यक्ष श्री चौधरी सिवान से पटना लौट रहे थे। इसी दौरान राजद नेता मिथिलेश राय के लाइन होटल पर रुके थे। मौके पर राजद नेता व पूर्व विधायक प्रत्याशी मिथिलेश राय, शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद यादव समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# सोलर सिस्टम वाली पानी की टंकी बनी शोभा की वस्तु ग्रामीणों को नहीं मिल रहा लाभ.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड़ जिले के मुख्यालय से कुछ दूरी पर बसा हुआ कोला जोड़ा पंचायत के नदी टोला गांव में चापाकल और सोलर सिस्टम वाली पानी टंकी 8 महीने से है खराब इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है 80 घरवाले आदिवासी बहुल गांव क्षेत्र में ग्रामीण जनता की प्यास बुझाने के लिए लाखों की लागत से सोलर सिस्टम से बनाए गए पानी टंकी बेकार साबित होने लगी है. आदिवासी बहुल गांव में मुख्यमंत्री जल नल योजना के तहत बनाए गए अधिकतर पानी टंकी महीनों से खराब पड़ा हुआ है. नतीजतन ग्रामीणों को इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा है.

ग्रामीण जनता को पानी के लिए होना पड़ रहा परेशान मुख्यमंत्री जल नल योजना से सोलर पाइप पानी टंकी खराब पड़े रहने से ग्रामीण जनता को पानी के लिए काफी परेशान और जूझना पड़ रहा है. ग्रामीण जनता को पानी के लिए एक किलोमीटर दूर जाना पड़ता है. पानी की टंकी महीनों से खराब पड़ी हुई है. इसके चलते उन्हें परेशान रहना पड़ता है

सरकार ने शुरू की है मुख्यमंत्री जन जल योजना आपको बताते चलें कि आदिवासी बहुल गांव में ग्रामीण जनता को पीने के पानी के लिए जूझना नहीं पड़े, इसी के लिए



सरकार ने मुख्यमंत्री जन जन योजना की शुरूआत की है. लाखों की लागत से चापाकल गाड़ी के माध्यम से सोलर सिस्टम के तहत पानी टंकी लगाया गया है, ताकि ग्रामीण जनता को स्वच्छ और सुचारू रूप से पानी की आपूर्ति होती रहे. सोलर पाइप पानी टंकी बनाते समय कार्य एजेंसी की ओर से जैसे-तैसे काम कर सरकारी पैसे की निकासी कर ली जाती है. दो-तीन महीने तो ठीक चलती है, उसके बाद खराब हो जाती है. ठीक करने के नाम पर मोटर और सोलर खोल कर ले जाते हैं. उसके बाद कोई देखने तक नहीं आता है. अगर मिस्त्री आते भी है तो ₹3000 की डिमांड करते हैं ग्रामीणों का कहना है।पानी का अभाव झेल रहे ग्रामीण जनता का कहना है कि पानी के लिए उन्हें तो दूर-दूर जाना ही पड़ता है. ठीक करने के लिए मुखिया, वार्ड पार्षद से लेकर प्रखंड के पदाधिकारी तक बोल कर थक जाते हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकलता. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्र में मुख्यमंत्री जन जल योजना के तहत पेयजल स्वच्छता विभाग और प्रखंड स्तर पर प्रखंड कार्यालय से लाखों की लागत से आदिवासी बहुल गांव में सोलर पाइप से पानी टंकी लगाया गया है. पानी की तरह पैसा बहाया गया है, जिसमें अधिकतर योजना फेल है और ग्रामीण जनता को इसका लाभ नहीं मिल रहा है. इसलिए ये उच्च स्तरीय जांच का विषय है बनता है।

# जदयू की हुई अहम बैठक जिला अध्यक्ष का जोरदार स्वागत।

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार**

पाकुड़/आमडाप़ाड़ा मे आज जनता दल यूड्ट की बैठक आमडाप़ाड़ा प्रखंड के अंतर्गत बॉर्डर कोला पंचायत में जदयू के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी की अहम बैठक जिला अध्यक्ष गौतम मंडल के नेतृत्व में हुई, एवं आज के इस बैठक में नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष गौतम मंडल का आदिवासी रीति-रिवाजों से जोरदार स्वागत किया गया। आज के इस बैठक में सबसे पहले संगठन विस्तार पर चर्चा की गई, पार्टी की संगठन विधानसभा में कैसे मजबूत की जायेगी जिला अध्यक्ष गौतम मंडल ने संगठन विस्तार करने हेतु अपना विचार रखा। उसके बाद ग्रामीण क्षेत्रों की समस्या जैसे कि जनवितरण दुकानदारों के द्वारा कार्ड धारियों को राशन कम देना, मनरेगा योजना के तहत जल कुंड,सिंचाई कूप निर्माण में अनियमिता, ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की समस्या इन सभी बातों से अवगत हुए, और जिला अध्यक्ष गौतम मंडल ने ग्रामीणों को यह आश्वासन दिया की उपायुक्त से



मिलकर इन सारी बातों को रखेंगे अन्यथा काम नहीं होने पर जनता दल यूड्ट ग्रामीणों की समस्याओं के लिए नव वर्ष में गांव से लेकर ब्लॉक तक आंदोलन करने को रूपरेखा तैयार करेंगे जिला अध्यक्ष गौतम मंडल ने यह भी कहा की पार्टी समाज हित में काम करती आई है, और आगे भी काम करती रहेगी। गौतम मंडल ने यह भी कहा की खीरू महतो सह राज्यसभा सांसद के आदेशअनुसार हर प्रखंड में अपनी पार्टी को मजबूत स्तर पर खड़ा करना है, एवं जदयू का परचम झारखंड में भी लहराना है। जिसको लेकर पार्टी कड़ी मेहनत और लगन से काम कर रही है।मौके पर लिट्टीपाड़ा प्रखंड अध्यक्ष मारकुश सोरेन,आमडाप़ाड़ा प्रखंड अध्यक्ष विनोद ठाकुर, प्रखंड सचिव शिवजी प्रसाद,जिला सचिव अब्दुल आलम, पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष युवा मोर्चा अमन भगत एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# देवीलाल मुर्मू को झारखंड कांग्रेस प्रदेश के प्रदेश सचिव नियुक्त पर खुशी का माहौल.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**

पाकुड़ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा देवीलाल मुर्मू को झारखंड कांग्रेस प्रदेश सचिव नियुक्त करने पर महेशपुर विधानसभा के कांग्रेस कार्यकताओं सहित आम लोगों में खुशी का माहौल देवीलाल मुर्मू को चाहने वालों का बधाई संदेश का सिलसिला जारी रहा। महेशपुर विधानसभा के कांग्रेस मीडिया प्रभारी ने माला पहनाकर स्वागत किया एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य 20सूत्री सदस्य स्टीफन मरांडी ने एवं कांग्रेस कार्यकताओं ने बारी-बारी से माला पहनाकर स्वागत किया गया, देवीलाल मुर्मू ने प्रदेश सचिव नियुक्त करने पर झारखंड कांग्रेस प्रभारी




आदरणीय अविनाश पांडे झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री सह विधायक दल नेता आलमगीर आलम एवं झारखंड प्रदेश नवनियुक्त महासचिव तनवीर आलम को धन्यवाद दिया एवं उनके प्रति आभार प्रकट किया उन्होंने कहा कि जिस विश्वास के साथ मुझे जिम्मेदारी दी गई है उस विश्वास की कसौटी पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगा मौके पर उपस्थित प्रखंड उपाध्यक्ष नकुल राय मकबूल अंसारी इकबाल अंसारी आदि उपस्थित थे।

# सैलानियो और पर्वतारोहियों का केंद्र बिंदु है गुमरो पहाड़ ।

## प्राकृतिक की गोद में कुछ समय बिताने से शांति शकुन मिलता है जनमानस को

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता फतेहपुर विपुल गोस्वामी**

फतेहपुर प्रखंड के सीमावर्ती क्षेत्र में विराजमान गुमरो पहाड़ सैलानियों और पर्वतारोही का आकर्षण का केंद्र बिंदु है ।शीत ऋतु का आगमन और गुमरो पहाड़ की याद नहीं आए, यह हो नहीं सकता है ।प्राकृतिक दृश्य में मनमोहक ऊंचे शिखर है, पत्थर का चट्टान है और चारों तरफ वृक्ष की हरियाली अनायास आकृष्ट कर लेता हैं सैलानियों को। बता दें पिकनिक के लिए तथा पर्वतारोहियों के लिए रमणीय स्थान है गुमरो पहाड़ ।यहां पक्षियों का कोलाहल बंदरों के उछल कूद के साथ प्राकृतिक धरोहर के रूप में धरती के गोद से निकलता झरना का निर्मल पानी । पानी सिर्फ प्यास ही नहीं बुझाता बल्कि आयुर्वेदिक दृष्टिकोण में सेहत के लिए बहुत ही उपयोगी है। आखिर क्यों नहीं होगा यह पानी पहाड़ के गोद से निकलकर जड़ी बूटियों को



स्पर्श करते हुए निकलता है ।मंद मंद पवन का एहसास शरीर के लिए लाभदायक है ।प्राकृतिक के नियमानुसार जीवन श्रृंखला को स्थापित करने की कड़ी में बाघ सिंह और जंतु जानवर की अहमियत कम नहीं है। बाघ सिंह यहां बसेरा है, जबकि लुप्त होते जा रहे हैं, कम मात्रा में आज भी पहाड़ों में विद्यमान है ।अक्सर सड़क के किनारे देखा भी जाता है ।धार्मिक दृष्टिकोण में यहां पर पहाड़ देवता विराजमान है ।जो यहां के लोगों की मान्यता है कि पूरे क्षेत्र की रखवाली पहाड़ देवता करते हैं। उनका भी पूजा-अर्चना श्रावण महीना के अंत में किया जाता है। सैलानियो के साथ पर्वतारोही भी क्षेत्र में आकर अपना तंबू बिछा कर सुबह शाम के प्रेक्टिस करते रहते हैं। पहाड़ की एकओर छोर में समतल जमीन है ।जहां पर मकान बना हुआ है, जो पहले दूरसंचार की व्यवस्था था। आज इतिहास बनकर रह गया है। फतेहपुर से मात्र 8से9 किङ्गमीङ्गदुली पर है गुमरो पहाड़।

# सेतु दीदी द्वारा दिया गया स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता संबंधी प्रशिक्षण

**कुंडहित प्रखंड से दैनिक समाज जागरण संवाददाता शेख समीम की रिपोर्ट**

कुंडहित प्रखंड क्षेत्र में जेएसएलपीएस के सेतु दीदीयो द्वारा सखी मंडलो को स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता संबंधित विषय पर प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को प्रखंड के खजूरी कलस्टर के सुद्राक्षीपुर और चन्द्रपुर गांव में ज्योति आजीविका महिला ग्राम संगठन सुद्राक्षीपुर एवं चंद्रपुर आजीविका महिला ग्राम संगठन के सखी मंडल की दीदियों को स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक सेतु दीदी सुंदरी सिंह ने स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता के बारे में प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान शिशु सुरक्षा, हमारा स्वास्थ हमारा हाथ,



गर्भवती मां के देखभाल और खतरे का लक्षण, गर्भवती मां के पोषण, बच्चे के स्वास्थ्य, हजार दिन गीता की कहानी आदि विषयो के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही साथ उपस्थित सखी मंडल दीदीयों को प्रेगनेंसी जांच, खून जांच, पौष्टिक आहार ,आंगनबाड़ी में मिलने वाले सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। उन्होंने गर्भवती महिलाओ से प्रसव नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर कराने की बात कहीं । मौके पर सेतु दीदी सुंदरी सिंह के अलावे सखी मंडल के दीदीयां उपस्थित थी।

# देवीलाल मुर्मू को झारखंड कांग्रेस प्रदेश के प्रदेश सचिव नियुक्त पर खुशी का माहौल.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड़/अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा देवीलाल मुर्मू को झारखंड कांग्रेस प्रदेश सचिव नियुक्त करने पर महेशपुर विधानसभा के कांग्रेस कार्यकताओं सहित आम लोगों में खुशी का माहौलेदेवीलाल मुर्मू को चाहने वालों का बधाई संदेश का सिलसिला जारी रहोमहेशपुर विधानसभा के कांग्रेस मीडिया प्रभारी ने माला पहनाकर स्वागत किया एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य 20सूत्री सदस्य स्टीफन मरांडी ने एवं कांग्रेस कार्यकताओं ने बारी-बारी से माला पहनाकर स्वागत किया गया देवीलाल मुर्मू ने प्रदेश सचिव नियुक्त करने पर झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर झारखंड के ग्रामीण




विकास मंत्री सह विधायक दल नेता आलमगीर आलम एवं झारखंड प्रदेश नवनियुक्त महासचिव तनवीर आलम को धन्यवाद दिया एवं उनके प्रति आभार प्रकट किया उन्होंने कहा कि जिस विश्वास के साथ मुझे जिम्मेदारी दी गई है उस विश्वास की कसौटी पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगा मौके पर उपस्थित प्रखंड उपाध्यक्ष नकुल राय मकबूल अंसारी इकबाल अंसारी आदि उपस्थित थे।

# गंदे नाले का पानी निकासी की समस्या से जूझ रहे बड़ी अलीगंज के मोहल्ले वासी.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड़ नगर परिषद क्षेत्र के बड़ी अलीगंज वार्ड संख्या एक और दो के लोग नाली के पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसे तो लगभग 2100 की आबादी व 1300 मतदाता वाले बड़ी अलीगंज मुहल्ले की अधिकांश सड़कें बनी है। कुछ जगह पर ही अभी सड़क बन पायी है। मुहल्लेवासियों का कहना है कि नालियों की सफाई तो होती है, पर महज खानापूर्ति के कारण नालियां बजबजायी रहती है। बरसात हो या ठंड हो नालियों की गंदगी सड़क पर आ जाती है। कई जगह तो नाली नहीं बनने के कारण व उस पर ढक्कण नहीं होने के कारण भी नाली से निकलने वाले दुर्गंध के अलावे अन्य परेशानियां भी लोगों को झेलनी पड़ रही है।, जिस कारण लोगों को नाला का गंदे पानी की समस्या भी है। पानी




निकासी को लेकर कोई व्यवस्था नहीं किया गया. है। नगर परिषद की ओर से सफाई के लिए भी महज खानापूर्ति ही की जाती है। यही कारण है कि नालियों की सफाई ठीक ढंग से नहीं किया जा रहा है।आम लोगों को भी जागरूक करने की है आवश्यकताः मुह के अधिकांश नालियों में लोग घर से निकलने वाले कचड़े डाल देते हैं। जिस कारण भी नालियां जाम हो जाती है और नालियों में बहने वाला पानी सड़क पर आ जाता है। नगर परिषद के पदाधिकारियों के अलावे कई सामाजिक संगठनों ने भी आम लोगों से अपील किया है कि घर से निकलने वाले कचड़े को डस्टबिन में रखें और नगर परिषद की ओर से कचड़ा उठाव के लिए पहुंचे वाहन के कर्मी को कचड़ा दें। इसे लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाने की भी आवश्यकता है।

# जरूरी दवाओं का मुफ्त वितरण

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**

पाकुड़/पाकुड़िया प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र छोटा उदालबनी आदि अन्य गांवों में रविवार को सरकार के चल चिकित्सा वाहन द्वारा गांवों के बीमार लोगों का जांचोपरांत ईलाज किया गया। साथ ही उन लोगों के बीच जरूरी दवाओं का मुफ्त वितरण भी किया गया। चल चिकित्सा वाहन में मौजूद डॉक्टर आंद्रेस मरांडी फार्मासिस्ट जमीरुल इस्लाम अपने सहयोगी एएनएम सावित्री पंडित के साथ दर्जनो गरीब जरूरतमंद रोगियों का इलाज किया, साथ ही उन्हें बेहतर चिकित्सकीय परामर्श के साथ ही सुई एवं दवा देकर इसे समय पर लेने का सुझाव दिया, मौके पर डॉ मरांडी ने बताया कि वर्तमान मैं बदले मौसम एवं अचानक बढ़ी गर्म हवा ,बारिश एवं धूप के कारण गांवों में लोग सर्दी , खांसी टाइफाइड,




मलेरिया , बुखार और बदन दर्द ,सर दर्द से पीड़ित पाये गए, जानकारी का अभाव, दूरी , गरीबी, पैसे की कमी होने के कारण ये लाचार बीमार व्यक्ति डॉक्टर के पास नहीं जा पाते हैं। इसीलिए सरकार की चलाई गई योजना चल चिकित्सा वाहन के द्वारा हम अक्सर जरूरतमंदों तक पहुंचकर उनका सही इलाज करते हैं, इधर मुफ्त डॉक्टरी ईलाज , परामर्श और दवा पाकर गरीबों के चेहरे पर खुशी देखी गई । बाद में वाहन अगले महेशपुर के पथरा गांव की ओर ईलाज हेतु रवाना हो गया।

# कब मिलेगी निजात गंदगी से फतेहपुर को जब तक विवेक के घंटे नहीं बजेगी तब तक स्वच्छ नहीं होगा।

**दैनिक समाज जागरण फतेहपुर संवाददाता विपुल गोस्वामी**

फतेहपुर प्रखंड मुख्यालय के फतेहपुर ग्राम पंचायत हटिया प्रांगण के सड़क स्वच्छता के नाम पर धब्बा है ।देखा जाए तो पत्रकारों द्वारा इस सड़क का कई बार खबर को प्रकाशित किया गया था। नतीजा यह हुआ था कि प्रशासन हड़कंप में आकर हर गृह मालिक को चेतावनी दे डाला था कि अपना व्यवहारिक पानी को नियंत्रण में रखें। बस कुछ दिनों तक पानी का नियंत्रण करने के वजह से सड़क साफ सुथरा था। कालांतर में फिर से ही सड़क पर पानी निकासी करना उचित है क्या ? यह घिनौनी हरकत नहीं है ,या स्वच्छता का नाम पर यह कलंक नहीं है, एक तो केंद्र सरकार स्वच्छता को लेकर अभियान चलाएं अभियान के तहत रूपया पैसा पानी की तरह बहाए बड़े-बड़े बैनर लगाए गए पर स्वच्छता पर काबू नहीं पाए जिसका ज्वलंत उदाहरण पूरे फतेहपुर है। जानकारो का एवं बुद्धिजीवियों का माने तो जब तक स्थानीय लोगों का



मानसिक स्थिति पर स्वच्छता का मुहर नहीं लगेगा ,तब तक कितनों ही मुहिम अभियान छोड़ा जाए, लेकिन कोई असर नहीं होगा । उक्त सड़क होते हुए बहुत से बच्चे बच्चियां पठन-पाठन के लिए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जाते हैं, बहुत से मंदिर भी है जहां भक्त श्रद्धालु पूजा अर्चना करते हैं, सभी को गंदा पानी से गुजरना पड़ता है। बच्चों की मानसिक स्थिति को देखा जाए तो सोचता होगा समझता होगा की पठन-पाठन के लिए अन्यत्र सड़क होना अति आवश्यक है क्योंकि इस सड़क में पानी के साथ कीचड़ दयनीय स्थिति को दशार्ता है ।सरकार फतेहपुर क्षेत्र को शहरी क्षेत्र घोषित कर दिया है, जो लिखित मापदंड में सीमित है ।स्वच्छता की ओर कोई ध्यान देते ही नहीं, स्थानीय जनप्रतिनिधि ,स्थानीय लोग अगर इस पर अमल नहीं करें तो बाहरी लोग और पदाधिकारी कब तक अमल करेंगे, यानी कुल मिलाकर विवेक के दृष्टिकोण से स्वच्छता के पाठ नहीं पढ़ कर अमल करने की जरूरत है

# कुंडहित में एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन, 8 टीमों ने लिया भाग लिया।

**कुंडहित प्रखंड से दैनिक समाज जागरण संवाददाता शेख समीम की रिपोर्ट**

रविवार को कुंडहित मुख्यालय स्थित बाउरी पाड़ा क्रिकेट मैदान में एक दिवसीय जय मां सिंहवाहिनी क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। वही टूनार्मेंट का उद्घाटन जिला परिषद सदस्या रीना मंडल एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य भजहरी मंडल ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर जिला परिषद सदस्या रीना मंडल ने कहा कि खेल आपसी भाईचारे का प्रतीक है। इसमें किसी की हार जीत नहीं होती है। वही पूर्व जिला परिषद सदस्य भजहरी मंडल ने सभी खिलाड़ियों के हौसले को अफजाई करते हुए कहा कि खेल जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है ।चाहे वह कोई भी खेल क्यों न हो, यह शरीर से जुड़ा तंत्र है। कहा की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से आपसी भाईचारा तथा एकता की भावना का विकास होता है। खिलाड़ियों को अनुशासन के साथ मन लगाकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने का आह्वान किया।उद्घाटन मैच क्रिकेट टीम माखन 11 और खजूरी के बीच




खेला गया।

वही फाइनल मैच रोनी एलेवेन बनाम संजू एलेवन बीच खेला गया। जिसमें रोनी एलेवन विजेता एवं संजू एलेवेन उपविजेता रहे। मौके पर समाजसेवी राजू राय, कुंदन गोस्वामी ,शिक्षक विपिन बाउरी, सन्यासी बाद्यकर के द्वारा विजेता टीम को ङ्ग7500 एवं उपविजेता टीम को ङ्ग5500 का पुरस्कार वितरण किया गया। साथ ही ट्राफी भी दिया गया। मौके पर जय मां सिंहवाहिनी क्रिकेट टूनार्मेंट के सदस्य संजीव कुमार, झूलन बाउरी, श्यामोल कुमार, विश्वजीत चक्रवर्ती, बिंदु ,सौरव बाउरी, भीम बाउरी, हरेकृष्णा के अलावे काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## सामाजिक एवं स्वावलंबी बनाने के लिए यूथ क्लब ने कसी कमर,किया ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**

पाकुड़यूथ क्लब पाकुड़िया द्वारा गांव का भ्रमण करते समय राजदहा गांव



में फूलो झानो मुर्मू पुरुष स्वयं सहायता समूह बैठक किया गया। ऐसा पहली बार यूथ क्लब अपना भागीदारी रूप पहल करने जा रही है पहली बार सुनने को मिला है कि पुरुष स्वयं सहायता समूह को चलाने के लिए सभी गांव से यूथ क्लब मांग करती है प्रत्येक गांव या मोहल्ले से पुरुषों का सहायता समूह बनाया जाए अपनी सामाजिक एवं स्वावलंबी बनाने के लिए हम सभी भागीदारी रहे । इसमें उपस्थित क्लब के सचिव रविंद्र मरांडी उपाध्यक्ष इलियास किस्कू, मुख्य सलाहकार ग्राम प्रधान विकास सोरेन बुद्धिनाथ मुर्मू, उकील टुडू, बबलू मुर्मू, चुन्दा मुर्मू आदि ग्रामीण मौजूद थे।

## मानवाधिकार पर कार्यक्रम का आयोजन की शुरूआत संविधान की प्रस्तावना के पाठ से किया गया.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड़/ यूनाइटेड मिल्ली फोरम पाकुड़ इकाई के द्वारा कशीला मोड के पास आजाद पब्लिक स्कूल परिसर में मानवाधिकार पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संविधान की प्रस्तावना के पाठ से किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रांची से आए फोरम



के प्रदेश महासचिव अफजल अनीस ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का उद्देश्य लोगों को सस्ती दर पर पर्याप्त मात्रा में उत्तम खाद्यान्न उपलब्ध कराना है ताकि उन्हें खाद्य एवं पोषण सुरक्षा मिले और वे सम्मान के साथ जीवन जी सके लेकिन झारखंड में देखा जा रहा है कि पिछले तीन चार महीने से ग्रीन कार्ड के लाभुकों को राशन नहीं मिल पा रहा है। प्राथमिक परिवार को प्रधान मंत्री कल्याण राहत कोष का अतिरिक्त राशन नहीं मिल पा रहा है। अधिकतर स्थानों पर बड़े पैमाने में डीलर द्वारा भ्रष्टाचार का मामला देखने को मिलता है। शिकायत कहां करे इसकी जानकारी या तो लाभुक को नहीं होती या वह डरते हैं कि कहीं डीलर उनका राशन रद्द नहीं करा दे। जबतक लोग जागरूक नहीं होंगे जन वितरण प्रणाली में जो भ्रष्टाचार है उस पर अंकुश नहीं लगा सकते। कार्यक्रम में अल्पसंख्यकों पर शिक्षा के मौलिक अधिकार पर अमन प्रयास के संयोजक प्रवीर पीटर ने,इस्लाम में शिक्षा का महत्व पर वेल्फेयर ट्रस्ट के संपादक मास्टर अशरफ,मनरेगा,आंगनबाड़ी,मध्याह्न भोजन के सोसल ऑडिट पर अनंत कुमार मंडल,कानूनी रूप से नागरिकों के अधिकार पर एपीसीआर के राज्य सचिव जियाउल्लह, एफ आई आर पर यू.एम.एफ. के सह सचिव एडवोकेट मिन्हाज अख्तर ने अपनी बात रखी।

स्वागत मो हैदर,धन्यवाद ज्ञापन मुबारक हुसैन ने तथा संचालन फोरम के जिला संयोजक मुजफ्फर हुसैन ने किया।

## बीमारी से जूझ रही महिला को पत्रकार ने दिया खुन.

### रक्त की एक बून्द एक जीवन को बचा सकता हैः काजीरुल

संवाददाता अभिषेक तिवारी

पाकुड़/ जिला मुख्यालय के युवा पत्रकार ने सदर प्रखंड के मनीरामपुर गांव के एक गंभीर बीमारी से जूझ रहे महिला को रक्तदान किया।जानकारी के



अनुसार मनीरामपुर गांव निवासी मुस्तरा खातून कुछ दिन से गंभीर बीमारी से जूझ रही है ।मुस्तरा के शरीर में मात्र 2 पॉइंट हिमोग्लोबिन था परिवार वालों ने पिछले 3 दिन पहले मुस्तरा को शहर स्थित अजान नर्सिंग होम में भर्ती कराया था ।2 पॉइंट खून के साथ गंभीर हालत में जिंदगी और मौत से जूझ रही उक्त महिला की खबर सोशल मीडिया के व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए बी पोजेटीव रक्त की मांग की जा रही थी ।पाकुड़ के युवा पत्रकार मो० काजीरुल शेख को जब इसकी सूचना मिली तो उन्होंने त्वरित आजान नर्सिंग होम पहुंच एक यूनिट रक्तदान किया ।कई बार रक्तदान कर चुके मो० काजीरुल शेख ने बताया कि ऐसे तो हम पत्रकारिता समाजहित में ही किया करते हैं ।अहले सुबह से देर रात की कौन बात करे हम चौबीसो घंटे दूसरों के लिए तैयार रहते हैं, ऐसे में मेरा खून किसी के काम आ जाये तो इससे बड़ा परोपकार का कोई और काम नहीं हो सकता,काजीरुल ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी को रक्तदान करना चाहिए वहीं रक्तदान के लिए प्रेरित भी करना चाहिए।

# बंगाली कल्याण समिति द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

( आर एन चौरसिया)

धनबाद , रविवार को हीरापुर हरिमंदिर परिसर में चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन बंगाली कल्याण समिति के महिला प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। चित्रांकन प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों मे कला के प्रति रुचि जगाना




। प्रतियोगिता में एल के जी से लेकर स्टैंडर 12ँ के विद्यार्थियों को कुल चार भागों में बाटकर लिया गया ।जिसमें कुल 180 प्रतियोगी शामिल हुए। प्रतियोगिता में शमिल प्रत्येक प्रतियोगी को समिति द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता में श्रीमति संचिता बक्शी तथा श्रीमति मौसमी आइच ने निर्णायक की भूमिका निभाई। ग्रुप डी से डी ए भी के तमन्ना गुप्ता प्रथम, डी ए भी के निर्झर बक्शी द्वितीय तथा धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक ब्रांच के कृष्णेंदु शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप सी मेंकिड्स गार्डेन हीरापुर के अमन कुमार प्रथम, डी नोबली सी एम आर आई के स्वरंजलि चक्रवर्ती द्वितीय तथा आर एस भी एम धनबाद के अंजली कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप बी में साकची कुमारी प्रथम, डी नोबली सी एम आर आई के अनन्या चौधरी , द्वितीय तथा ब्राइट पब्लिक स्कूल के सोमा दास ,तृतीय स्थान प्राप्त की। ग्रुप ए में रितानिया मंडल प्रथम, सोमौश्री राय , द्वितीय तथा साननूई सेन तृतीय स्थान प्राप्त की ।कार्यक्रम को सफल बनाने में बंगाली कल्याण समिति के रूमा घोष, सुजाता रंजन, मधुमिता विश्वास, लीना मोइत्रा, सोमा डे, मिताली घोष रिनी पांजा, शुक्ला चटर्जी, आरती पाल सहित अन्य लोगों की सराहनीय भूमिका रही।